नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 13
नई दिल्ली, शुक्रवार, 17 नवंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

www.dailypioneer.com


नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥



~ अनंत प्रेरणा, अप्रतिम विरासत ~

## परम आदरणीय सहाराश्री जी

## (1948 – 2023)

सहारा इंडिया परिवार के मुख्य अभिभावक परम आदरणीय सहाराश्री जी दिनांक 14 नवंबर, 2023 को परलोक प्रस्थान कर गये हैं। शोक संतप्त समूचा सहारा इंडिया परिवार अपने प्रिय अभिभावक को गहन श्रद्धा अर्पित करता है।

उनकी चारित्रिक दृढ़ता, उनके व्यक्तित्व का आकर्षण और उपस्थिति का प्रभाव अब अक्षुण्ण स्मृति बन गये हैं। जीवन की आपाधापी को छोड़ चिरशांति की ओर प्रस्थान करने से पूर्व उन्होंने जिन लोगों के जीवन में आशा और उत्साह का संचार किया उन करोड़ों लोगों के लिए उनकी स्मृति अब एक बेशकीमती विरासत है।

व्यावसायिक हितों पर मानवीय भावनाओं को प्रमुखता देने का पाठ पढ़ाने वाला उनका विराट व्यक्तित्व मनुष्य की अपराजेय एवं अदम्य साहसपूर्ण भावना का प्रतिरूप था। उनका यह व्यक्तित्व हमें सदैव नयी दिशाओं में बढ़ने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

सहारा
इंडिया परिवार

WhatsApp number : +91 98399 90501 | Email Id : contact@sahara.in

पायनियर

नई दिल्ली, शुक्रवार, 17 नवंबर, 2023



ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, तृतीय तल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

सार्वजनिक सूचना प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा सह ई नीलामी

[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]

चल आस्तियों की बिक्री हेतु सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत चल आस्तियों की बिक्री के लिए ई नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित चल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/सह कर्जदारों /गारंटरों का नाम ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति(यों) का विवरण, ज्ञात ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि | सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | एम्पायर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (कर्जदार) एम पी एंटरप्राइजेज ऐंड एसोसिएट्स लिमिटेड, अभिषेक मधुकर पाठक (सह–कर्जदार) एलएएन नंबर LVPUN00034874752 UVPUN00041122284 | जेबीएम सिटी लाइफ बस सीएनजी बीएस IV एसी रजिस्ट्रेशन नंबर UP16ET0681 विनिर्माण : 2016 | रू. 56,50,765.2/ 16 11 2023 तक | रू. 17,50,000/ रू. 1,75,000/– | 01–12–2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 22–12–2023 पूर्वा. 11.00 से अप. 01.00 बजे तक |
| 2. | एम्पायर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (कर्जदार) एम पी एंटरप्राइजेज ऐंड एसोसिएट्स लिमिटेड, अभिषेक मधुकर पाठक (सह–कर्जदार) एलएएन नंबर LVPUN00034889485 UVPUN00041122262 | जेबीएम सिटी लाइफ बस सीएनजी बीएस IV एसी रजिस्ट्रेशन नंबर UP16ET1063 विनिर्माण : 2016 | रू. 57,44,425.4/– 16–11–2023 तक | रू. 17,50,000/– रू. 1,75,000/– | 01 12 2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 22–12–2023 पूर्वा. 11.00 से अप. 01.00 बजे तक |
| 3. | एम्पायर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (कर्जदार) एम पी एंटरप्राइजेज ऐंड एसोसिएट्स लिमिटेड, अभिषेक मधुकर पाठक (सह–कर्जदार) एलएएन नंबर LVPUN00034889542 UVPUN00041122306 | जेबीएम सिटी लाइफ बस सीएनजी बीएस IV एसी रजिस्ट्रेशन नंबर UP16ET1061 विनिर्माण : 2016 | रू. 57,44,425.4/– 16–11–2023 तक | रू. 17,50,000/ रू. 1,75,000/– | 01–12–2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 22 12 2023 पूर्वा. 11.00 से अप. 01.00 बजे तक |
| 4. | एम्पायर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (कर्जदार) एम पी एंटरप्राइजेज ऐंड एसोसिएट्स लिमिटेड, अभिषेक मधुकर पाठक (सह–कर्जदार) एलएएन नंबर LVPUN00034889700 UVPUN00041122265 | जेबीएम सिटी लाइफ बस सीएनजी बीएस IV एसी रजिस्ट्रेशन नंबर UP16ET1062 विनिर्माण : 2016 | रू. 57,44,425.4/– 16–11–2023 तक | रू. 17,50,000/– रू. 1,75,000/– | 01–12–2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 22 12 2023 पूर्वा. 11.00 से अप. 01.00 बजे तक |
| 5. | एम्पायर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (कर्जदार) एम पी एंटरप्राइजेज ऐंड एसोसिएट्स लिमिटेड, अभिषेक मधुकर पाठक (सह–कर्जदार) एलएएन नंबर LVPUN00035024940 UVPUN00041122158 | जेबीएम सिटी लाइफ बस सीएनजी बीएस IV एसी रजिस्ट्रेशन नंबर UP16ET1416 विनिर्माण : 2016 | रू. 58,58,071.9/– 16–11–2023 तक | रू. 17,50,000/– रू. 1,75,000/– | 01–12–2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 22–12–2023 पूर्वा. 11.00 से अप. 01.00 बजे तक |
| 6. | एम्पायर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (कर्जदार) एम पी एंटरप्राइजेज ऐंड एसोसिएट्स लिमिटेड, अभिषेक मधुकर पाठक (सह–कर्जदार) एलएएन नंबर LVPUN00035024948 UVPUN00041122149 | जेबीएम सिटी लाइफ बस सीएनजी बीएस IV एसी रजिस्ट्रेशन नंबर UP16ET1415 विनिर्माण : 2016 | रू. 58,58,071.9/ 16 11 2023 तक | रू. 17,50,000/– रू. 1,75,000/– | 01 12 2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 22 12 2023 पूर्वा. 11.00 से अप. 01.00 बजे तक |
| 7. | एम्पायर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (कर्जदार) एम पी एंटरप्राइजेज ऐंड एसोसिएट्स लिमिटेड, अभिषेक मधुकर पाठक (सह–कर्जदार) एलएएन नंबर LVPUN00035024964 UVPUN00041122182 | जेबीएम सिटी लाइफ बस सीएनजी बीएस IV एसी रजिस्ट्रेशन नंबर UP16ET1419 विनिर्माण : 2016 | रू. 58,58,071.9/– 16–11–2023 तक | रू. 17,50,000/– रू. 1,75,000/– | 01 12 2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 22 12 2023 पूर्वा. 11.00 से अप. 01.00 बजे तक |
| 8. | एम्पायर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (कर्जदार) एम पी एंटरप्राइजेज ऐंड एसोसिएट्स लिमिटेड, अभिषेक मधुकर पाठक (सह–कर्जदार) एलएएन नंबर LVPUN00035024971 UVPUN00041122207 | जेबीएम सिटी लाइफ बस सीएनजी बीएस IV एसी रजिस्ट्रेशन नंबर UP16ET1420 विनिर्माण : 2016 | रू. 58,58,071.9/– 16–11–2023 तक | रू. 17,50,000/ रू. 1,75,000/ | 01–12–2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 22 12 2023 पूर्वा. 11.00 से अप. 01.00 बजे तक |
| 9. | एम्पायर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (कर्जदार) एम पी एंटरप्राइजेज ऐंड एसोसिएट्स लिमिटेड, अभिषेक मधुकर पाठक (सह–कर्जदार) एलएएन नंबर LVPUN00035024984 UVPUN00041122134 | जेबीएम सिटी लाइफ बस सीएनजी बीएस IV एसी रजिस्ट्रेशन नंबर UP16ET1412 विनिर्माण : 2016 | रू. 58,58,071.9/– 16–11–2023 तक | रू. 17,50,000/– रू. 1,75,000/– | 01–12–2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 22–12–2023 पूर्वा. 11.00 से अप. 01.00 बजे तक |
| 10. | एम्पायर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (कर्जदार) एम पी एंटरप्राइजेज ऐंड एसोसिएट्स लिमिटेड, अभिषेक मधुकर पाठक (सह कर्जदार) एलएएन नंबर LVPUN00035025005 UVPUN00041122109 | जेबीएम सिटी लाइफ बस सीएनजी बीएस IV एसी रजिस्ट्रेशन नंबर UP16ET1413 विनिर्माण : 2016 | रू. 58,58,071.9/– 16–11–2023 तक | रू. 17,50,000/– रू. 1,75,000/ | 01–12–2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 22–12–2023 पूर्वा. 11.00 से अप. 01.00 बजे तक |
| 11. | एम्पायर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (कर्जदार) एम पी एंटरप्राइजेज ऐंड एसोसिएट्स लिमिटेड, अभिषेक मधुकर पाठक (सह–कर्जदार) एलएएन नंबर LVPUN00035025012 UVPUN00041122112 | जेबीएम सिटी लाइफ बस सीएनजी बीएस IV एसी रजिस्ट्रेशन नंबर UP16ET1409 विनिर्माण : 2016 | रू. 58,57,240.2/– 16–11–2023 तक | रू. 17,50,000/ रू. 1,75,000/– | 01 12 2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 22 12 2023 पूर्वा. 11.00 से अप. 01.00 बजे तक |
| 12. | एम्पायर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (कर्जदार) एम पी एंटरप्राइजेज ऐंड एसोसिएट्स लिमिटेड, अभिषेक मधुकर पाठक (सह कर्जदार) एलएएन नंबर LVPUN00035025021 UVPUN00041122128 | जेबीएम सिटी लाइफ बस सीएनजी बीएस IV एसी रजिस्ट्रेशन नंबर UP16ET1410 विनिर्माण : 2016 | रू. 58,58,071.9/– 16–11–2023 तक | रू. 17,50,000/– रू. 1,75,000/ | 01–12–2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 22 12 2023 पूर्वा. 11.00 से अप. 01.00 बजे तक |
| 13. | एम्पायर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (कर्जदार) एम पी एंटरप्राइजेज ऐंड एसोसिएट्स लिमिटेड, अभिषेक मधुकर पाठक (सह–कर्जदार) एलएएन नंबर LVPUN00035027693 UVPUN00041122101 | जेबीएम सिटी लाइफ बस सीएनजी बीएस IV एसी रजिस्ट्रेशन नंबर UP16ET1411 विनिर्माण : 2016 | रू. 58,51,874.9/ 16 11 2023 तक | रू. 17,50,000/– रू. 1,75,000/– | 01–12–2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 22–12–2023 पूर्वा. 11.00 से अप. 01.00 बजे तक |
| 14. | एम्पायर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (कर्जदार) एम पी एंटरप्राइजेज ऐंड एसोसिएट्स लिमिटेड, अभिषेक मधुकर पाठक (सह कर्जदार) एलएएन नंबर LVPUN00035054044 UVPUN00041122238 | जेबीएम सिटी लाइफ बस सीएनजी बीएस IV एसी रजिस्ट्रेशन नंबर UP16ET1423 विनिर्माण : 2016 | रू. 59,55,672.9/– 16–11–2023 तक | रू. 17,50,000/– रू. 1,75,000/ | 01–12–2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 22–12–2023 पूर्वा. 11.00 से अप. 01.00 बजे तक |
| 15. | एम्पायर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (कर्जदार) एम पी एंटरप्राइजेज ऐंड एसोसिएट्स लिमिटेड, अभिषेक मधुकर पाठक (सह–कर्जदार) एलएएन नंबर LVPUN00035054053 UVPUN00041122086 | जेबीएम सिटी लाइफ बस सीएनजी बीएस IV एसी रजिस्ट्रेशन नंबर UP16ET1421 विनिर्माण : 2016 | रू. 59,63,965.2/ 16 11 2023 तक | रू. 17,50,000/ रू. 1,75,000/– | 01–12–2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 22–12–2023 पूर्वा. 11.00 से अप. 01.00 बजे तक |
| 16. | एम्पायर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (कर्जदार) एम पी एंटरप्राइजेज ऐंड एसोसिएट्स लिमिटेड, अभिषेक मधुकर पाठक (सह कर्जदार) एलएएन नंबर LVPUN00035054069 UVPUN00041122220 | जेबीएम सिटी लाइफ बस सीएनजी बीएस IV एसी रजिस्ट्रेशन नंबर UP16ET1422 विनिर्माण : 2016 | रू. 59,63,965.26/– 16–11–2023 तक | रू. 17,50,000/– रू. 1,75,000/ | 01–12–2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 22 12 2023 पूर्वा. 11.00 से अप. 01.00 बजे तक |
| 17. | एम्पायर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (कर्जदार) एम पी एंटरप्राइजेज ऐंड एसोसिएट्स लिमिटेड, अभिषेक मधुकर पाठक (सह–कर्जदार) एलएएन नंबर LVPUN00035054113 UVPUN00041122248 | जेबीएम सिटी लाइफ बस सीएनजी बीएस IV एसी रजिस्ट्रेशन नंबर UP16ET1424 विनिर्माण : 2016 | रू. 59,63,442.1/– 16–11–2023 तक | रू. 17,50,000/– रू. 1,75,000/– | 01 12 2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक | 22–12–2023 पूर्वा. 11.00 से अप. 01.00 बजे तक |
| 18. | एम्पायर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (कर्जदार) एम पी एंटरप्राइजेज ऐंड एसोसिएट्स लिमिटेड, अभिषेक मधुकर पाठक (सह–कर्जदार) एलएएन नंबर LVPUN00035025002 UVPUN00041122191 | जेबीएम सिटी लाइफ बस सीएनजी बीएस IV एसी रजिस्ट्रेशन नंबर UP16ET1418 विनिर्माण : 2016 | रू. 58,58,071.9/– 16–11–2023 तक | रू. 17,50,000/ रू. 1,75,000/– | 01 12 2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01. 00 बजे तक | 22–12–2023 पूर्वा. 11.00 से अप. 01.00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेन्सी बिडकरो (BidKaro) की वेबसाइट (यूआरएल लिंक – https://bidkaro.net) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 21–12–2023 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (कालम ई देखें) सहित अपनी ऑफर एक सीलबंद लिफाफे में, जिसके ऊपर सेवा में आईसीआईसीआई बैंक लि., प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, तृतीय तल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली 110005 "आस्ति के क्रय हेतु ऑफर" शीर्षांकित किया गया हो 21–12–2023 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी चाहिए। मार्केटिंग एजेन्सी बिडकरो (BidKaro) – चतुर्थ तल, 419, डी मॉल, सेक्टर–10, रोहिणी, दिल्ली–110085 को नीलामी के समुचित संचालन हेतु नीलामकर्ता के भी रूप में अनुबंधित किया गया है। धरोहर राशि जमा डीडी/पीओ किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड" के पक्ष में दिल्ली में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के मोबाइल नम्बर 8584874809/9372730494/8126013708 पर अथवा बिडकरो (BidKaro) के 9990710226 पर सम्पर्क करें।

निविदाएं जो बैंक/ई–नीलामी विक्रेता पदाधिकारी द्वारा सम्यक् प्राप्त की गई हैं तथा पूर्ण विवरण के साथ कट–ऑफ समय से पूर्व पंजीकृत हैं, नीलामी हेतु विचारित की जाएंगी।

प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की वेबसाइट देखें : www.icicibank.com/n4p4s

तिथि : 17 नवम्बर, 2023 — प्राधिकृत अधिकारी

स्थान : दिल्ली/एनसीआर — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# छठ को लेकर लोगों में उत्साह, 77 घाट चिन्हित

## कई सोसाइटी में स्विमिंग पूल और कृत्रिम तालाब बनाकर तैयार, डीएम ने किया हिंडन का निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में महा पर्व छठ को लेकर लोगों में उत्साह है। लाखों लोग इस त्योहार को मानते हैं। गाजियाबाद प्रशासन ने 77 जगह चिह्नित की है। जहां महा पर्व छठ का त्योहार मनाया जाता है। हालांकि कई सोसाइटी में स्विमिंग पूल में और कृत्रिम तालाब बनाकर भी इस त्योहार को मनाया जाता है। सबसे अधिक भीड़ हिंडन नदी के घाटों पर होती है। गाजियाबाद के जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह गुरुवार को इसका जायजा लेने हिंडन नदी पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि 19 तारीख से पहले सभी तैयारी पूर्ण कर ली जाएगी। 12 तारीख को हरिद्वार में पूजा करके 1500 क्यूसेक पानी छोड़ दिया जाता है। जो यहां श्रद्धालुओं को साफ और शुद्ध मिलेगा। इसके अलावा सबसे अधिक यहां भीड़ होने के चलते साफ-सफ ाई एम्बुलेंस दमकल विभाग और मोबाइल टॉयलेट आदि की व्यवस्था भी की जाएगी। छठ महोत्सव समिति करहेड़ा के संस्थापक नरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि इस साल बाढ़ आने से छठ के लिए बनाए गए सभी स्थल बह गए थे। इसके बाद उन लोगों ने खुद यहां तैयारी शुरू की है। नगर निगम की तरफसे सिर्फयहां पर पुताई की गई है। अब देखना होगा कि प्रशासन की तरफसे जो दावे किए जा रहे हैं की महापर्व छठ को लेकर किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।



हिंडन पर छठ घाट तैयार, नदी में जलकुंभी देखकर निराशा है श्रद्धालु।

### नहाय खाय के साथ शुरू होगा पर्व

*भगवान भास्कर की उपासना का पर्व नहाय खाय के साथ शुरू होने जा रहा है। चार दिन चलने वाले छठ पर्व का समापन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के उपरांत होगा। छठ व्रत कल नहाय खाय के साथ शुरू होगा जिसमें प्रसाद के रूप में सात्विक रूप से कददू.भात तैयार किया जाता है। इस दिन सूर्योदय 6 बजकर 45 मिनट पर होगा। वहीं सूर्यास्त शाम 5 बजकर 27 मिनट पर होगा। दूसरे दिन खरना होगा जिसमें व्रती गुड़ से बनी खीर खाकर 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू करेंगे। इस दिन का सूर्योदय सुबह 6 बजकर 46 मिनट पर और सूर्यास्त शाम 5 बजकर 26 मिनट पर होगा। छठ पूजा के तीसरे दिन व्रती अपने परिवार के सदस्यों के साथ नदी, सरोवर या तालाब पोखर में जाकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगे जो 19 नवंबर को होगा।*

### हिंडन नदी में जलकुंभी देख हो रही है निराशा

**गाजियाबाद।** नहाय खाय के साथ कल से छठ पूजा पर्व शुरू होने जा रहा है। हजारों की संख्या में छठ व्रती हिंडन घाट सहित अस्थाई घाटों, सोसायटियों में सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। छठ व्रतियों की सबसे अधिक संख्या हिंडन नदी पर उमड़ती है। जिसे लेकर पूर्वांचल समाज के साथ-साथ जिला प्रशासन, नगर निगम कई दिन पूर्व तैयारियों में जुट जाते हैं। लेकिन इन तैयारियों का कोई खास असर दिखाई नहीं दे रहा है।

हिंडन में पानी तो पर्याप्त मात्रा में पहुंच गया है लेकिन नदी जलकुंभी से अटी पड़ी है। पानी भी अभी काफी गंदा है। नदी में अभी तक सफाई न होने के कारण पूर्वांचल समाज के लोगों में नाराजगी दिख रही है। हालांकि पूजा वेदी, घाटों की साफ-सफाई का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। लेकिन मुख्य कार्य अर्घ्य देने का है जिसमें व्रतियों को गंदे जल में ही खड़े होने का मजबूर होना पड़ेगा। हालांकि दावा किया जा रहा है कि अर्घ्य देने से पूर्व नदी की सफाई करा दी जाएगी। 19 नवंबर को अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। तो वहीं 20 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। घाटों की मरम्मत कर उनका रंग रोगन भी किया जा रहा है। शिविर लगाए जा चुके हैं।

# अलग-अलग स्थानों पर तीन किशोरियों का अपहरण, मां के पास सो रहा मासूम बच्चा चोरी

- पुलिस ने मामला दर्ज किया, तलाश शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में अलग-अलग स्थानों से जहां तीन किशोरियों का अपहरण कर लिया गया, वहीं अपनी मां के पास सो रहे एक 9 माह के बच्चे को चोरी कर लिया गया। बच्चा चोरी होने से परिजनों और पुलिस में हड़कंप मचा हुआ है। मूल रूप से जनपद फिरोजाबाद निवासी कालिया ने नोएडा के थाना सेक्टर-20 में दर्ज कराई रिपोर्ट बताया कि वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ दीपावली पर सेक्टर-18 मार्केट में रंगोली बेचने के लिए गया था। उसने मेट्रो स्टेशन के पास रंगोली की दुकान लगाई हुई थी। 9 नवंबर की रात्रि को वह अपनी पत्नी को बच्चों के साथ मेट्रो स्टेशन के पास सो रहा था। सुबह के समय जब वह उठे तो उनका 9 महीने का बेटा उनके पास से गायब मिला। उन्होंने अपने बच्चों को काफी तलाश में का प्रयास किया, लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। इसी थाना क्षेत्र के सेक्टर-31 में रहने वाली काजल काल्पनिक नाम ने बताया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी बीते 14 नवंबर की शाम को घर से बिना बताए चली गई। उन्होंने जब अपनी बेटी के बारे में खोजबीन की तो पता चला कि सेक्टर-11 में साफ-सफाई का काम करने वाला दिलीप नामक युवक उनकी बेटी को बहला.फु सलाकर भाग ले गया है। थाना दादरी में कस्बा निवासी एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी 13 वर्षीय भतीजी 9 नवंबर से घर से गायब है।

काफ ी तलाशने पर भी उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। वहीं थाना जेवर में सिरसा खादर गांव निवासी रमेश काल्पनिक नाम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके 16 वर्षीय बेटी बीते 13 नवंबर को घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई उन्होंने जब उसकी तलाश की तो पता चला कि उसे पड़ोस में रहने वाला दीपक नामक युवक बहला-फु सलाकर भाग ले गया है।

# एल्विश की रेव पार्टी के कई राजदार, डायरी में मिले सबूत

- पुलिस को फिर मिली राहुल की रिमांड, बिग बॉस विनर से भी हो सकती है पूछताछ

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



एल्विश यादव

यूट्यूबर और बिग बॉस विनर एल्विश यादव और सांपों की तस्करी केस में राहुल के पास से मिली डायरी को आधार बनाकर पुलिस जांच कर रही है। डायरी में मिले फोन नंबर और मीडिएटर का इलेक्ट्रानिक डेटा बेस तैयार हो रहा है। इसमें सोशल मीडिया नेटवर्किंग साइट से भी डेटा लिया जा रहा है।

इस डेटा में उन पार्टियों के डेटा कलेक्ट किए जा रहे है, जिनके फुटेज वायरल किए गए। वहीं, पुलिस को राहुल की 24 घंटे की रिमांड मिल गई है। गुरुवार दोपहर 12 बजे से शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक पुलिस पूछताछ कर सकती है। पुलिस ने सुरजपुर की फास्ट ट्रैक कोर्ट में 14 दिन की रिमांड की अर्जी लगाई थी। रिमांड के दौरान राहुल से डायरी को लेकर पूछताछ होगी। एल्विश को भी बुलाया जा सकता है। इससे पहले पुलिस को राहुल समेत पांचों आरोपियों की 54 घंटे की रिमांड मिली थी। दीवाली की शाम 4 बजे तक रिमांड पूरी होने के बाद पांचों को कड़ी सुरक्षा के बीच जेल भेज दिया गया था।

दरअसल, इस केस में डायरी को अहम सबूत माना जा रहा है। सूत्रों की माने तो 54 घंटे की रिमांड पर पुलिस को साक्ष्य तो मिले लेकिन वो घटना क्रम का रीक्रिएशन नहीं कर सकी। इस बार रीक्रिएशन किया जाएगा। साथ ही एल्विश को नोएडा बुलाकर पूछताछ की जाएगी या नहीं आला अधिकारियों ही डिसाइड करेंगे। ये केस अब तक तीन लोग राहुल, एल्विश और फाजिलपुरिया के इर्द गिर्द ही घूम रहा है। लेकिन डायरी में मिले फैक्ट के बाद एल्विश के कई और करीबी भी इसमें आ सकते है। वहींए पुलिस अब वन्य जीन क्रूरता अधिनियम की धारा भी बढ़ाने जा रही है। इस केस में एक बार फिर से पुलिस ने अपना इलेक्ट्रानिक सर्विलांस सेल को एक्टिव कर दिया है। लगातार लोगों पर नजर रखी जा रही है। जयपुर गई टीम को भी वहां से एविडेंस मिले हैं। दरअसल, कई सांप ऐसे भी पार्टी में लाए जाते थे जो राजस्थान से आते थे। ऐसे में उन स्थानों की जानकारी पुलिस को मिली है। इस तरह से केस में अब दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और यूपी चारों प्रदेश में इसकी छानबीन की जा रही है। नोएडा के डूब क्षेत्र में बने फार्म हाउस में रेव पार्टी होती थी।

इसका पहले भी कई बार खुलासा हो चुका है। वहां पकड़े लोगों का डेटा भी तैयार किया जा रहा है। वहां से पकड़े गए लोगों का कनेक्शन भी इन लोगों से है या नहीं, इसकी भी जांच चल रही है। क्योंकि राहुल ने अपने बयान में बताया था कि वो कई बार नोएडा के फार्म हाउसों में भी पार्टी कर चुका है।

# सात डबल डेकर बस सीज, 43 के चालान

- दो बसों में लगी थी आग, नहीं मिला फिटनेस, सवारी थी ओवरलोड

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

बुधवार को एक्सप्रेस वे पर दो डबल डेकर बसों में आग लग गई। यात्रियों ने कूदकर अपनी जान बचाई। इसके बाद गुरुवार को यातायात पुलिस और संभागीय परिवहन अधिकारियों ने मिलकर डबल डेकर बसों के लिए अभियान चलाया। अभियान महामाया फ्लाई ओवर और सेक्टर.37 पर चलाया गया। यही से ये बसें सवारी को लेकर आगे लखनऊ, कानपुर, बिहार और अन्य राज्यों को जाती है। अभियान के तहत कुल 7 डबल डेकर बसों को सीज किया गया। इनके पास कागज पूरे नहीं थे साथ ये बसे अन फिट थी। सेक्टर 37 एवं महामाया फ्लाई ओवर



पर संयुक्त अभियान चलाकर प्राइवेट यात्री वाहनों के फिटनेस प्रमाण.पत्र एवं क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर ओवरलोड चलने वाले वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही की गई। प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त प्रथम, संभागीय परिवहन अधिकारी, यातायात निरीक्षक एवं यातायात कर्मियों द्वारा सघन चैकिंग की गई। अभियान चलाकर कुल 7 बस वाहनों डबल डेकर के विरूद्ध सीज की कार्यवाही व 43 वाहनों के विरूद्ध ई-चालान की कार्रवाई की गई।

# पेट्रोल पंप कर्मियों से 10 लाख लूटने वाला सरगना गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

कुछ दिन पूर्व इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में स्थित भारत पेट्रोल पंप के सुपरवाईजर अजब सिंह व सेल्समैन दीपक से मंगल चौक के पास लगभग दस लाख कैश लूटने वाले लुटेरों के गैंग के लीडर लैपर्ड उर्फअभिषेक को इंदिरापुरम थाने के एसएचओ योगेंद्र सिंह की टीम ने मुखबिर की सूचना के बाद दबोच लिया।

सूत्रों के अनुसार पकड़ में आये गैंग लीडर के पास से लूटी गई रकम में से शेष बचे लगभग दो लाख पचास हजार रुपये, हथियार व वाहन बरामद हुआ। बता कि उक्त लूट की वारदात के खुलासे के दौरान इंदिरापुरम एसएचओ योगेंद्र सिंह की टीम जहां एक बदमाश को लंगड़ा करके उसके पास से 38 हजार, हथियार व वाहन बरामद कर चुकी थी वहीं कुछ दिन पूर्व इस गैंग के कई और बदमाशों को गिरफ्तार कके छह लाख से अधिक रकम व हथियार बरामद कर चुकी है। दिल्ली एनसीआर में लूटपाट कने वाले गैंग के लीडर के सहित कई शातिर लुटेरों को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है।

# दो पक्षों में पथराव, एक की मौत, कई घायल

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के एक गांव में मामूली कहासुनी के बाद दो पक्ष आमने सामने आ गए। दोनों पक्षों की ओर से जमकर पथराव किया गया। इस दौरान हुई गोलीबारी की चपेट में आकर एक किशोर की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए।

घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए गांव में पुलिस फोर्स तैनात की गई है। इस मामले में ग्रेटर नोएडा की जेवर पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है। मामला ग्रेटर नोएडा की जेवर कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहवलीपुर का है। जहां देर रात मामूली कहासुनी के बाद दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। यह संघर्ष इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों की ओर से जमकर पथराव किया गया और गोलियां चलाई गईं। संघर्ष में दोनों पक्षों के एक किशोर समेत चार लोग घायल हो गए। इलाज के दौरान किशोर की मौत हो गई।

# ट्रैफिक के लिए जागरुक कर रही नोएडा पुलिस

- नुक्कड़ नाटक में यमराज की वेशभूषा में यातायात नियमों को बताया जा रहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत दुर्घटनाओं व इनमें होने वाली मौत के आकड़ों को कम करने के लिए अभियान चलाकर आमजन व वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है।

इस मौके पर 22 स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाकर लोगों को यातायात नियम बताए गए। इस मौके पर रोड सेफ्टी सैल द्वारा प्रचार-प्रसार वाहनों पर एलईडी के माध्यम से भी जागरूक किया गया। इस मौके पर यमराज और चित्रगुप्त की वेशभूषा में एनजीओ कर्मियों ने लोगों को जागरूक किया। वहीं बीते 15 दिनों में कुल 4 हजार 346 चालान ई चालान किए गए।



इसके अलावा मैन्युअल चालान भी किए गए। प्रदूषण की रोकथाम और ग्रेप का नियमों का उल्लंघन करने पर बीएस.3 और बीएस.4 वाहनों के 122 चालान किए गए। वायु प्रदूषण के मामले में 42 और ध्वनि प्रदूषण को लेकर 16 चालान किए गए। कुल 9 वाहनों को सीज किया गया।

दीवाली के चार दिन बीतने के बाद भी नोएडा का एक्यूआई 360 बना हुआ है। इसके अलावा ग्रेटरनोएडा में एक्यूआई 343 है। इसे बहुत खराब श्रेणी में रखा गया है। सुबह के समय रोजाना स्मॉग की सफेद चादर दिख रही है। आईएमडी के मुताबिक आने वाले दिनों में ठंड बढ़ेगी और कोहरा छाने की उम्मीद है। ऐसे में प्रदूषण का स्तर बढ़ सकता है। धूल के कण वाष्पन प्रक्रिया के जरिए वातावरण में जम जाएंगे। जिससे लोगों को और दिक्कत होगी।

4 राजधानी
प्रदूषण में वाहनों का योगदान सर्वाधिक

6 अभिमत
कृत्रिम बुद्धि : एक दोधारी तलवार

10 विदेश
चीन में आग लगने से 26 लोगों की मौत

12 स्पोर्ट्स
भुल्लर ने शानदार शुरुआत की



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 13
नई दिल्ली, शुक्रवार, 17 नवंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




पांच वर्षों में तीन हजार नई ट्रेनें शुरू करेगा रेलवे

राष्ट्रीय-11

# सुरंग में फंसे मजदूरों को चमत्कार का इंतजार

## उत्तरकाशी में सिल्कयारा सुरंग में फंसे 40 श्रमिकों बचाने के लिए पांचवे दिन भी प्रयास जारी, विदेशी विशेषज्ञों से मांगे गए सुझाव

- वायुसेना के विमानों से लाई गई शक्तिशाली ड्रिल मशीन ने शुरू किया काम, अधिकारियों के मुताबिक, फंसे मजदूरों की हालत ठीक
- मुख्यमंत्री धामी बोले, उत्तराखंड में बन रही सुरंगों की समीक्षा की जाएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** देहरादून



उत्तरकाशी में सिक्लयारा और डांडलगांव के बीच बन रही सुरंग, जहां पर हादसा हुआ है।

**उत्तराखंड** के उत्तरकाशी जिले में निर्माणाधीन सिल्कयारा सुरंग के अंदर फंसे 40 श्रमिकों को बचाने के लिए बचाव ने दल बृहस्पतिवार को पांचवें दिन भी प्रयास जारी रखा। अधिकारी नॉर्वे और थाईलैंड के विशेषज्ञों की भी मदद ले रहे हैं जो 2018 में थाईलैंड की एक गुफा में फंसी जूनियर फुटबॉल को बचाने में शामिल थे।

ड्रिल करने के पहले के प्रयास तकनीकी मुद्दों के कारण विफल होने के बाद तीन भारतीय वायु सेना के विमानों द्वारा ले जाए गए एक अधिक शक्तिशाली ड्रिल को साइट पर असेंबल कर बृहस्पतिवार को चालू कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि मशीन ने ड्रिलिंग शुरू कर दी है शाम तक नौ मीटर तक ड्रिल किया जा चुका है और ऑपरेशन जारी है। इससे पहले दिन में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री वीके सिंह ने भी बचाव प्रयासों की जांच के लिए दुर्घटनास्थल का दौरा किया। अधिकारियों के मुताबिक, अधिकारियों ने उत्तरकाशी में बचाव अभियान के संबंध में विशेष सुझाव के लिए नॉर्वे और थाईलैंड के विशेषज्ञों से भी संपर्क किया है। विदेशी विशेषज्ञ 2018 के दौरान थाईलैंड में एक गुफा से एक जूनियर फुटबॉल टीम के सदस्यों को बचाने में शामिल थे।

इस बीच, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री वीके सिंह ने भी स्थिति का जायजा लेने के लिए को सुरंग का दौरा किया। यह कहते हुए कि अधिकारी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं, उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी फंसे हुए श्रमिकों को जल्द ही सुरक्षित बचा लिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कुछ फंसे हुए श्रमिकों से भी बात की। उन्होंने कहा कि बचाव अभियान में तेजी लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। लगभग 40 मीटर लंबा हिस्सा मलबे से भर गया है। इस खंड के माध्यम से एक निकासी की सुरंग तैयार करने के प्रयास पहले विफल होने के बाद तीन आईएएफ सी1-30 विमानों ने एक भारी और अधिक शक्तिशाली ड्रिलिंग मशीन को उत्तरकाशी पहुंचाया। इस मशीन को असेंबल किया गया और सुरंग के अंदर चालू किया गया। अधिकारियों ने बताया कि सुबह साढ़े दस बजे से शाम साढ़े चार बजे तक नौ मीटर का हिस्सा कवर किया गया। कम से कम छह मीटर पाइप धकेलने का काम पूरा हो चुका था और शाम को दूसरे पाइप के लिए वेल्डिंग का काम चल रहा था। कार्यदायी एजेंसी एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों ने बताया कि सुरंग में फंसे सभी श्रमिकों को पर्याप्त भोजन, ऑक्सीजन और पीने के पानी के साथ-साथ बिजली की आपूर्ति भी उपलब्ध है।

सभी फंसे हुए श्रमिकों की हालत स्थिर बताई जा रही है। अधिकारी श्रमिकों को जल्द से जल्द बचाए जाने की उम्मीद कर रहे हैं, लेकिन बचाव अभियान पूरा करने में कितना समय लगेगा यह इस बात पर निर्भर करेगा कि ड्रिलिंग ऑपरेशन कैसे चलता है। महत्वाकांक्षी चार धाम परियोजना के तहत 853.79 करोड़ रुपये की लागत से राडी पास क्षेत्र के तहत निर्माणाधीन 4,531 मीटर लंबी सिल्कयारा सुरंग गंगोत्री और यमुनोत्री धुरी को जोड़ने वाली है। अधिकारियों का कहना है कि एक बार पूरा होने पर सुरंग तीर्थयात्रियों को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करने की सुविधा प्रदान करेगी तथा दुर्घटनाओं और भूस्खलन की आशंका वाली खड़ी पहाड़ी और संकीर्ण सड़कों के माध्यम से 26 किलोमीटर की दूरी और यात्रा का समय एक ( शेष पेज 9 )

# दक्षिण अफ्रीका को तीन विकेट से हराकर ऑस्ट्रेलिया फाइनल में भारत से भिड़ेगा

- दोनों टीमें 19 को एक दूसरे के होगी सामने

**भाषा।** कोलकाता



दक्षिण अफ्रीका का विकेट लेने के बाद प्रसन्नता व्यक्त करते ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी

**पांच** बार के चैम्पियन आस्ट्रेलिया ने गुरूवार को यहां दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को तीन विकेट से हराकर अपने आठवें विश्व कप फाइनल में प्रवेश किया जिसमें 19 नवंबर को अहमदाबाद में उसका सामना मेजबान भारत से होगा। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम डेविड मिलर की दबाव भरी परिस्थितियों में खेली गई 101 रन शतकीय पारी के बावजूद 49.4 ओवर में 212 रन पर सिमट गई।

आस्ट्रेलिया ने 47.2 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 215 रन बनाकर जीत हासिल की जिसमें शुरू में ट्रेविस हेड की 48 गेंद में 62 रन की अर्धशतकीय पारी ने अहम योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर तबरेज शम्सी (42 रन देकर दो विकेट), केशव महाराज (24 रन देकर एक विकेट) और ऐडन मार्कराम (23 रन देकर एक विकेट) ने शानदार गेंदबाजी कर आस्ट्रेलिया को आसानी से जीत हासिल नहीं करने दी। शम्सी ने मार्नस लाबुशेन (18 रन) और ग्लेन मैक्सवेल (01) के महत्वपूर्ण विकेट झटके। हालांकि हेड और डेविड वार्नर (18 गेंद में 29 रन) ने पावरप्ले में तेज शुरूआत की। दोनों ने दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों के खिलाफ तेजी से रन जुटाए जिससे दोनों ने पहले विकेट के लिए 38 गेंद में 60 रन की साझेदारी निभाई।

वार्नर के आउट होने के बाद मिचेल मार्श छह गेंद ही खेल पाए थे कि कागिसो रबाडा का शिकार होकर खाता भी नहीं खोल सके। हेड के साथ स्टीव स्मिथ (30 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 39 गेंद में 45 रन की साझेदारी की। स्मिथ के आउट होने के बाद जोश इंगलिस ने 49 गेंद में 28 रन का योगदान दिया। आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस (नाबाद 14 रन) और मिचेल स्टार्क (नाबाद 16 रन) ने फिर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। दक्षिण अफ्रीका फिर चोकर्स (दबाव में घुटने टेकने वाले) का ठप्पा हटाने में नाकाम रही और उसके शीर्ष क्रम के चार बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (03), तेम्बा बावुमा (शून्य), रासी वान डर डुसेन (06) और ऐडन मार्कराम (10) 12 ओवर में पवेलियन पहुंच गए थे जिससे उसका स्कोर चार विकेट पर 24 रन था।

मिचेल स्टार्क (10-।-34-3) और जोश हेजलवुड (8-3-12-2) ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाकर शुरूआती विकेट झटके। फिर बारिश की बाधा के कारण 40 मिनट के ब्रेक हुआ, तब दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 14 ओवर में चार विकेट पर 44 रन था। पर इसके बाद मिलर ने 116 गेंद में आठ ( शेष पेज 9 )

# इजराइल का गाजा के दक्षिण में व्यापक हमले का संकेत



गाजा में इजराइल के हवाई हमले के बाद उठता धुआं।

**एजेंसी।** खान यूनिस

- गाजा के दक्षिणी इलाके को बड़ी संख्या में लोग पहले ही छोड़ चुके हैं और संयुक्त राष्ट्र के आश्रय स्थल में आसरा ले रखा है

**इजराइली** बलों ने फलीस्तीनियों को दक्षिणी गाजा के कुछ हिस्सों से भागने की चेतावनी देते हुए पर्चे गिराए। यहां के निवासियों ने बृहस्पतिवार को कहा, यह उन क्षेत्रों में उनके हमले के संभावित विस्तार का संकेत है जहां सैकड़ों हजारों लोग पहले ही निकासी के आदेश का पालन करते हुए संयुक्त राष्ट्र के आश्रय स्थल में आसरा ले रखे हैं।

इस बीच, बुधवार तड़के शुरू हुई छापेमारी में सैनिकों ने उत्तर में शिफा अस्पताल की तलाशी जारी रखी। उन्होंने बंदूकें प्रदर्शित कीं। उनका कहना है कि ये एक इमारत में छिपी हुई पाई गईं, लेकिन उन्होंने अभी तक केंद्रीय हमास कमांड सेंटर का कोई सबूत जारी नहीं किया है, जिसके बारे में इज़राइल ने कहा है कि वह परिसर के नीचे छिपा हुआ है। हमास और गाजा के सबसे बड़े अस्पताल के कर्मचारी आरोपों से इनकार करते हैं। गाजा में 15 लाख से अधिक लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हो गए हैं, जिनमें से अधिकांश दक्षिण की ओर भाग गए हैं, जहां भोजन, पानी और बिजली की कमी बढ़ती जा रही है। यह स्पष्ट नहीं है कि वे और कहाँ जा सकते हैं, क्योंकि मिस्र ने अपनी धरती पर बड़े पैमाने पर स्थानांतरण की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। जंग अपने छठे सप्ताह में प्रवेश कर चुकी है। 7 अक्टूबर को दक्षिणी इज़राइल में हमास के व्यापक हमले के कारण शुरू हुआ था, जिसमें आतंकवादियों ने 1,200 से अधिक लोगों को मार डाला था। हमले शिकार लोगों में ज्यादातर नागरिक थे और लगभग 240 पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को पकड़ लिया था। इज़राइल ने हमास को सत्ता से हटाने और उसकी सैन्य क्षमताओं को कुचलने की कसम खाते हुए एक सप्ताह के हवाई अभियान और उत्तरी गाजा पर जमीनी आक्रमण के साथ जवाब दिया। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, 11,200 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं। इनमें से दो-तिहाई महिलाएँ और नाबालिग हैं। अन्य 2,700 लोगों के लापता होने की सूचना है, जिनमें से अधिकांश के मलबे में दबे होने की आशंका है। आधिकारिक गणना नागरिक और उग्रवादी मौतों के बीच अंतर नहीं करती है और इज़राइल का कहना है कि उसने हजारों उग्रवादियों को मार डाला है।

बृहस्पतिवार को बंदूकधारियों ने यरूशलेम को कब्जे वाले वेस्ट बैंक में इजराइली बस्तियों से जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर एक जांच चौकी पर चार लोगों को गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार, तीन हमलावर मारे गए, जिन्होंने कहा कि हमलावरों के पास असॉल्ट राइफलें, हैंडगन और कुल्हाड़ी थीं और वे यरूशलेम में बड़े पैमाने पर हमले की तैयारी कर रहे थे।

# प्रदूषण गंभीर श्रेणी में, एसटीएफ का गठन

- डीपीसीसी ने एनजीटी को बताया, स्मॉग टावर प्रदूषण को रोकने के लिए व्यावहारिक समाधान नही
- प्रदूषण के लिए अन्य राज्यों को दोष देना हल नहीं है, असली समाधान दिल्ली में ही है: एलजी

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली




नई दिल्ली में बृहस्पतिवार को धुंध के बीच सफर तय करते वाहन। फोटोः रंजन डिमरी

**वायु** गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) गंभीर श्रेणी में पहुंचने के साथ ही दिल्ली सरकार ने बृहस्पतिवार को आने वाले दिनों में प्रदूषण से निपटने के लिए केंद्र की वायु प्रदूषण नियंत्रण योजना में उल्लिखित उपायों को सख्ती से लागू करने के लिए छह सदस्यीय विशेष टास्क फोर्स (एसटीएफ) के गठन की घोषणा की। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के अनुसार, एसटीएफ का नेतृत्व विशेष सचिव (पर्यावरण) करेंगे और इसके सदस्यों में परिवहन, यातायात, राजस्व, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। दूसरी ओर, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) को सूचित किया कि स्मॉग टावर प्रदूषण को रोकने के लिए एक 'व्यावहारिक समाधान' नहीं हैं, क्योंकि दिल्ली क्षेत्र 1,483 वर्ग किमी में है और इसे 47,229 स्मॉग टावरों की आवश्यकता हो सकती है।

इसकी कुल कीमत 11,80,725 करोड़ होगी यानी प्रत्येक टावर के लिए 15 लाख रुपये प्रति माह की लागत आएगी। रिपोर्ट में डीपीसीसी की वरिष्ठ वैज्ञानिक नंदिता मोइत्रा ने बॉम्बे और दिल्ली में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों की रिपोर्टों का हवाला देते हुए बताया कि 100 मीटर के दायरे में एक स्मॉग टॉवर केवल 17 प्रतिशत तक प्रदूषण कम कर सकता है। गौरतलब है कि अरविंद केजरीवाल सरकार प्रदूषण से निपटने के लिए ( शेष पेज 9 )

# बाइडन ने शी चिनफिंग को फिर कहा तानाशाह

**एजेंसी।** वुडसाइड (कैलिफोर्निया)

- इस बयान के एक घंटे पहले ही दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को बहाल करने के लिए रचनात्मक बातचीत की थी

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बार फिर चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग को तानाशाह करार दिया। इसे ठीक एक घंटे पहले शी तथा बाइडन ने मुलाकात की थी और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बहाल करने के लिए रचनात्मक बातचीत की थी। दोनों नेताओं ने सैन फ्रांसिस्को में एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन (एपीईसी) से इतर मुलाकात की थी।

बाइडन ने इस वर्ष की शुरुआत में भी शी के बारे में ऐसा ही बयान दिया था। इस बारे में याद दिलाए जाने पर उन्होंने संवाददाताओं से कहा, देखिए वह हैं (तानाशाह)। बाइडन ने कहा, मेरा मतलब है कि वह इस मायने में तानाशाह हैं कि वह ऐसे देश का नेतृत्व करने वाले व्यक्ति हैं जो कम्युनिस्ट देश है और जो ऐसी सरकार से चलता है जो हमसे एकदम अलग है। उन्होंने चार घंटे की बैठक के बारे में कहा हमने प्रगति की है। इससे पहले दोनों नेताओं ने नवंबर 2022 में इंडोनेशिया के बाली में जी20 शिखर सम्मेलन से इतर आमने-सामने की मुलाकात की थी। बाइडन ने इससे पहले कैलिफोर्निया में जून में चंदा इकट्ठा करने के एक कार्यक्रम के दौरान शी (70) की तुलना तानाशाहों से की थी।

बाइडन फरवरी में अमेरिकी हवाई क्षेत्र में अमेरिकी लड़ाकू विमानों द्वारा चीनी जासूसी गुब्बारे को मार गिराने पर शी की प्रतिक्रिया पर चर्चा कर रहे थे। हालांकि तब चीन के अधिकारियों ने बाइडन के उस बयान को बकवास और उकसावे वाला करार दिया था। अब बाइडन ने फिर उसी प्रकार का बयान दिया है जिससे चीन पुनः आक्रोशित हो सकता है।

# एआई न्यूजरूम से पत्रकारिता की नई इबारत लिखने की तैयारी

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली

- भारतीय मूल के पत्रकार ने एआई समर्थित वर्चुअल न्यूजरूम पेटेंट कराया, यह पत्रकारों की जरूरत के हिसाब से सहायता और सलाह के लिए समर्पित होगा

**पिछले** एक दशक के दौरान प्रिंट, ब्राडकॉस्ट (प्रसारण) और ऑनलाइन पत्रकारिता में बड़ा बदलाव देखा गया है। पहले पाठकों तक सूचना समाचार पत्र और न्यजू चैनल के माध्यम से पहुंचती थी जो अब मोबाइल के रूप में सिमट कर उनकी हथेली में आ गई है। पत्रकारिता में क्रांतिकारी बदलाव के लिए तैयार नवीनतम टूल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का आगमन हो चुका है।

ऐसे में अमेरिका में भारतीय मूल के वरिष्ठ पत्रकार ललित झा ने 'वर्चुअल न्यूज़रूम सिस्टम' विकसित करने पर काम किया है जो पूरी तरह से पत्रकारों की जरूरत के हिसाब से सहायता और सलाह के लिए समर्पित है। ललित झा ने अपने बेटे जॉर्जियाई कंप्यूटर वैज्ञानिक ओम झा के साथ मिलकर इसका पेटेंट कराया है। यह पेटेंट एक वर्चुअल न्यूज़रूम एकीकृत मंच के तहत सामग्री लेनदेन को सुव्यवस्थित करता है, जो पत्रकारों और संगठनों को उनकी आवश्यकता व जरूरत के हिसाब से सामग्री के निर्बाध रूप से खरीदने और बेचने के लिए सीधा समाधान प्रदान करती है। वाशिंगटन स्थित प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के मुख्य अमेरिकी संवाददाता ललित झा ने कहा, पत्रकारिता एक परिवर्तनकारी विकास के कगार पर है। उन्होंने कहा, पत्रकारिता में यह अग्रणी छलांग नवीनतम एआई और मशीन लर्निंग के साथ समाचार प्रामाणिकता को सत्यापित करने के लिए वर्चुअल न्यूज़रूम सिस्टम का उपयोग करती है। यह मीडिया आउटलेट्स, पत्रकारों और विषयों का एक डेटाबेस रखता है। जब समाचार प्राप्त होता है, तो यह संग्रहीत जानकारी के आधार पर प्रत्येक को अंक प्रदान करता है और समग्र सत्य स्कोर की गणना करता है, जिसका समाचार को प्रस्तुत करने के तरीके पर प्रभाव पड़ता है। ललित ने कहा, इसका लक्ष्य समाचार उद्योग में क्रांति लाना, उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री को मीडिया आउटलेट्स के लिए अधिक सुलभ बनाना और दुनिया भर के लेखकों के लिए पिचिंग प्रक्रिया को सरल बनाना है। ज्ञात रहे कि 58 फीसदी पत्रकारों की सबसे बड़ी चिंता विशेष रूप से सामग्री और समाचार सटीकता की प्राथमिकता होती है।

इसके अलावा 27 फीसदी ध्यान विश्वसनीयता और फर्जी खबरों से निपटने पर रहता है। अपने पिता ललित के साथ पेटेंट का सह-निर्माण करने वाले ओम ने अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए कहा, जब हमने इस एआई प्रणाली की कल्पना की तो हमारा लक्ष्य परिचालन दक्षता में सुधार करना और समाचार, सामग्री निर्माण और प्रसार में पारदर्शिता को बढ़ावा देना था। वर्चुअल न्यूज़रूम पेटेंट इनोवेटिव में 5 डब्ल्यूएच प्लेटफ़ॉर्म को शक्ति प्रदान करता है। जो चीज़ इस पेटेंट को विशिष्ट बनाती है, वह इसकी एआई-संचालित अनुशंसा प्रणाली है, जो मीडिया उद्योग में अभूतपूर्व स्तर की दक्षता लाती है। वर्चुअल न्यूज़रूम प्रणाली वास्तव में पंजीकरण के लिए पात्रता निर्धारित करने के लिए प्रस्तुत सामग्री का गतिशील रेटिंग के साथ मूल्यांकन करती है। यह जटिल कीवर्ड विश्लेषण, भौगोलिक प्रासंगिकता और लक्षित दर्शकों की जनसांख्यिकीय संरचना के माध्यम से खोज परिणामों की अनुशंसा करता है। इसके साथ ही इसमें प्रकाशकों को उनके बजट के अनुरूप सामग्री उपलब्ध कराने के लिए गतिशील मूल्य निर्धारण की सुविधा भी है। टीम के वकील डॉ. राज एस. डेव ने इस उपलब्धि के महत्व को दोहराते हुए कहा, ललित झा की मदद से 5 डब्ल्यूएच के अनूठे पेटेंट को सुरक्षित करने में मदद करना सौभाग्य की बात है। जैसे-जैसे मीडिया परिदृश्य तकनीकी बदलाव के क्रांति के दौर से गुजर रहा है, वर्चुअल न्यूज़रूम पेटेंट द्वारा संचालित 5 डब्ल्यूएच इसका नेतृत्व करने के लिए तैयार है।

यह अभूतपूर्व पेटेंट पत्रकारिता में एक क्रांति लाने का वादा करता है, जो पत्रकारों और संपादकों को प्रौद्योगिकी के माध्यम से जोड़ने के साथ यह सुनिश्चित करता है कि वैश्विक दर्शकों तक उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री निर्बाध रूप से पहुंचे। 5 डब्ल्यूएच एक बहुभाषी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के रूप में काम करता है जहां पेशेवर पत्रकार अपने उपयोग के लिए तैयार उत्पादों, सेवाओं और रचनात्मक कार्यों को समाचार मीडिया आउटलेट्स को बेच सकते हैं। वेबसाइट ने आईटी और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के अनूठे मिश्रण के माध्यम से एक वर्चुअल न्यूज ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### घुसपैठ की कोशिश में आतंकी कमांडर ढेर

**श्रीनगर।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों के आकाओं और आंतकवाद की आधारभूत संरचनाओं को बड़ा नुकसान पहुंचाते हुए सुरक्षा बलों ने उरी सेक्टर में घुसपैठ रोधी अभियान में आतंकवादी कमांडर बशीर अहमद मलिक को मार गिराया। सेना ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। नियंत्रण रेखा के समीप सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा चलाए गए एक संयुक्त अभियान ऑपरेशन काली में बुधवार को मलिक और एक अन्य आतंकवादी को मार गिराया गया। सेना के एक अधिकारी ने कहा, इस अभियान में दो आतंकियों को मार गिराया गया, लेकिन मुख्य पहलू बशीर अहमद मलिक को मार गिराना था। पाकिस्तानी सीमा से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाने में उसका बड़ा हाथ था। वह उत्तर में लीपा से लेकर दक्षिण में राजौरी तक पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के इलाके में आतंकी संगठनों के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी था। मलिक, आतंकवादी संगठनों में नए लड़कों की भर्ती करने के साथ आतंकी गतिविधियों में संलिप्त था। अधिकारी ने बताया कि पिछले 30 वर्षों से सक्रिय मलिक ने कई आतंकवादियों की घुसपैठ में मदद की और उन्हें सीमा पार कराया, जिसकी वजह से कई भारतीय नागरिकों, सुरक्षा कर्मियों को अपनी जान गंवानी पड़ी।

# महापर्व छठ की तैयारियां तेज, दिन-रात काम में जुटे कर्मी

## राजस्व मंत्री आतिशी ने इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, बुराडी स्थित छठ घाट का किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लोक आस्था का महापर्व की तैयारियां तेज हो गई हैं। दिल्ली सरकार हर साल भव्य तरीके से छठ पूजा का आयोजन करती है। इस साल भी पूरी दिल्ली में 1000 से अधिक छठ घाट बनाए गए हैं और सभी सुविधाओं का इंतजाम सरकार द्वारा किया गया है। हर वॉर्ड में एमसीडी एक-एक छठ घाट तैयार कर रही है।

राजस्व मंत्री आतिशी ने इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, बुराडी स्थित छठ घाट का अधिकारियों का साथ निरीक्षण किया। उन्होंने दिन-रात काम कर घाट तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि अंतिम दिन के लिए कोई काम न बचे।

छठ महापर्व पूर्वांचलियों के लिए बहुत बड़ा त्यौहार, हर साल की तरह इस साल भी भव्यता से हो इसका आयोजन इस दिशा में उनकी सरकार काम कर रही है।

छठ घाटों पर तालाब बनाने से लेकर टेंट, लाइट्स, साफ-सफाई सुरक्षा सहित श्रद्धालुओं के लिए तमाम सुविधाओं का इंतजाम किया जा रहा है। ताकि पूर्वांचल के भाई-बहन खुशी, सुकून और उल्लास के साथ छठ महापर्व बना सकें। आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पूरबिया लोगों को दिल्ली का अभिन्न हिस्सा मानते हैं।

राजधानी की तरक्की उनका अहम योगदान है। छठ महापर्व के आयोजन में किसी प्रकार की कमी न आए इसके लिए हर ज़रूरी कदम उठाते हुए पिछले 8 सालों से भव्यता से इस पर्व का आयोजन किया है। इस श्रृंखला में दिल्ली में इस साल केजरीवाल सरकार ने 1000 से अधिक छठ घाट तैयार किए है। और छठ की तैयारियों में कोई कमी न रहे इसलिए केजरीवाल सरकार के सभी विधायक और विभाग ग्राउंड जीरो पर उतरे हुए है।

इन छठ घाटों पर तालाब बनाने से लेकर यहाँ टेंट, लाइट्स, साफ-सफाई, सुरक्षा आदि सभी चीजों का इंतजाम दिल्ली सरकार द्वारा किया जा रहा है। साथ ही बहुत से घाटों पर मैथली-भोजपुरी अकादमी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा।



इंद्रप्रस्थ कॉलोनी के छठ घाट की तैयारी तेज हो गई है। इस क्रम में यहां पर मंडप की लगाया जा रहा है।

### भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पार्षदों ने बनाई समितियां

**नई दिल्ली।** छठ पूजा के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड में समिति गठित की हैं। महापौर शैली ओबेरॉय ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्षदों के साथ-साथ स्थानीय स्वंयसेवी भी छठ घाट पर पूजा के दौरान निगरानी में मदद करेंगे।

अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने 250 वार्ड में छठ पूजा की तैयारियों के लिए एक करोड़ रुपए खर्च किए हैं।

एमसीडी के अधिकारियों के मुताबिक, 100 वार्ड में छठ घाट पहले ही बनकर तैयार हो चुके हैं जबकि बाकी बचे 150 वार्डों में नए छठ घाट बनाने का काम शाम तक पूरा हो जाएगा। घाटों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने और लोगों की सुविधा के लिए घाट तक पहुंचने वाले मार्गों पर स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए प्रत्एक वार्ड को 40,000 रुपए दिए गए हैं।

## हेल्पलाइन नंबर जारी, अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में छठ पूजा मनाने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए दिल्ली पुलिस प्रदेश में अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती करेगी। साथ ही दो बड़े रेलवे स्टेशनों पर विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं और लोगों के लिए विशेष हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। दिल्ली पुलिस के अनुसार, आनंद विहार और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन समेत अन्य स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने और प्लेटफॉर्म तक पहुंचने में लोगों की मदद के लिए महिलाओं समेत अतिरिक्त रेलवे सुरक्षा बल कर्मियों,



राजकीय रेलवे पुलिस के जवानों, स्काउट्स एवं गाइड्स मौजूद रहेंगे। आनंद विहार और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ को प्रबंधित करने तथा किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचने के लिए एक विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इसके अलावा हेल्पलाइन नंबर भी सार्वजनिक किया गया है। किसी को भी कानून-व्यवस्था का उल्लंघन करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर चिकित्सक, एंबुलेंस व मोबाइल शौचलय लगाए गए हैं।

यमुना नदी के किनारों पर को छठ पूजा मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र होंगे, जिसके मद्देनजर भी दिल्ली पुलिस ने इंतजाम किए हैं। यमुना घाटों पर अतिरिक्त बलों को तैनात किया गया है साथ ही किनारों के आस-पास बाड़े और बैरिकैड लगाए गए हैं। इसके अलावा गोताखोरों को भी किनारों पर तैनात किया गया है। उत्तर पूर्व दिल्ली के पुलिस उपायुक्त जॉय तिर्की ने बताया, महिलाओं की सुरक्षा के लिए



बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। कई स्थानों पर छठ घाट बनाए गए हैं, जिनमें आईटीओ पुल, कल्याणवास, कोंडली नहर, मयूर विहार फेज-तीन, वजीराबाद घाट, अशोक नगर-हिंडन कट नहर, भलस्वा झील, मॉडल टाउन, जहांगीरपुरी झील, सूर्या घाट, कुदेसिया घाट, सोनिया विहार, गीता कॉलोनी, कालिंदी कुंज, मंगोलपुरी, नगरवन पार्क और सागरपुर शामिल हैं।

## यमुना में फिर दिखा जहरीला झाग



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

### दिल्ली सरकार ने इनको हटाने के लिए यमुना में किया केमिकल का छिड़काव

राजधानी दिल्ली में महापर्व छठ की तैयारी सरकार की ओर से लगभग पूरी हो चुकी है। एक तरफ जहां सरकार पूजा के लिए घाटों को सजाने का काम कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ यमुना नदी में जहरीले झाग दिखने लगे हैं।

इसके चलते छठ मना ने वाले श्रद्धालुओं की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ऐसा पहली बार नहीं है जब छठ पर्व से पहले यमुना में झाग नजर आए हैं। हर साल यही हालात रहते हैं। दिल्ली सरकार के तमाम दावे धरे के धरे रह जाते हैं। हालांकि सरकार ने इनको हटाने के लिए यमुना में केमिकल का छिड़काव शुरू किया है। दरअसल, यमुना के पानी में डिटरजेंट की मात्रा सीवेज से या फिर उद्योगों से निकलने वाले कचरे से आती है। इसके चलते ही नदी में झाग बनता है। इंडस्ट्री से निकला कचरा भले ही कम हो, लेकिन सीवेज से निकले कचरे से ज्यादा खतरनाक होता है।

हालांकि दिल्ली सरकार लगातार आरोप लगाती रही है कि हरियाणा की फैक्ट्री से निकलने वाले पानी से भी यमुना में अमोनिया का स्तर बढ़ रहा है। मालूम हो कि 17 से 20 नवंबर तक छठ का पर्व मना या जाएगा। इसको लेकर पिछले महीने दिल्ली जल बोर्ड ने दावा किया था कि यमुना में प्रदूषण को रोकने के लिए तैयारियां पूरी की गई हैं।

### डीडीए 32,000 फ्लैट ब्रिकी करेगा

*नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के निर्णय लेने वाले सर्वोच्च निकाय ने त्योहार विशेष आवासीय योजना 2023 शुरू करने की बुधवार को मंजूरी दे दी। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के तहत विभिन्न श्रेणियों में 32,000 से ज्यादा फ्लैट बिक्री के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पहली बार ,1,100 से अधिक लक्जरी फ्लैट बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। योजना शुरू करने का निर्णय उपराज्यपाल वीके सक्सेना की अध्यक्षता में हुई एक बैठक के दौरान लिया गया। सक्सेना डीडीए के अध्यक्ष भी हैं।*

## संक्षिप्त समाचार




अंतरराष्ट्रीय एक्रो फेस्टिवल की जानकारी देते सचिव सचिन कुर्वे।

### टिहरी झील में होगा अंतरराष्ट्रीय एक्रो फेस्टिवल

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के टिहरी झील में 24 से 28 नवंबर तक अंतरराष्ट्रीय टिहरी एक्रो फेस्टिवल 2023 का आयोजन किया जाएगा। यह पहला अवसर होगा जब टिहरी झील में इस फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इस रोमांचकारी इवेंट में 35 अंतरराष्ट्रीय पायलट और 100 भारतीय पायलट भाग लेंगे। इस आयोजन में एक्रो फ्लाइंग, सिंक्रो फ्लाइंग, विंग सूट फ्लाइंग, डी-बैगिंग जैसे कई साहसिक प्रदर्शन देखने को मिलेंगे। पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे ने बताया कि इस आयोजन में भारत समेत दुनिया भर के 26 देश प्रतिभाग करेंगे। इसमें यूफोरिया, पांडवास जैसे नामी बैंड अपनी प्रस्तुति देंगे। इस दौरान कई हवाई कलाबाजी कार्यक्रम और प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### रामेश्वरम् के लिए तीर्थ यात्रियों का जत्था रवाना

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत 82वीं ट्रेन चार धाम में से एक रामेश्वरम् के लिए रवाना हुई। राजस्व मंत्री आतिशी बृहस्पतिवार को तीर्थयात्रा से पूर्व त्यागराज स्टेडियम में आयोजित भजन संध्या के दौरान बुजुर्गों से मिली और उन्हें यात्रा की टिकटें दी। तीर्थ यात्रा योजना के जरिए अबतक 81 ट्रेनों के जरिए लगभग 78,000 से अधिक बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराया जा चुका है। राजस्व मंत्री ने कहा कि उनहें इस बात की खुशी है कि पिछली कई बार से तीर्थ-यात्रा पर जाने वाले बुजुर्गों में 80 फीसदी से अधिक महिलाएँ होती है। ये बेहद अच्छी बात है क्योंकि समाज में एक महिला अपनी पूरी जिंदगी अपने परिवार की सेवा में लगा देती है। और अक्सर वे खुदद को पीछे रखकर अपने परिवार को आगे रखती है। ऐसे में ये बेहद खुशी कई बात है कि जिन माताओं ने अपना पूरा जीवन अपने परिवार की सेवा में लगा दिया वह जिंदगी के इस पड़ाव पर उन्हें तीर्थयात्रा पर भेज रहे है।

## पार्किंग को लेकर झगड़े में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

### सुभाष नगर में घर के बाहर गाड़ी खड़ा करने को लेकर हुआ था विवाद



पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन में पार्किंग को लेकर झगड़े में घायल हुए 73 वर्षीय बुजुर्ग की बृहस्पतिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि अमर सिंह (73) का महाराज अग्रसेन अस्पताल में इलाज चल रहा था।

राजौरी गार्डन के सुभाष नगर में अपने घर के बाहर गाड़ी खड़ी करने को लेकर चार नवंबर को पड़ोसी के साथ हुए झगड़े में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने भादंसं की धारा 308 (गैर इरादतन हत्या) के तहत मामला दर्ज किया था और तीन लोगों--राजकुमार मदान एवं उसके दो बेटों आयुष एवं शिवम को गिरफ्तार किया है।

इन्हीं तीनों ने सिंह एवं उनके बेटे के साथ कथित रूप से मारपीट की थी। पुलिस ने कहा कि कानून के अनुसार इस मामले में धाराओं में फेरदबल किया जाएगा क्योंकि संबंधित व्यक्ति की मौत हो गई है।

ज्ञात हो जिस तरह राजधानी में वाहनों की तादाद बढ़ रही है उसी तरह पार्किंग की समस्या भी विकट होने लगी है। आए दिन पार्किंग को लेकर झगड़े आम हो चले है। वहीं कई मामले बड़े झगड़ों में तब्दील हो रहे है।

## सरकार ने जांच रिपोर्ट सीबीआई, ईडी को भेजी

**बामनोली भूमि अधिग्रहण**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

### मुख्य सचिव ने कहा, निहित स्वार्थों के कारण लोग उनपर उछाल रहे हैं कीचड़



दिल्ली सरकार ने बामनोली भूमि अधिग्रहण मामले में मुख्य सचिव नरेश कुमार पर प्रथम दृष्टया मिलीभगत का आरोप लगाने वाली अपने सतर्कता मंत्री की रिपोर्ट केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) तथा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को भेज दी है। सरकारी सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह दावा किया।

मुख्य सचिव कुमार ने कुछ भी गलत करने से इनकार करने के साथ ही कहा है कि निहित स्वार्थों के कारण लोग उन पर कीचड़ उछाल रहे हैं। इससे पहले सतर्कता मंत्री आतिशी की 670 पन्नों वाली रिपोर्ट मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कार्यालय द्वारा उप राज्यपाल वीके सक्सेना को सौंपी गई। रिपोर्ट में कुमार को पद से हटाने की सिफारिश की गई है और कहा गया कि मामले में अनुचित लाभ का स्तर 897 करोड़ रुपए से अधिक था। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंजूरी मिलने के बाद रिपोर्ट को सीबीआई और ईडी के पास भेजा गया।

पश्चिम दिल्ली के बामनोली गांव में 19 एकड़ भूमि के अधिग्रहण का मुआवजा 41 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 353 करोड़ रुपये कर दिया गया था लेकिन रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सौदे में अनुचित लाभ का स्तर 897 करोड़ रुपए से अधिक था। सतर्कता मंत्री की रिपोर्ट एक शिकायत के संबंध में की गई जांच पर आधारित है जिसमें आरोप लगाया गया था कि मुख्य सचिव के बेटे को एक ऐसे व्यक्ति ने नियुक्त किया था जो बामनोली में लाभान्वित भूमि मालिकों का रिश्तेदार था।

## प्रदूषण में वाहनों का योगदान सर्वाधिक

### वायु गुणवत्ता बृहस्पतिवार को बहुत खराब और गंभीर श्रेणी के बीच रही

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली की वायु गुणवत्ता बृहस्पतिवार को बहुत खराब और गंभीर श्रेणी के बीच रही। ऐसा इसीलिए हुआ, क्योंकि प्रतिकूल मौसम संबंधी परिस्थितियों के कारण प्रदूषक कणों का बिखराव नहीं हो पाया।

दिल्ली सरकार और राष्ट्रीय प्रौद्योगिक संस्थान-कानपुर की एक संयुक्त परियोजना के हालिया निष्कर्षों से पता चला कि बुधवार को राजधानी के वायु प्रदूषण में वाहनों के उत्सर्जन का योगदान लगभग 38 प्रतिशत था। बृहस्पतिवार को यह आंकड़ा 40 फीसदी तक बढ़ने का अनुमान है।

माध्यमिक अकार्बनिक एयरोसोल- सल्फेट और नाइट्रेट जैसे कण जो बिजली संयंत्रों, रिफाइनरियों और वाहनों जैसे स्रोतों से गैसों और कण प्रदूषकों की परस्पर क्रिया के कारण वायुमंडल में बनते हैं- दिल्ली की हवा में प्रदूषण के दूसरे प्रमुख योगदानकर्ता हैं। पिछले कुछ दिनों में शहर के प्रदूषण में माध्यमिक अकार्बनिक एयरोसोल का योगदान 30 से 35 प्रतिशत रहा है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के बताया कि हवा नहीं चलने और कम तापमान के कारण प्रदूषक तत्व हवा में बने हुए हैं और अगले कुछ दिन तक भी राहत के आसार नहीं हैं।



## 'कनॉट प्लेस में स्मॉग टॉवर से 17 प्रतिशत प्रदूषण कम : डीपीसीसी'

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) से कहा है कि शहर में दो प्रायोगिक स्मॉग टॉवर वायु प्रदूषण को कम करने में प्रभावी नहीं रहे हैं और इन महंगे विशाल वायु शोधक के संचालन से कोई लाभ नहीं है। डीपीसीसी ने पिछले सप्ताह एनजीटी को सौंपी एक रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया कि स्मॉग टावर वायु प्रदूषण की समस्या का व्यावहारिक समाधान नहीं हो सकते हैं और दिल्ली में ऐसी दो संरचनाओं का एक संग्रहालय के रूप में, वायु प्रदूषण नियंत्रण पर तकनीकी जानकारी के प्रचार के लिए पुन: उपयोग किया जाना चाहिए।

डीपीसीसी की वरिष्ठ वैज्ञानिक नंदिता मोइत्रा ने रिपोर्ट में कहा कि कनॉट प्लेस में 25 करोड़ रुपए की लागत से बना स्मॉग टॉवर दो वर्ष से चल रहा है। यह केवल 100 मीटर के दायरे में 17 प्रतिशत वायु प्रदूषण को कम कर सकता है। प्रदूषण नियंत्रण निकाय ने दिल्ली के 1,483 वर्ग किलोमीटर के विशाल क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए कहा कि शहर को 47,000 से अधिक ऐसे टावरों की आवश्यकता होगी जिनमें से प्रत्येक को लगाने का खर्च 25 करोड़ रुपए होगा और इसके संचालन एवं रखरखाव पर हर महीने 15 लाख रुपए खर्च होंगे।डीपीसीसी की रिपोर्ट में कहा गया कि 25 करोड़ रुपए की पूंजीगत लागत और 10-15 लाख रुपए प्रति माह के खर्च पर 100 मीटर के दायरे में प्रदूषण में केवल 17 प्रतिशत की कमी बिल्कुल पर्याप्त नहीं है। यह समुद्र में एक बूंद भी नहीं है। इसमें कहा गया कि दोनों टावर प्रायोगिक थे और इनके परिणाम भारी खर्च के अनुकूल नहीं हैं।

## दीक्षांत समारोह: डीटीयू ने 3600 छात्रों को सौंपी डिग्रियां

### एलजी सक्सेना, शिक्षा मंत्री आतिशी ने छात्रों को डिग्री देकर किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




दीक्षांत समारोह में उपराज्यपाल विनय सक्सेना व शिक्षा मंत्री आतिशी।

दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी ने दीक्षांत समारोह में 3600 छात्रों को स्नातक डिग्रियां सौंपी। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना व तकनीकी शिक्षा मंत्री आतिशी गुरुवार को डीटीयू के 10 वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुई और स्नातक छात्रों को डिग्री देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह छात्रों, उनके माता-पिता और शिक्षकों के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक है। आप सभी को आभारी होना चाहिए कि कई लोगों के विपरीत, आपको अच्छे संस्थान में पढ़ने का अवसर मिला। लेकिन साथ ही यह भी याद रखना चाहिए कि आप ही की उम्र के कई ऐसे छात्र भी होते हैं जो जीवन के इस पड़ाव तक नहीं पहुंच पाते और अपनी शिक्षा पूरी नहीं कर पाते। इसलिए उन्हें लगता है कि यह छात्रों के लिए अपने माता-पिता के प्रति आभार व्यक्त करने का एक अवसर है, जो इस यात्रा में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही शिक्षक भी जो अधिकांश छात्रों के लिए रोल मॉडल हैं। वो छात्रों को यहाँ तक पहुंचाने में सबसे अहम भूमिका निभाते है। क्योंकि आप सभी जब पहले दिन शिक्षण संस्थान में कदम रखते है उसी दिन से एक शिक्षक छात्रों के सुनहरे भविष्य तैयार करने की पहल शुरू कर देते है। उन्होंने कहा कि छात्रों के जीवन में दीक्षांत समारोह परिवर्तन का एक चरण होता है जहां हर छात्र को तीन चीजें याद रखनी चाहिए। उन्हें अपने निर्णय स्वतंत्र रूप से लेने चाहिए, उन माता-पिता के प्रति जिम्मेदार होना चाहिए जिन्होंने उन्हें सफल बनाने के लिए अपना जीवन दिया और उस के प्रति जिम्मेदार होना चाहिए जिसने उनके लिए उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा की सुविधा प्रदान की। आतिशी ने कहा कि उन्हें यकीन है कि आज स्नातक होने वाले छात्रों को विदेश में शानदार पैकेज और नौकरियां मिलेंगी। लेकिन उन्हें याद रखना चाहिए कि उन्हें देश को कभी नहीं भूलना चाहिए। आज स्नातक होने वाले छात्रों की सफलता में पूरे देश ने किसी न किसी तरह से योगदान दिया है। इस साल यूनिवर्सिटी द्वारा 3620 डिग्रियां सौंपी गई है। इनमें 147 पीएचडी डिग्री, 845 पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री और 2648 ग्रेजुएट डिग्रियाँ शामिल हैं।

### तकनीकी शिक्षा मंत्री ने एकेडमी ब्लॉक का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** डीटीयू में 2 नए अत्याधुनिक अकादमी ब्लॉक तैयार हो गए हैं। इन दोनों 8 मंजिला भवन लेक्चर हॉल, फैकल्टी रूम, कॉन्फरेंस रूम सहित विश्वस्तरीय अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है।

दोनों ब्लॉक्स में एक समय में 5200 से अधिक छात्र क्लास ले सकेंगे। साथ ही ये अकेडमिक ब्लॉक ईको-फ्रेंडली भी है, जहां रूफ टॉप सोलर पैनल , मॉड्यूलर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी मौजूद साथ ही दोनों ब्लॉक को जोड़ने के लिए स्काई रैंप भी तैयार किया गया है। तकनीकी शिक्षा मंत्री आतिशी ने इसका उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने दावा किया कि यहां छात्रों को हर जरूरी सुविधाएँ मिलेंगी जो भविष्य में उन्हें अपने करियर को संवारने में मदद करेगी।

## मेघना मोदी ने बताई रेवलॉन इंडिया की भावी योजनाएं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

### बोली- कंपनी 2024 में नई ऊंचाइयों को हासिल करेगी



मेघना मोदी ने भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में कंपनी रेवलॉन इंडिया की आगामी योजना को बताया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि कंपनी कलर कॉस्मेटिक रेंज (मेकअप और स्किन केयर) और पर्सनल केयर रेंज (हेयर कलर, हेयरकेयर और बॉडीस्प्रेज) पर ध्यान केंद्रित करेगी।

मेघना मोदी, उमेश कुमार मोदी, चेयरमैन, उमेश मोदी ग्रुप की सबसे बड़ी बेटी है। मेघना मोदी लंदन बिजनेस स्कूल और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल की स्नातक हैं। रेवलॉन सभी मेकअप और स्किन केयर प्रेमियों के लिए एक वन स्टॉप शॉप है जो हर महिला को पूरी तरह से साहसिक तरीके से आगे बढ़ाना, स्वतंत्र और उद्देश्यपूर्ण जीने के लिए वह मंच प्रदान करना, चाहे वह उनके लिए जैसा भी दिखता हो। मेघना मोदी ने आगे बताया, रेवलॉन के नए उत्पाद जैसे सुपर लस्ट्रस , कलर स्टे , रेवलॉन फीटोरेडी, टॉप स्पीड , कलर स्टीक, फ्लेक्स, चार्ली हाल ही में लॉन्च किए गए हैं, जो व्यक्तित्व, विविधता और रचनात्मकता का समर्थन करने वाले एक अभियान के साथ आए हैं। मेघना ने कहा कि रेवलॉन इंडिया 2024 में 300 करोड़ रुपये की मानसिकता के साथ आगे बढ़ने की योजना बना रही है।

# सुख पाने की इच्छा ही इंसान के दुखों का है कारण: आनंदमूर्ति गुरुमां

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आनंमूर्ति** गुरुमां ने फरमाया कि-शरीर है तो प्राण है, प्राण है तो श्वांसों का चलना है। इन्हीं श्वांसों के साथ इंद्रियों का व्यवहार है। इस व्यवहार के पीछे मन की मंशा यह है कि हमारा मन सुख ढुंढता है। मन दुख से घबराता है और सुख पाना चाहता है। यही हमारे दुखों का कारण बन जाता है।

यह बात उन्होंने गुरुवार से गुरु द्रोण की नगरी गुरुग्राम में शुरू हुई कथा में प्रवचन करते हुए कही। आनंदमूर्ति गुरुमां ने यहां शीतला माता रोड स्थित शुभ वाटिका में आयोजित सत्संग कार्यक्रम में अपनी मधुर, ओजस्वी वाणी से

## श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा शुभ वाटिका परिसर

श्रद्धालुओं के समक्ष प्रवचन दे रहीं थी। पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में डीसीपी यातायात विरेंद्र विज पहुंचे और गुरुमां से आशीर्वाद लिया। इससे पूर्व मंच संचालन करते हुए आनंदमूर्ति गुरूमां आश्रम के ट्रस्टी बोधराज सीकरी ने बताया कि वेदान्त के वचनों की ज्ञाता गुरूमां अपने अनुभव एवं आत्मज्ञान के उपहारों को जनमानस से सांझा करती हैं।

गुरुमां दयालुता की प्रतिमूर्ति हैं। पर्यावरण संरक्षक हैं। शांति और



गुरुग्राम में प्रवचन करतीं आनंदमूर्ति गुरुमां।

सद्भाव की राजदूत हैं। मानवीय मूल्यों की संस्थापक हैं। बेटियों के लिए मां का वात्सल्य हैं। अपने प्रवचनों में आनंदमूर्ति गुरुमां ने कहा कि जब आप तुलना करने लग जाते हैं तो चिंता का कारण बन जाता है। यह मन को दुखी करने का बहुत बड़ा कारण बन जाता है। भारत के गुरुओं को सब कुछ अदा करना पड़ता है। हम आचार्य भी हैं। ज्योतिष आचार्य भी हैं। मोटिवेशनल स्पीकर भी हैं। मनोचिकित्सक भी हैं। आयुर्वेदाचार्य भी हैं। योग वेदांत हमारा मुख्य काम है। शास्त्रों, भगवद्गीता, वेदों, कबीर की बाणी, संतों की बाणी, गुरू ग्रंथ साहिब से अवगत कराना है।

गुरुमां ने बताया कि श्रीमद् भागवत में कलयुग का लक्षण बताया गया है। समय से पहले दैहिय सुख की इच्छा आनी शुरू हो जाएगी। ऐसा हो रहा है। प्रदूषित भोजन से शारीरिक विकार आ रहे हैं। भोजन में पेस्टिसाइड के रूप में जहर परोसा जा रहा है। वह फसलों में डाला जा रहा है। इसके कारण खाद्य पदार्थ दूषित हो गए हैं। दूषित भोजन के सेवन से कन्याओं में रजस्व की उम्र कम होती जा रही है। ऐसे परिवर्तन लड़कों के शरीर में भी हो रहे हैं। जैसे शरीर बदलता है, वैसे मन बदलता जाता है। गणमान्य व्यक्तियों में श्रीमती सुरेश सीकरी, श्रीमती पूजा खेतरपाल, जगदीश ग्रोवर महानगर संघ चालक, शिक्षाविद् डा. अशोक दिवाकर, अनिल यादव सह संयोजक स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा, शेखर तनेजा उद्योगपति, ओमप्रकाश कथूरिया चेयरमैन ओम स्वीट्स, समाजसेवी प्रमोद सलूजा एडवोकेट, सुभाष अरोड़ा बिल्डर, सुभाष ग्रोवर एडवोकेट, अशोक आर्य प्रधान श्री केंद्रीय आर्य सभा, एचएस चावला समाजसेवी, प्रदीप गोदारा समाजसेवी ने शिरकत की और गरुमां का स्वागत, सत्कार किया।

# जनवरी 2024 तक पूरा होगा मल्टीलेवल पार्किंग का काम



गुरुग्राम नगर निगम की मासिक समीक्षा बैठक लेते निगम आयुक्त पीसी मीणा।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नगर** निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा ने गुरुवार को अधिकारियों के साथ मासिक समीक्षा बैठक करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम गुरुग्राम, नगर परिषद सोहना व पटौदी-मंडी तथा नगर पालिका फरूखनगर के अधिकारीगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम गुरुग्राम द्वारा निर्माणाधीन सोहना चौक मल्टीलेवल पार्किंग का सिविल वर्क जनवरी 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा कमान सराय में उपलब्ध जगह के अनुसार एस्टीमेट तैयार कर दिया गया है। अगले सप्ताह टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे। बैठक में बताया गया कि गांव बसई तालाब पर छठ पूजा घाट का एस्टीमेट तैयार कर लिया गया है। इसी प्रकार सेक्टर-14 सामुदायिक केन्द्र में शेष बचे कार्य का एस्टीमेट भी बना लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि वजीराबाद खेल स्टेडियम का डिजाईन फाइनल हो चुका है तथा अगले 15 दिन में टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे। बैठक में बताया गया कि गांव भोंडसी में सीवरेज सिस्टम की डीपीआर भी फाईनल की जा चुकी है। निगमायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि वे कार्यों में तेजी लाएं तथा टेंडर आदि की प्रक्रिया पूरी करके जल्द कार्य अलॉट करें।

पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम गुरुग्राम की स्पॉन्सरिंग दर बहुत ही बेहतर है। सेंक्शन व डिस्बर्समेंट दर को बढ़ाने के लिए बैंकों से लगातार बैठक की जा रही है। निगमायुक्त ने कहा कि सेंक्शन व डिस्बर्समेंट पर फोकस करें, ताकि अधिक से अधिक

## नगर निगम आयुक्त पीसी मीणा ने अधिकारियों से की मासिक समीक्षा बैठक

लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल सके। योजना के तहत स्वरोजगार के लिए बैंकों के माध्यम से कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। निगमायुक्त ने मुख्यमंत्री शहरी निकाय स्वामित्व योजना के तहत लंबित पड़े आवेदनों पर भी जल्द निर्णय लेने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त ने कहा कि जो कॉलोनियां हाल ही में सरकार द्वारा नियमित की गई हैं, उनमें स्ट्रीट लाईट, सड़क, सीवरेज, पेयजल आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए जल्द डीपीआर तैयार करें तथा एक्शन प्लान के तहत कार्य जल्द करवाएं।

### प्रॉपर्टी डाटा को स्व-प्रमाणित करने वालों को टैक्स में छूट

**निगमायुक्त** ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स डाटा को स्व-प्रमाणित करने वालों को 100 प्रतिशत ब्याज माफी तथा मूल राशि पर 15 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। संबंधित अधिकारी विभिन्न क्षेत्रों में कैंप लगाकर प्रॉपर्टी मालिकों को डाटा स्व-प्रमाणित करने के लिए जागरूक करें तथा मौके पर ही उन्हें छूट व ब्याज माफी लाभ के साथ टैक्स जमा करवाने की सुविधा उपलब्ध करवाएं, ताकि अधिक से अधिक प्रॉपर्टी मालिक योजना का फायदा ले सकें। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि अब तक 182 करोड़ रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स प्राप्त हो चुका है तथा मार्च माह तक 250 करोड़ का लक्ष्य पूरा होने की संभावना है।

# स्वच्छता के लिए नवीन गोयल ने मदनपुरी से शुरू किया 30 दिन का चैलेंज कार्यक्रम

## डॉ. डीपी गोयल नवीन गोयल ने साथियों के साथ उठाई झाड़ू और कर दी सड़क साफ

## स्व. मदल लाल ग्रोवर की प्रतिमा के सामने सड़क पर की सफाई



गुरुग्राम के मदनपुरी से स्वच्छता के लिए 30 दिन के चैलेंज की शुरुआत पर सफाई करते नवीन गोयल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**स्वच्छता** के मामले में गुरुग्राम को देश के टॉप-10 शहरों में शामिल कराने के लिए ग्रीन गुरुग्राम-क्लीन गुरुग्राम बनाने के लिए प्रयासरत पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने स्वच्छता के लिए 30 दिन का चैलेंज लेकर गुरुवार से सफाई अभियान शुरू किया।

चैलेंज के तहत रोजाना एक साइट पर सफाई की जाएगी। इस अभियान में उनके साथियों की फौज भी उतरी और देखते ही देखते क्षेत्र को चमका दिया। रेलवे सलाहकार समिति के प्रदेश सह-संयोजक डॉ. डीपी गोयल ने भी अभियान में शिरकत की।

सफाई की शुरुआत मदनपुरी क्षेत्र में स्वर्गीय मदन लाल ग्रोवर की प्रतिमा के सामने से की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्या डॉ. सुधा यादव, संगठन में राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा ओमप्रकाश धनखड़, प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में काम करते हुए डा. डीपी गोयल, नवीन गोयल ने जनहित में यह स्वच्छता अभियान शुरू किया।

इस अवसर पर डा. डीपी गोयल ने कहा कि स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारियों में शामिल है। स्वच्छता की घर से शुरुआत करके हम समाज में सकारात्मक काम करके अच्छा संदेश दे सकते हैं। नवीन गोयल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती से सबसे पहले स्वच्छता अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई थी। इस दिवस पर देश में जागृति आई और देश के करोड़ों लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरणा लेकर स्वच्छता अभियान को गति दी। इस साल बीते 1 अक्टूबर को देश में स्वच्छता अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाया गया। केंद्र से मंत्रियों ने अलग-अलग राज्यों के शहरों में जाकर आम आदमी के साथ मिलकर सफाई करके इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया।

इस अभियान में आरपी सिंह, पारस बक्शी, जितेश गोगिया, अशोक सेन, बलराम, कैप्टन सुरेश, ललित क्रांतिकारी, रवि शर्मा, अनिल कुमार, आरपी गुलाटी, ईशू वाल्मीकि, हरीश वर्मा, संदीप शर्मा व टीम, रजनीश राठी, अनिल अग्रवाल, पन्नू, रविंद्र, राजकुमार समेत अनेक लोगों ने भाग लेकर स्वच्छता का संदेश दिया।

# घरों के बाहर खड़ी कई गाड़ियों के शीशे तोड़े आरोपी सीसीटीवी में कैद



गुरुग्राम की कृष्णा कॉलोनी में एक युवक द्वारा तोड़े गए कई गाड़ियों के शीशे।

**गुरुग्राम।** यहां कृष्णा कालोनी में बुधवार की रात को कई गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए गए। शीशे तोड़ने की पूरी वारदात आसपास के घरों पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। सुबह जब इस घटना का लोगों को पता चला तो पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी हासिल की और सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन ने गुरुग्राम को बताया कि आरोपियों की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहचान की जा रही है।

स्थानीय कृष्णा कालोनी में रोजाना की तरह लोग अपनी गाड़ियों को घरों के बाहर खड़ी करके सो रहे थे। सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहा है कि एक युवक एक के बाद एक गाड़ियों पर पत्थर मारकर तोड़ रहा है। युवक की मंशा क्या थी, यह अभी समझ से परे है। क्योंकि गाड़ियों में किसी तरह का सामान भी चोरी नहीं हुआ है। युवक सिर्फ गाड़ियों के शीशे तोड़कर ही फरार हो गया। सुबह

## पुलिस आरोपी की पहचान करके गिरफ्तारी के कर रही प्रयास

## इससे पहले भी शहर की कई कॉलोनियों में हुई हैं ऐसी वारदात

लोगों को इस घटना का पता चला। एक के बाद एक कई गाड़ियों के शीशे टूटे पाए गए। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने आसपास के घरों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। पुलिस ने फुटेज लेकर आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन का कहना है कि युवक वहां से किस तरफ गया। कहां से आया था। इस तरह की जानकारियां भी जुटाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही युवक की पहचान करके उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दिल्ली में मौसमी संक्रमण से बच्चों के श्वसन स्वास्थ्य को खतरा: डॉ. चंद्रशेखर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**एक** समृद्ध संस्कृति और जीवंत उत्सवों वाले शहर के रूप में, दिल्ली अपने मौसमी वायु गुणवत्ता में उतार-चढ़ाव के लिए कुख्यात है। शरद ऋतु और दिवाली के साथ, क्षेत्र में बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं सामने आ गई हैं। वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर से श्वसन की स्थिति खराब हो सकती है और बच्चों में अस्थमा और ब्रोन्कियल समस्याओं में वृद्धि हो सकती है।

पतझड़ के मौसम के दौरान, दिल्ली में हवा की गुणवत्ता खराब होती है, और दिवाली के दौरान और उसके बाद यह अपने चरम पर पहुंच जाती है। वायु गुणवत्ता में गिरावट फसल जलने, मौसम की स्थिति और पटाखों के उत्सर्जन के संयुक्त प्रभाव का परिणाम है। इसका बच्चों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है, विशेषकर उन लोगों पर जो पहले से ही अस्थमा और ब्रोंकाइटिस जैसी श्वसन समस्याओं से पीड़ित हैं। रोज वॉक हेल्थकेयर की यूनिट हेड डॉ. निकिता सब्बरवाल ने कहा, दिल्ली के मौसमी संक्रमण से बच्चों के श्वसन स्वास्थ्य को खतरा है। जितना संभव हो सके अपने बच्चे को घर के अंदर रखें, वायु शोधक का उपयोग करें, और धुएं और धूल के स्रोतों से बचें। उन्होंने आगे कहा, दिल्ली का मौसम और दिवाली की चमक बच्चों के फेफड़ों के लिए खतरा पैदा कर सकती है। घर के अंदर ताजी हवा को प्राथमिकता दें और एक स्वस्थ और खुशहाल त्योहारी सीजन सुनिश्चित करते हुए जिम्मेदारी से जश्न मनाएं।

डॉ. चंद्र शेखर सिंघा, वरिष्ठ सलाहकार, एमबीबीएस, पीडियाट्रिक क्रिटिकल केयर, मधुकर रेनबो चिल्ड्रेन हॉस्पिटल के एमडी ने खुद को और अपने बच्चों को सांस संबंधी समस्याओं से सुरक्षित रखने के लिए कुछ सुरक्षा उपाय साझा किए: (1) दिवाली के बाद की रातों में घर के अंदर रहने की सलाह दी जाती है। (2) बच्चों को एक अच्छा मास्क पहनाएं जो फैलने वाले प्रदूषकों के साथ-साथ विभिन्न श्वसन वायरस से सुरक्षा प्रदान करेगा। (3) घर के अंदर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने और उचित वेंटिलेशन सुनिश्चित करने के लिए अपने घर में एयर प्यूरीफायर स्थापित करें, लेकिन उच्च प्रदूषण के दौरान खिड़कियां खोलने से बचें। (4) अपने बच्चे को अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रखने से उनके श्वसन तंत्र पर प्रदूषण के प्रभाव को कम करने में मदद मिल सकती है। (5) एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर संतुलित आहार प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में मदद कर सकता है।

बच्चों की सुरक्षा के लिए सावधानी बरतना आवश्यक है, लेकिन किसी भी चेतावनी संकेत के प्रति सतर्क रहना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

# नप की शहर को तिरंगा रोशनी से जगमग करने की योजना लटकी अधर में

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद की एक और योजना अधर में लटकी। शहर के 8 मार्गों को तिरंगा रोशनी से जगमग करने की योजना दो दिन के बाद से ठप। परिषद अधिकारी उक्त योजना को दीपावली से पहले पूरी करने का दावा कर रहे है।

नगर परिषद प्रशासन ने बीते करीब डेढ़ साल में आधा दर्जन योजनाओं को अमलीजामा पहनाने हुए शहर को साईबर सिटी गुरुग्राम के तर्ज पर विकास कराने के दावे किए थे। जिनमें बरसात के मौसम में शहर को जलभराव से मुक्त बनाने की योजना, शहर की सड़कों को स्मार्ट मार्ग बनाने की योजना, दमदमा चौक पर समवैल बनाने की योजना, दमदमा मोड़ पर दीनदयान पार्क बनाने की योजना, राजीव गांधी पार्क का सौदर्यीकरण कराने की योजना, नगर परिषद भवन की कायाकल्प करने की योजना। शहर के बीचों बीच 9 मंजिला मल्टीलेवल पार्किंग और शॉपिंग माल बनाने समेत अन्य योजनाओं के साथ परिषद अधिकारी ने दीपावली से पहले शहर के 8 मुख्य मार्गों को तिरंगा रोशनी से जगमग करने की एक साल पुरानी योजना को अमलीजामा पहनाने के दावे किए थे। जबकि उक्त योजना को ठेकेदार ने दीपावली से मात्र चार दिन पहले कवायद शुरू की थी। जिसकी शुरुआम गुरुग्राम-अलवर मार्ग से की गई। सड़क के बीचों बीच लगी स्ट्रीट लाइटों के पोल पर तिरंगा लाइट लगाने का कार्य दो दिन चलने के बाद ठप हो गया। गुरुग्राम-अलवर मार्ग पर भी पूरी तरफ से तिरंगा रोशनी से जगमग नहीं हो सका है।

**योजनाएं बनी मुंगेरीलाल के सपने:** पिछले डेढ साल से नगर परिषद की एक भी विकास कार्य योजना श्रेय नहीं चढ़ पाई है। जिसके कई कारण विकास कार्यों में बाधा बनें होने के



नगर परिषद के अधर में लटकी तिरंगा रोशनी से शहर को जगमग करने की योजना।

सामने आए है। जिसमें कार्यकारी अधिकारी की स्थाई नियुक्ति न होना, परिषद चेयरपर्सन की डगमगाती कुर्सी, नगर परिषद प्रशासन के अंदर आपसी राजनीति भी विकास कार्यों में बाधा रही है। जिसके चलते परिषद अधिकारियों ने कागजों से लेकर सदन की होने वाली बैठकों में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों के प्रस्तावों को मंजूरी देते हुए शहरवासियों को मूंगेरीलाल के सपने दिखाएं जा रहे हैं। इन प्रस्तावों को धरातल पर अमलीजामा नहीं पहनाया जा रहा है। इन योजनाओं के जानकारी के लिए जब नगर परिषद के एक्सइएन से विक्की से फोन के माध्यम से जानकारी प्राप्त करनी चाही। उनका मोबाइल बंद पाया गया। परिषद के जेई और एसडीओ ने फोन उठाना संभव नहीं समझा। अधिकारी मीडिया के सामने आने और अपने बयान देने से बच रहे हैं।

# अपना लाइफ सर्टिफिकेट जमा करवाएं पेंशनर

**गुरुग्राम।** हरियाणा खजाना कार्यालय से पेंशन ले रहे जिला के सभी सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं अधिकारी 25 नवंबर तक जीवन प्रमाण पत्र अपने क्षेत्र के ट्रेजरी ऑफिस में जमा करवा दें। इस लाइफ सर्टिफिकेट को अब जीवन प्रमाण पोर्टल के जरिए ऑनलाईन जमा करवाया जा सकता है।

गुरुग्राम की जिला खजाना अधिकारी नैंसी यादव ने बताया कि प्रदेश के पेंशनधारक हर साल नवंबर माह के दौरान अपना लाइफ सर्टिफिकेट ट्रेजरी कार्यालय में जमा करवाते हैं। इस बार सरकार की ओर से यह सुविधा दी गई है कि सर्विस से सीधे रिटायर हुए पेंशनर अपना जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाईन भी दे सकते हैं। इसके लिए उनको सीएससी सैंटर पर जाकर जीवन प्रमाण पोर्टल पर बायोमीट्रिक हाजिरी लगावानी होगी, जिसमें उनके चेहरे की पहचान या हाथों के निशान लगवाए जाएंगे।

# मानेसर आईएमटी चौक पर लगेंगी ट्रैफिक सिग्नल लाइटें, बनेंगे फुटपाथ

## जिला प्रशासन के साथ मिलकर राहगिरी फाउंडेशन कर रही डिजाइन पर काम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मानेसर** सेक्टर-1 के समीप आईएमटी चौक पर यातायात को सुचारू एवं निर्बाध गति से चलाने के लिए यहां पर ट्रैफिक लाइटें लगाई जाऐंगी। इसके अलावा पैदल यात्रियों के लिए फुटपाथ का निर्माण भी करवाया जाएगा। काम को मूर्त रूप देने के लिए राहगिरी फाउंडेशन जिला प्रशासन के साथ मिलकर काम कर रही है।

इस संबंध में गुरुवार को नगर निगम आयुक्त अशोक कुमार गर्ग ने नगर निगम के अधिकारी, आईएमटी असोसिएशन, मीवा, राहगिरी फाउंडेशन व मानेसर सेक्टर-1 आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों सहित





नगर निगम मानेसर में अधिकारियों की बैठक लेते आयुक्त अशोक कुमार गर्ग।

अन्य स्थानीय लोगों के साथ बैठक की। मानेसर नगर निगम आयुक्त अशोक कुमार गर्ग ने कहा कि आईएमटी चौक के सौंदर्यीकरण व अन्य कामों के लिए स्टोक होल्डर्स का सुझाव जरूर लिया जाना चाहिए। स्थानीय होने की वजह से उन्हें इलाके की समस्याओं की समझ ज्यादा है। स्टेक होल्डर्स ने कहा कि आईएमटी चौक पर पीक आवर्स में ट्रैफिक की समस्या ज्यादा होती है। चौक पर यातायात का दबाव काफी अधिक होता है। यहां पर ट्रैफिक सिग्नल लाइटों की जरूरत है। गुरुग्राम से मानेसर आने वाली तरफ आईएमटी चैक पर रेहड़ी वाले अतिक्रमण करते है, जिससे यहां ट्रेफिक मूवमेंट धीमा होता है।

इस पर आयुक्त ने निगम अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों ने अपने सुझाव में कहा कि आईएमटी चैक से मानेसर गांव की ओर जाने वाले रास्ते को चैड़ा करने की जरूरत है, जिससे यहां फुटपाथ का निर्माण हो और पैदल यात्री इसका प्रयोग कर सकें।

राहगिरी फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने इस संबंध में बताया कि चौक पर ट्रैफिक सिग्नल लाइटों के लिए पोल लगा दिए गए है। एक सप्ताह के भीतर यहां पर लाइट भी लगा दी जाऐंगी। रोड पर पेंट से मार्किंग,फ्लाईओवर की दीवारों पर पेंटिंग करवा दी गई है। फुटपाथ के निर्माण या किसी भी प्रकार का स्ट्रक्चरल बदलाव अभी नहीं किया गया है।

यातायात पुलिस और स्थानीय लोगों के सुझाव के बाद ही यहां पर कुछ स्ट्रक्चरल बदलाव किए जाएंगे। इस पर आयुक्त ने निर्देशित किया कि एनएचएआई,नगर निगम, मीवा, आरडब्ल्यूए अधिकारी व पदाधिकारियों के साथ एक संयुक्त दौरा करके ही स्थाई निर्माण या बदलाव का निर्णय लिया जाएगा। बैठक में उनके साथ नगर निगम के संयुक्त आयुक्त दिनेश कुमार, सुपरिंडेंटेंट इंजिनियर विजय ढाका, एक्सईएन नवीन धनखड़ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुरुग्राम पुलिस ने 2 बच्चों को किया रेस्क्यू

**गुरुग्राम।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हरियाणा राज्य अपराध के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत पूरे प्रदेश में गुमशुदा/बंधक/शोषित बच्चों, महिलाओं व व्यक्तियों को ढूंढकर उनके परिजनों से मिलाया जाता है।

पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक वीरेंद्र विज व सुरेंद्र कौर एसीपी सीएडब्ल्यू वेस्ट की देखरेख में ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत उप-निरीक्षक मुकेश कुमारी प्रबंधक थाना महिला पश्चिम गुरुग्राम की पुलिस टीम ने 16 नवंबर को दो लावारिस बच्चों को सोहना चौक से रेस्क्यू किया। 10 व 12 वर्षीय दोनों बच्चे उत्तर प्रदेश के जिला मैनपुरी के निवासी हैं। पुलिस टीम द्वारा रेस्क्यू किए गए उपरोक्त दोनों बच्चों के माता-पिता का पता करके बच्चों को बाल-कल्याण समिति में पेश किया गया व उनकी काउंसलिंग करवा कर बच्चों को उनके माता-पिता के हवाले किया गया।

# लकड़ी व कोयला युक्त तंदूर भट्टी का नहीं करें उपयोग: डा. नरेश कुमार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नगर** निगम गुरुग्राम की पर्यावरण एवं स्थिरता विंग के नोडल अधिकारी संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डा. नरेश कुमार ने गुरुवार को गुरुग्राम में स्थित बैंकेट हॉल, होटल व रेस्टोरेंट संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में उन्होंने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स के प्रभावी कार्यान्वयन तथा सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग को बंद करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अधिसूचित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स की पालना करना सभी के लिए अनिवार्य है। इसके तहत प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करना दंडनीय अपराध है। अगर कोई व्यक्ति इनका उपयोग करता है, तो उस पर नियमानुसार भारी जुर्माना लगाने के साथ ही अन्य कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक मानव व जीव-जंतुओं के स्वास्थ्य तथा पर्यावरण के लिए घातक है। हम सभी को मिलकर



गुरुग्राम के बैंकेट हॉल, होटल व रेस्टोरेंट संचालकों के साथ बैठक करते संयुक्त आयुक्त नगर निगम डा. नरेश कुमार।

इसके उपयोग को खत्म करने की दिशा में कार्य करना होगा। सरकार द्वारा प्रत्येक संस्थान व व्यक्ति की जिम्मेदारियां निश्चित की गई हैं, जिनकी पालना करना अनिवार्य है।

डा. नरेश कुमार ने कहा कि आप सभी को पता है कि प्रतिदिन 50 किलोग्राम या इससे अधिक कचरा उत्पन्न करने वालों को ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के तहत बल्क वेस्ट जनरेटर की श्रेणी में रखा गया है। ऐसे कचरा उत्पादकों को मेरा कचरा मेरी जिम्मेदारी की भावना का पालन करना अनिवार्य है। बल्क वेस्ट जनरेटर अपने यहां उत्पन्न होने वाले कचरे को अलग-अलग श्रेणियों जैसे गीला, सूखा व हानिकारक श्रेणी में रखें। गीले कचरे से अपने परिसर में ही खाद तैयार करके उसका उपयोग हरियाली बढ़ाने में करें तथा सूखा व हानिकारक कचरा अधिकृत रिसायकलर को सौंपें।

उन्होंने कहा कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में रिवाईज्ड ग्रेडिड रैस्पांस एक्शन प्लान लागू किया हुआ है। इसके तहत प्रदूषण बढ़ाने वाली कई गतिविधियों को प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने बैंकेट हॉल, होटल व रेस्टोरेंट संचालकों से कहा कि वे अपने यहां कोयला व लकड़ी युक्त तंदूर भट्टी का इस्तेमाल ना करें और ना ही अपने यहां से निकलने वाले कचरे में आग लगाएं।

# गाजा की पीड़ा

## मानवीय संकट

**गाजा** में लगातार गहराते मानवीय संकट से निपटने के लिए तत्काल व प्रभावी वैश्विक हस्तक्षेप की आवश्यकता है। गाजा में मानवीय आपातकाल लगातार गंभीर होता जा रहा है। इज़राइली बलों द्वारा शिफा अस्पताल को घेर लेने तथा उस पर कभी-कभी हमलों से पहले से ही गंभीर स्थिति और गंभीर हो गई है। हालांकि, इज़राइली बलों का कहना है कि हमास आतंकियों ने शिफा अस्पताल को अपना अड्डा बना लिया था और इसके प्रमाण भी मीडिया को दिए गए हैं। अमेरिका ने भी इसकी पुष्टि की है। लेकिन लोगों के अस्पताल परिसर में मरने की खबरें आ रही हैं। लोग अस्पताल में मर रहे हैं, जबकि उनके वहां स्वस्थ होने की उम्मीद होती है। इससे खतरे की घंटियां बज गई हैं तथा तत्काल अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप की आवश्यकता है। शिफा अस्पताल गाजा का सबसे बड़ा अस्पताल है और अब वह इज़राइल-हमास टकराव का मुख्य बिंदु बन गया है। उसके सभी फाटकों पर इज़राइली बलों की उपस्थिति से वहां चिकित्सा सहायता और शरण लेने वाले नागरिकों में निराशा की भावना घर कर गई है। अंतरराष्ट्रीय मानवतावादी कानून के अंतर्गत किसी स्वास्थ्यरक्षा संस्थान पर हमला या इसकी धमकी गंभीर नैतिक चिन्ता का विषय है। इस घेरेबंदी ने अस्पताल का कामकाज प्रभावित किया है तथा चिकित्सक लोगों की सहायता नहीं कर पा रहे हैं। इस स्थिति से युद्ध के सिविलियन जनसंख्या पर गंभीर परिणाम स्पष्ट होते हैं। इनमें खासकर सर्वाधिक संकटग्रस्त बीमार, वृद्ध व घायल शामिल हैं। नार्वे के निदेशक विबके लोकबर्ग ने 2010 में 'टियर्स आफ गाजा' डाक्यूमेंट्री फिल्म बनाई थी। उस समय इस फिल्म ने इज़राइल-शासित गाजा में 1967 से फिलिस्तीनियों पर हो रहे अत्याचारों को उजागर किया था। यदि उस फिल्म का पुनर्निर्माण किया जाए तो उसका नाम 'टियर्स आफ ब्लड इन गाजा' रखा जा सकता है। गाजा में सारी उम्मीदें ध्वस्त होने के बाद वहां नागरिक केवल



संभावित मृत्यु की प्रतीक्षा कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ भी इस त्रासदी पर मौन है जो मानवता के खिलाफ अपराध के सिवा और कुछ नहीं है।

स्थिति येरूशलम मामलों व विरासत के मंत्री अमिचाई इलियाहू के इस आश्चर्यजनक बयान से और गंभीर हुई जिसमें कहा गया था कि गाजा पर नाभिकीय बल प्रयोग किया जा सकता है। यह न केवल नैतिक रूप से निन्दनीय बयान है, बल्कि अस्थिर स्थिति को और गंभीर बना देता है। इससे और अधिक हिंसा की आशंका पैदा होती है। मंत्री के बयान की व्यापक निन्दा हुई। इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू ने फौरन यह बयान खारिज कर इलियाहू को मंत्रिमंडल से बाहर कर दिया। इस टकराव को समाप्त करने में अंतरराष्ट्रीय समुदाय की भूमिका और जवाबदेही पर सवाल उठते हैं। दुनिया को फौरन गाजा में बिगड़ती स्थिति पर प्रतिक्रिया कर मध्यस्थता के प्रयास करने चाहिए। तत्काल युद्धविराम कराने तथा प्रभावित क्षेत्रों तक मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए राजनयिक प्रयास तेज किए जाने चाहिए। मानवतावादी संगठनों को स्वतंत्र रूप से काम की अनुमति देकर प्रभावित नागरिकों तक आवश्यक सहायता व चिकित्सा देखभाल पहुंचानी चाहिए। सशस्त्र संघर्ष को समाप्त करने के लिए शांति प्रयास तेज करते हुए राजनयिक प्रयासों को ज्यादा महत्व दिया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्रसंघ जैसे संगठनों तथा अंतरराष्ट्रीय समुदाय को तत्काल युद्धविराम कराने तथा गाजा पट्टी से इज़राइली बलों के बाहर जाने की परिस्थितियां तैयार करनी चाहिए। इज़राइल ने स्वीकार किया है कि हमास का सफाया कर दिया गया है, ऐसे में सैनिक बलों की कार्रवाई जारी रखने का कोई औचित्य नहीं है।

# कृत्रिम बुद्धि : एक दोधारी तलवार

एआई हालिया समय की सबसे बड़ी तकनीकी प्रगति है। लेकिन यह गलत सूचनाओं व 'डीप फेक' को बढ़ावा देकर मानवता के लिए बड़ा खतरा भी पैदा कर सकती है।



**गोविंद भट्टाचार्जी**
(लेखक, वित्त प्रबंधन के प्रोफेसर हैं)



पिछले साल शुरू हुए एआई टूल को विविधतापूर्ण क्षमताओं के कारण असाधारण सफलता मिली है और 'चैटजीपीटी' ने दुनिया में तूफान खड़ा कर दिया है। हमारे जीवन में सुधार तथा मानवजाति की समस्याओं के समाधान की असाधारण संभावनाओं ने डेटा वैज्ञानिकों और सरकारों को अपनी संभावनाओं के कारण इसने चिन्ता में डाल दिया है। इसमें गलत सूचनाओं व अविश्वास का माहौल पैदा करने की भी भारी संभावनायें हैं। फर्जी खबरों और झूठे प्रचार के माध्यम से चुनावों में हस्तक्षेप कर यह लोकतंत्र को भी खतरे में डाल सकता है। इससे ऐसे समय सच्चाई व झूठ में अंतर करना कठिन हो सकता है जब दो सबसे बड़े लोकतंत्रों में अगले साल चुनाव होने जा रहे हैं। मार्च, 2023 में लगभग एक हजार तकनीक विशेषज्ञों ने एक खुला पत्र लिख कर सबको चिन्ता में डाल दिया है कि यह मानवजाति के अस्तित्व के लिए खतरा बन सकती है तथा इस पर तत्काल नियंत्रण की आवश्यकता है। इस पत्र में शक्तिशाली एआई व्यवस्थाओं के विकास पर 6 महीने रोक लगाने की मांग करते हुए कहा गया था कि 'शक्तिशाली एआई व्यवस्थाओं का केवल एक बार विकास किया जाना चाहिए। हमें विश्वास है कि उनके प्रभाव सकारात्मक होंगे तथा उनके जोखिम प्रबंधन योग्य होंगे।' यह समय एआई व्यवस्थाओं के लिए 'साझा सुरक्षा प्रोटोकाल' विकसित करने के लिए जरूरी है और सरकारों को यह रोक लगाने की दिशा में तत्काल कदम उठाने चाहिए।

लेकिन तत्काल सरकारी कार्रवाई की संभावना बहुत कम है क्योंकि राजनेताओं की एआई के बारे में समझदारी बहुत कम है। हालांकि, कुछ सरकारों ने मामले पर गंभीरता दिखाई है। 1 व 2 नवंबर, 2023 को दुनिया भर में 27 सरकारों के प्रतिनिधियों तथा सर्वोच्च कृत्रिम बुद्धि-एआई कंपनियों के प्रमुखों ने ब्रिटेन के ब्लेची पार्क में पहला 'एआई सुरक्षा सम्मेलन' आयोजित किया। इसमें संयुक्त राष्ट्रसंघ, अमेरिका, चीन, यूरोपीय संघ तथा भारत के साथ तकनीक कंपनियों ओपेनएआई, एंथ्रोपिक, गूगल डीपमाइंड, माइक्रोसाफ्ट, मेटा व एक्सएआई ने भाग लिया। 2021 में यूरोपीय संघ के नीति निर्माताओं ने एआई तकनीकों के बारे में एक कानून का प्रस्ताव किया था, पर अभी उसे पास नहीं किया गया है। 2022 में एआई संबंधी 37 विनियमन दुनिया भर में पास किए गए। हालांकि, इटली ने चैटजीपीटी पर प्रतिबंध लगाया है, पर किसी स्पष्ट वैश्विक समन्वय का अभाव दिख रहा है।

1 नवंबर को जारी 'ब्लेचली घोषणा' जारी की गई जिसमें एआई के तत्कालीन व दूरगामी जोखिमों को पहचाना गया है। इसमें एआई व्यवस्थाओं के निर्माताओं की जिम्मेदारी निर्धारित की गई है कि वे सुरक्षा सुनिश्चित करें तथा जोखिमों की पहचान व उनको घटाने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट करें। हालांकि, सम्मेलन की कार्रवाई गोपनीय थी, पर ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने 2 नवंबर को कहा कि अमेरिका, ईयू तथा 'समान सोच वाले' देश चयनित एआई कंपनियों के साथ इस 'उल्लेखनीय समझौते' पर सहमत हुए कि प्रयोग करने के पहले उनके माडलों का कठोर आंकलन होगा। लेकिन चीन ने इस समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए। एआई कंपनियों ने सहमति प्रकट की कि वे सरकारों की अपने माडलों तक जल्दी पहुंच सुनिश्चित करेंगी। हालांकि, इस मामले में खास प्रगति नहीं हुई है, पर विश्व स्तर पर समन्वय स्वागत योग्य प्रयास है कि मानवजाति एआई की असीमित क्षमताओं के खतरे का मुकाबला करने के लिए एकजुट हो सकती है। सम्मेलन के अंत में उसकी अध्यक्षता करने वाले ब्रिटेन ने इस संबंध में बयान जारी किया। इसमें कहा गया है कि अग्रणी एआई तकनीकों की सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की प्रक्रिया विकसित की जाएगी। साझा एवं मापन योग्य अंतरराष्ट्रीय मानकों के विकास पर सहमति बनी है। इनमें व्यवस्थाओं की सुरक्षा, माडलों के परीक्षणों में सरकारों की भूमिका, माडलों के प्रयोग व उसके पहले आंकलन, शुरुआती चरणों में माडलों का परीक्षण तथा बड़े भाषाई माडलों का परीक्षण शामिल हैं। प्रतिनिधियों ने एआई तकनीकों के कुछ पक्षों को खोलने पर भी विचारों का साझा किया जिनमें अर्थव्यवस्थाओं तथा समाजों को बदलने की क्षमता है। इनमें खासकर स्वास्थ्यरक्षा, शिक्षा तथा पर्यावरणीय समस्याओं से निपटना शामिल है।

वर्तमान समय में अग्रणी एआई तकनीकों और उनके विकास के बारे में विभिन्न देशों की समझदारी अधूरी है। एआई के लाभ सभी देशों तथा सभी समूहों को मिलने चाहिए जिनमें अल्पसंख्यक व हाशियाकृत समूह शामिल हैं। ऐसा न होने पर भयानक असमानता पैदा होगी तथा भविष्य में विनाशकारी परिणाम सामने आ सकते हैं। इस दिशा में 2019 के एआई पर ओईसीडी की संस्तुतियों तथा हिरोशिमा प्रक्रिया पर जी-7 की पहल जैसे कुछ कदम उठाए गए हैं। खासकर हिरोशिमा प्रक्रिया के अंतर्गत एआई व्यवस्थाओं के विकास और प्रयोग पर अंतरराष्ट्रीय दिशानिर्देशक सिद्धान्त महत्वपूर्ण हैं। लेकिन एआई की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गतिविधियों की विभिन्न शाखाओं, कौशलों, प्रतिभाओं तथा भौतिक ढांचागत संरचनाओं के बीच कनवर्जेंस सुनिश्चित करना जरूरी होगा।

वर्तमान समय में इन पर विकसित देशों तथा विशाल तकनीक कंपनियों का कब्जा है, इसके लाभों व समावेशन का साझा नहीं हो रहा है तथा जोखिमों को घटाया नहीं जा सकता है। वर्तमान समय में एआई शक्ति कुछ कंपनियों के हाथों में केन्द्रित है और वे इस पर अपना वर्चस्व छोड़ना नहीं चाहती हैं। केवल मुनाफे से संचालित कंपनियों के हाथों में एआई शोध का एकाधिकार बुरे परिणाम दे सकता है। समस्या के समाधान के लिए कोडों को खोलने की बात हो रही है। लेकिन इसके विपरीत कहा जा रहा है कि ऐसा करने से कोड 'दुष्ट राज्यों' व 'गैर-राज्य कारकों' के हाथों में जा सकते हैं।

एआई पर नियंत्रण के लिए विभिन्न देश अलग-अलग उद्देश्यों से एक दूसरे के साथ प्रतियोगिता कर रहे हैं। अमेरिका खोज को प्रोत्साहन देने के लिए तकनीकी कंपनियों के आत्म-नियमन पर जोर दे रहा है, जबकि ईयू जोखिम-आधारित दृष्टिकोण को स्वीकार करता है। चीन के लिए 'समाजवादी मूल्यों' का अर्थ राजनीतिक नियंत्रण है और वह विनियमन की दिशा में सबसे आगे है। ईयू का जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेग्युलेशन-जीजीपीआर 2018 से प्रभावी है और वह पर्सनल डेटा की निजता सुरक्षा पर जोर देता है। अमेरिका के विनियमन मुख्यत: चीन को नियंत्रित करने पर केन्द्रित हैं।

एआई विकास की असाधारण गति को देखते हुए यह सवाल भी है कि किस चीज पर नियमन किया जाए। तकनीकी फर्में सीमित क्षेत्र में नियमन चाहती हैं और इसे सर्वाधिक शक्तिशाली अग्रणी माडलों की जांच तक सीमित करना चाहती हैं। माइक्रोसाफ्ट एक लाइसेसिंग व्यवस्था की मांग कर रहा है जहां फर्मों को कुछ निर्धारित सीमाओं को पार करने वाले माडलों का पंजीकरण कराना होगा। कुछ कंपनियां शक्तिशाली चिपों की बिक्री पर नियंत्रण की मांग कर रही हैं जिनका प्रयोग एलएलएम के प्रशिक्षण में होता है। अनेक विशेषज्ञों के अनुसार, सर्वोत्तम विकल्प एक ऐसी नई वैश्विक, तटस्थ व गैर-मुनाफे वाली अंतरराष्ट्रीय नियामक एजेंसी की स्थापना करना है जो जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी समिति-आईपीसीसी की तरह हो।

यह एजेंसी अग्रणी एआई तकनीकों के निर्देशन, समन्वय व नियंत्रण का काम कर सकती है। इसके साथ ही यह एजेंसी एआई तकनीकों के लिए अनिवार्य रूप से लागू होने वाले सुरक्षा प्रोटोकालों को तैयार कर सकती है। ऐसी संस्था में सभी सरकारों का प्रतिनिधित्व तथा समान मताधिकार होने चाहिए। इसका अर्थ सभी पक्षों को एकसाथ लाना होगा, लेकिन इसमें सबसे बड़ी बाधा विकसित देश तथा उनकी तकनीक कंपनियां हो सकती हैं जो केवल उस समय तक असीमित मुनाफा कमा सकती हैं जब तक अन्य को अद्यतन व उत्कृष्टतम एआई तकनीकों से बाहर रखा जाए। संक्षेप में कहा जाए तो एआई तकनीक वर्तमान समय में मानवजाति की एक सर्वोत्तम उपलब्धि है, पर यदि इस पर समुचित नियंत्रण न किया गया तथा यह 'दुष्ट शक्तियों' के हाथ लग गई तो मानवजाति का विनाश भी कर सकती है।

# बढ़ते नगरीकरण के संभावित परिणाम

"जैसे-जैसे दुनिया में शहरीकरण बन रहा है। शहरी क्षेत्रों और कार्बन उत्सर्जन के बीच संबंध मौजूदा जलवायु संकट में केंद्रीय स्तर पर आ गया है।"



हीरा लाल



कविराज सिंह

जैसे जैसे दुनिया तेजी से शहरीकृत होती जा रही है, शहरी क्षेत्रों और कार्बन उत्सर्जन के बीच संबंध मौजूदा जलवायु संकट में केंद्रीय स्तर पर आ गया है। चूंकि शहरीकरण 21वीं सदी की परिभाषित विशेषताओं में से एक है, इसलिए कार्बन उत्सर्जन पर इसके प्रभाव को समझना महत्वपूर्ण है। यह केवल शहरी क्षेत्रों में जीवाश्म ईंधन जलाने से होने वाले 70 प्रतिशत सीओ2 उत्सर्जन के बारे में नहीं है, वैश्विक कार्बन चक्र पर शहरीकरण का प्रभाव इन उत्सर्जनों से कहीं आगे तक जाता है। इस लेख में, हम कार्बन उत्सर्जन पर शहरीकरण के प्रभाव की बहुमुखी प्रकृति पर प्रकाश डाल रहे हैं और इस गंभीर मुद्दे से निपटने के लिए एक समाधान-उन्मुख दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं।

विभिन्न अनुमानों के अनुसार, 2050 तक, सात अरब लोग शहरों में रहेंगे, और इससे बिगड़ती जलवायु और स्थिरता के संबंध में चिंताएं बढ़ेंगी। अकेले वर्ष 2020 में, शहरी क्षेत्रों के निवासियों ने सामूहिक रूप से वायुमंडल में 29 ट्रिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ा। हालांकि ये उत्सर्जन जलवायु परिवर्तन के एक प्रबल चालक हैं, लेकिन ये सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करते हैं। सीओ2 के स्तर में इस वृद्धि के परिणाम मौसम संबंधी रिकॉर्ड और जलवायु मॉडल के दायरे से परे तक फैले हुए हैं।

कार्बनडाई आक्साइड का बढ़ता स्तर अधिक बार और चरम मौसम की घटनाओं में बदल जाता है, जिससे जीवन, आजीविका, संपत्ति और आवश्यक संसाधनों की हानि होती है। इसके अलावा, यह समुदायों की सामाजिक भलाई को नष्ट कर देता है। जैसा कि हम 2050 की ओर बढ़ रहे हैं, अनुमानित सात अरब शहरवासियों के साथ, जलवायु स्थिरता के लिए दांव कभी इतना ऊंचा नहीं रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण बढ़ा हुआ शहरीकरण, ओजोन की सांद्रता में वृद्धि में योगदान देता है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएँ पैदा होती हैं, विशेष रूप से श्वसन संबंधी समस्याओं वाले लोगों के लिए।

कम कार्बन वाले शहरों की ओर कम कार्बन वाले शहरों के निर्माण के लिए, हमें एक सेक्टर-युग्मन दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो ऊर्जा, भवन, परिवहन, उद्योग और शहरी भूमि उपयोग सहित कई क्षेत्रों का आकलन और परिवर्तन करता है। इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए आपूर्ति और मांग दोनों पक्षों पर ध्यान देना आवश्यक है। ऊर्जा क्षेत्र में, स्वच्छ और लागत प्रभावी प्रौद्योगिकियों के उपयोग को बढ़ावा देना और जीवाश्म ईंधन से नवीकरणीय ऊर्जा में परिवर्तन महत्वपूर्ण है। कार्बन डाइऑक्साइड हटाने (सीडीआर) प्रौद्योगिकियों को लागू किया जाना चाहिए, और उत्सर्जन को कम करने के लिए नवीकरणीय-आधारित जिला शीतलन और हीटिंग नेटवर्क स्थापित किए जाने चाहिए। इसके अतिरिक्त, इमारतों और बुनियादी ढांचे के निर्माण के संदर्भ में, ऊर्जा-कुशल सेवाओं, कम उत्सर्जन वाली निर्माण सामग्री और मौजूदा इमारतों की मरम्मत करते समय नए निर्माणों के लिए नेट-शून्य ऊर्जा को अनिवार्य करने पर जोर दिया जाना चाहिए। इस परिवर्तन का सार सतत विकास है – जीवन का एक तरीका जो ग्रह के संरक्षण और इष्टतम संसाधन उपयोग के साथ सामंजस्य स्थापित करता है। ऐसा विकास भविष्य की पीढ़ियों की जरूरतों को पूरा करने की क्षमता से समझौता किए बिना वर्तमान की जरूरतों पर विचार करता है।

कम कार्बन वाले शहरों में संक्रमण के लाभ कई गुना हैं। यह कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन और अन्य ग्रीनहाउस गैसों को काफी कम कर सकता है, बेहतर रोजगार की स्थिति प्रदान कर सकता है, फर्मों में ज्ञान की तीव्रता को बढ़ा सकता है और कौशल विकास को बढ़ावा दे सकता है। इसके अलावा, यह जैव विविधता और मानव स्वास्थ्य की रक्षा करते हुए खाद्य सुरक्षा, टिकाऊ जीवन और आजीविका विकल्प सुनिश्चित करता है।

निम्न-कार्बन शहरों में संक्रमण चुनौतियों से रहित नहीं है। विकासशील अर्थव्यवस्थाएँ जो जीवाश्म ईंधन पर निर्भर हैं और जिनकी नवीकरणीय ऊर्जा विकल्पों तक सीमित पहुँच है, असंगत रूप से प्रभावित हो सकती हैं। विकसित देशों में, उच्च ऊर्जा लागत और संबंधित आर्थिक असमानताओं के कारण असमानता की संभावना उत्पन्न होती है। इसके अलावा, ऊर्जा न्याय और सामाजिक समानता के मुद्दे लोगों की आर्थिक भलाई, आजीविका और आर्थिक विकास पर गंभीर प्रभाव डाल सकते हैं। न्याय संबंधी चिंताएँ बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए भूमि बेदखली, कुछ समुदायों के हाशिए पर जाने और वृद्धि में भी प्रकट होती हैं। लिंग भेद. इन चिंताओं को दूर करने के लिए, एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जो विभिन्न समुदायों की आवाज़ों पर विचार करता हो और स्वदेशी और स्थानीय ज्ञान और अनुभवों का उपयोग करता हो।

निम्न-कार्बन शहरों की ओर का मार्ग हमारे ग्रह के अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण है। इस पथ पर नेविगेट करने के लिए, हम एसईडीडी प्रस्तुत करते हैं। सूत्र, जिसमें सेक्टर-युग्मन दृष्टिकोण, ऊर्जा-प्रणाली परिवर्तन, इक्विटी और डीकार्बोनाइजेशन शामिल है। एसईडीडी फॉर्मूले को अपनाना टिकाऊ शहरीकरण की दिशा में हमारा आगे बढ़ने का रास्ता है। ऐसा करके, हम पर्यावरण पर शहरीकरण के परिणामों को कम कर सकते हैं, कार्बन उत्सर्जन को कम कर सकते हैं, और अंतत: ऐसे शहरों का निर्माण कर सकते हैं जो न केवल हरे-भरे हों बल्कि अपने सभी निवासियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाला जीवन भी प्रदान करें। यह सुनिश्चित करने का एकमात्र तरीका है कि भविष्य वास्तव में हरा-भरा होगा और हमारा ग्रह पीढ़ियों तक समृद्ध रह सकता है।

## आप की बात

### मतदाता का हाल

**देश** के सभी चुनाव जायकेदार और झन्नाटेदार होते हैं। जब से मुफ्त की रेवड़ियां लुटाने की शुरुआत हुई है तब से मतदाता खुद को खरीद-बिक्री की वस्तु की तरह बाजार में खड़ा महसूस कर रहा है। वह देख रहा है कि उसके एक वोट के लिए सत्ता के लालची कैसे मोल-भाव कर रहे हैं। वोट के लिए उसकी फसलों के अधिकतम मूल्य की बातें हो रही हैं। इसके साथ ही मुफ्त का अनाज, नगदी और अनेक अन्य चीजों की घोषणायें हो रही हैं। लेकिन हो सकता है कि चुनाव जीतने के बाद अचानक परिस्थिति बदल जाए और सत्तारूढ़ दल अपने घोषणापत्र में किए वादे भूल जाए तो फिर अगले 5 साल तक मतदाता अपना सर पीटने के सिवा और कुछ नहीं कर सकता है। नेता अगली बार आपके लिए फिर कोई नया लॉलीपॉप लेकर आ जाएंगे। लगता है कि छोटे बच्चों की तरह भारतीय मतदाता को बहलाना बड़ा आसान हो गया है। विडंबना है कि 50 प्रतिशत से अधिक प्रबुद्ध वर्ग के लोग वोट देने जाने के बजाय छुट्टी मनाने निकल जाते हैं। ऐसे में किसी नई सोच और नए दृष्टिकोण का आधार कैसे तैयार हो सकता है? ऐसे में पैसे व ताकत के बल पर चुनाव जीत कर सत्ता में पहुंचना आसान होता जा रह है। आखिरकार मतदाता करे भी क्या?

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### पराली की समस्या

**भारतीय कृषि** मुख्यत: फसल उत्पादन बढ़ाने पर केंद्रित रही है और कटाई के बाद फसल-प्रबंधन पर अधिक ध्यान नहीं दिया गया है। परिणामस्वरुप कृषि उत्पादों की मूल्य श्रृंखलाओं का विकास बाधित हुआ है जबकि उप-उत्पादों और फसल अवशेषों के लिए मूल्य श्रृंखलाओं का लगभग कोई विकास नहीं हुआ है। एक वर्ष में ज्यादा से ज्यादा फसलें लेने की मांग के कारण फसल अवशेषों को जला देना आम बात हो गई है। फसल अवशेष जलाने से न केवल बायोमास का नुकसान होता है बल्कि यह ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन व प्रदूषण का भी बड़ा कारण बनता है। नीति आयोग के अनुसार, हर वर्ष लगभग 650 मिलियन टन फसल अवशेष पैदा होता है। हम स्वच्छ ऊर्जा के लिए फसल अवशेष का उपयोग कर पराली जलाने जैसी समस्याओं से बच सकते हैं। लेकिन इसके लिए जमीनी स्तर पर व्यापक प्रयासों, इन प्रयासों में किसानों की स्वैच्छिक सहभागिता तथा उनका किसानों के लिए लाभदायक होना आवश्यक है। यदि किसान को उपयुक्त, सस्ती, लाभदायक व व्यावहारिक तकनीक मिल जाए तो वह पराली जला कर देश के लिए समस्या कतई पैदा नहीं करेगा।

– **सुदर्शन सोराड़ी,** नानकमत्ता

### प्रतिभा पलायन

**भारत** में पढ़ लिख कर और भारतीय संसाधनों से प्रशिक्षित होकर बड़ी संख्या में नर्स और स्वास्थ्यकर्मी अच्छी सुविधा और तनख्वाह के आकर्षण में विदेश में पलायन कर रहे हैं। इनमें नर्सें ही नहीं, विशेषज्ञ डॉक्टर, कंपाउंडर व अन्य पैरामेडिकल कर्मी भी शामिल है। जबकि भारत में सुदूर गांवों तक स्वास्थ्यकर्मियों की बड़ी संख्या में कमी है। इस पलायन में बहुत कुछ आरक्षण की वजह से बेरोजगार हुए स्वास्थ्यकर्मी भी शामिल हैं। हमारे देश में पढ़ाई में प्रवेश से लेकर फीस में छूट, प्रतियोगी परीक्षा में आरक्षण व फीस में छूट तथा इसके बाद नौकरी व प्रमोशन में आरक्षण के कारण अनारक्षित वर्गों के सामान्य प्रतिभाशाली नजरअंदाज कर दिए जाते हैं। इस कारण देश की जनता को निम्न स्तरीय सेवाएं मिलती है। वहीं प्रतिभा के धनी डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मी विदेशों का रुख कर उच्चस्तरीय जीवनशैली का लाभ उठा रहे हैं। चिकित्सा क्षेत्र में प्रतिभा पलायन का एक और कारण सरकारी अस्पतालों में उमड़ती भारी भीड़ है जिसके कारण डाक्टर व अन्य चिकित्साकर्मी चाहते हुए भी अपनी प्रतिभा का प्रयोग न कर पाने से निराश हो कर विदेश जाते हैं।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### प्रतीक बना तरबूज

**इज़राइल-हमास युद्ध** एक महीने से ज्यादा समय से चल रहा है। इस युद्ध में तरबूज भी एक शक्तिशाली प्रतीक बन कर उभर रहा है। इस समय तरबूज फिलिस्तीन-समर्थन का प्रतीक बन रहा है। फिलिस्तीन समर्थक रैलियों व सोशल मीडिया पोस्ट में इसका खूब इस्तेमाल कर रहे हैं, वहीं इजराइल के लोग इसका विरोध भी कर रहे हैं। तरबूज का लाल, काला, सफेद व हरा रंग न केवल फल को दर्शाते हैं बल्कि ये सभी रंग फिलिस्तीन के झंडे में भी हैं। इसलिए फिलिस्तीनी विरोध करने के लिए इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। अरब-इज़राइल युद्ध के बाद इज़राइल ने जहां फिलिस्तीनी झंडे तथा उसमें प्रयुक्त रंगों पर अघोषित प्रतिबंध लगा दिया था। इसक बाद फिलिस्तीनियों ने तरबूज के टुकड़ों का इस्तेमाल विरोधस्वरूप करना शुरू कर दिया था। लोग तरबूज व उसकी फोटो को लेकर गली-गली में रैलियां निकालने लगे थे जो उनकी एकजुटता दर्शाता था। इस प्रकार फिलिस्तीन में तरबूज राजनीतिक प्रतीक के साथ लोकप्रिय भोजन भी बन गया है। देखना होगा कि यह प्रतीक कहां तक सफल होता है।

– **निधि जैन,** गाजियाबाद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# प्रदेश में 490 करोड़ रुपए के निवेश से बदलेगी 9 ऐतिहासिक धरोहरों की सूरत

- लखनऊ के छतरमंजिल का 100 करोड़ रुपए के निवेश से होगा कायाकल्प
- कोठी गुलिस्तान-ए-इरम, कोठी दर्शन विलास व कोठी रौशन-उद्दौला में 50-50 करोड़ रुपए के निवेश से मेकओवर की प्रक्रिया होगी पूर्ण




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश को पर्यटन के लिहाज से देश का फेवरेट डेस्टिनेशन बनाने की दिशा में कार्य कर रही योगी सरकार ने प्रदेश की 9 चुनिंदा ऐतिहासिक धरोहरों को लग्जरी होटल समेत एडैप्टिव रीयूज एसेट्स में तब्दील करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, इस विषय में एक विस्तृत कार्ययोजना का निर्माण हुआ था जिसको अमलीजामा पहनाने का दायित्व उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग को सौंपा गया है। इस क्रम में जो खाका खींचा गया है उसके अनुसार कुल 490 करोड़ रुपए के निवेश के जरिए इन ऐतिहासिक धरोहरों की रूपरेखा तय की गई है। इस कार्य को अंजाम देने के लिए एजेंसियों के निर्धारण की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

कार्ययोजना के अनुसार लखनऊ के छतरमंजिल में 100 करोड़ रुपए के निवेश से कायाकल्प का मार्ग प्रशस्त होगा। वहीं मिर्जापुर के चुनार फोर्ट व झांसी के बरुआ सागर फोर्ट में भी 100-100 करोड़ रुपए के निवेश से मेकओवर की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा। इसी प्रकार लखनऊ की कोठी गुलिस्तान-ए-इरम, कोठी दर्शन विलास व कोठी रौशन-उद्-दौला में 50-50 करोड़ रुपए के निवेश से मेकओवर की प्रक्रिया को पूर्ण करने की योजना पर काम हो रहा है। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा राज्य के 10 राही टूरिस्ट बंगलों के भी विकास के लिए लीज आधारित प्राइवेट सेक्टर पार्टिसिपेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप मथुरा के बरसाना स्थित जल महल समेत कानपुर देहात के शुक्ला तलाब व कानपुर नगर स्थित टिकैत राय बारादरी को भी 30-30 करोड़ रुपए के निवेश के जरिए एडैप्टिव रीयूज एसेट्स में तब्दील करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार उत्तर प्रदेश को विरासत पर्यटन के लिए एक लोकप्रिय डेस्टीनेशन के तौर पर स्थापित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और उसका मौजूदा कदम इसी दिशा में उत्तर प्रदेश की स्थिति को और पुख्ता करेगा। सीएम योगी के मार्गदर्शन में निजी क्षेत्रों के निवेश के माध्यम से विरासत संपत्तियों को उनका प्राचीन गौरव लौटाने की महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसी क्रम में इन स्थानों को वेलनेस सेंटर, हेरिटेज होटल, लग्जरी रिजॉर्ट्स, म्यूजियम, बुटीके रेस्तरां, मैरिज डेस्टिनेशन व वेडिंग वेन्यू, एडवेंचर टूरिज्म स्पॉट, होमस्टे, थीमपार्क तथा अन्य पर्यटक व अतिथि इकाइयों में परिवर्तित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा राज्य के 10 राही टूरिस्ट बंगलों के भी विकास के लिए लीज आधारित प्राइवेट सेक्टर पार्टिसिपेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसमें बाराबंकी के देवा शरीफ, सीतापुर के हरगांव, शामली के कांढला, एटा के सोरों, बुलंदशहर के खुरजा, अमेठी के मुंशीगंज, एटा के पटना पक्षी विहार, बदायूं के काछला, मिर्जापुर के चुनार व प्रतापगढ़ के भूपिया मऊ प्रमुख हैं।

## हमीरपुर में बसेला की हवेली व जिगनी की गढ़ी ऐतिहासिक धरोहर में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश प्राचीन एवं ऐतिहासिक स्मारकों तथा पुरातत्वीय स्थानों एवं अवशेषों को परिरक्षण अधिनियम-1956 (उत्तर प्रदेश अधिनियम-7)के अधीन जनपद हमीरपुर के दो स्थलों को संरक्षित घोषित करने की प्रारम्भिक विज्ञप्ति/अधिसूचना जारी करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत जनपद हमीरपुर ग्राम बसेला, तहसील राठ स्थित बसेला की हवेली तथा ग्राम जिगनी तहसील राठ स्थित जिगनी की गढ़ी को की अधिसूचना जारी की गई है। उत्तर प्रदेश राज पुरातत्व विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी जानकारी के अनुसार 8 जनपदों के 15 स्थलों को संरक्षित घोषित करने की अंतिम अधिसूचना भी जारी की गयी है। इसके तहत जनपद चित्रकूट के तहसील करवी स्थित गोल तालाब तथा तहसील मऊ स्थित दशरथ घाट एवं ईटहा देवी मंदिर तथा जनपद महोबा के कुल पहाड़ तहसील स्थित सेनापति महल तथा मिर्जापुर सदर तहसील स्थित घण्टाघर की अंतिम अधिसूचना जारी की गयी है। पुरातत्व विभाग की सूचना के अनुसार जनपद प्रतापगढ़ के रामपुर बेला पट्टी स्थित शिवमंदिर तथा शाहपुर पट्टी स्थित अमर गढ़ का शिव मंदिर, लखनऊ के सदर तहसील स्थित बड़ा शिवाला (सिद्धनाथ मंदिर), जनपद फतेहपुर के तहसील बिंदकी स्थित शिवमंदिर एवं तालाब, रेवाड़ी बुर्जुग का शिवमंदिर तथा तहसील बिंदकी स्थित अमौरा का शिवमंदिर व तुलाराम तालाब एवं शिवमंदिर की अंतिम अधिसूचना जारी की गई है। पुरातत्व विभाग द्वारा दिए गए विवरण के अनुसार जनपद प्रयागराज के टिकरी तहसील सोरांव स्थित टिकरी का शिवमंदिर, उजिहनी आइमा, सादर स्थित पक्का तालाब तथा जनपद फिरोजाबाद स्थित चन्द्रवाड़ का किला को संरक्षित घोषित करने की अधिसूचना जारी की गई है।

## 70वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का आयोजन आज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**70वें** अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का आयोजन शुक्रवार को पूर्वान्ह 10. 30 बजे से इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, मरकरी हॉल, गोमती नगर, लखनऊ में संस्था द्वारा किया जा रहा है। इस दिवस पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया है, जिसका विषय वर्तमान में सहकारी समितियों का विकास निर्धारित है। इस गोष्ठी के आयोजन में बीएल वर्मा, राज्यमंत्री पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास एवं सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार तथा जेपीएस राठौर, सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं बीएल मीणा (आईएएस) प्रमुख सचिव, सहकारिता भी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी उप्र राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड, लखनऊ के प्रबन्ध निदेशक एके सिंह ने दी।

## बेतवा नदी में क्रूज के संचालन की तैयारीः जयवीर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने कहा है कि ऐतिहासिक विरासत के लिए विख्यात झांसी जिले में जल्द ही जल क्रीड़ा गतिविधियां भी शुरू होंगी। पर्यटक बेतवा नदी में बोटिंग का आनंद ले सकेंगे। हाल में ही इसका न केवल ट्रायल हुआ बल्कि स्टीमर बोट, सिकारा बोट और जेट स्की भी आ चुकी है। एक माह के भीतर पर्यटकों के लिए यह सुविधा शुरू हो सकती है। इसके बाद झांसी में पर्यटन को नया आयाम मिलेगा। अगले सात माह में क्रूज के संचालन की संभावना है। झांसी बोट क्लब के अधीन यहां बोटिंग शुरू की जा रही है। इसके लिए पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति 2022 के तहत छूट देगा।



पर्यटन मंत्री ने बताया कि बुंदेलखंड केंद्र व प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में है। यहां पर्यटन बढ़ाने पर खास जोर है। झांसी अपनी ऐतिहासिक धरोहर न केवल देश बल्कि दुनिया में प्रसिद्ध है। अंग्रेजों को मुंहतोड़ जवाब देने वाली अप्रतिम योद्धा के रूप में लक्ष्मी बाई का यह जिला वीरता, साहस आत्मसम्मान का प्रतीक है। यहां दूर-दूर से लोग भ्रमण के लिए आते हैं। उन्होंने बताया कि बेतवा नदी में नया नोट घाट पर बोटिंग शुरू कराई जाएगी। यहां स्टीमर बोट, स्पीड बोट, सिकारा बोट और जेट स्की भी संचालित होगी। विगत सात नवंबर को ट्रायल भी कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अब एक माह के भीतर पर्यटकों के लिए यह शुरू किया जा सकता है।

पर्यटन मंत्री ने बतया कि यह जल क्रीड़ा गतिविधि नॉट घाट पर शुरू कराई गई है। इसका मकसद झांसी के पर्यटकों के साथ ही ओरछा और खजुराहो भ्रमण के लिए आने वाले लोगों को आकर्षित करना है क्योंकि बेतवा नदी में यह जहां बोटिंग शुरू कराने की तैयारी है, वह ओरछा-खजुराहो एनएच पर है।

उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। झांसी में बोटिंग समेत अन्य जल क्रीड़ा गतिविधियां शुरू होने से पर्यटकों के सामने विकल्प बढ़ेंगे। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने यूपी इनलैण्ड वॉटर-वे ऑथारटी का गठन करने का निर्णय लिया है। इसके तहत प्रदेश की बड़ी नदियों में क्रूज बोट संचालन किया जायेगा। इससे सड़कों पर ट्रैफि क का दबाव कम होगा तथा स्थानीय उत्पादों को शीघ्रता से एक स्थान से दूसरे स्थान पर परिवहन करने में आसानी होगी।

## पुलिस और विधि विभाग में समन्वय आवश्यकः डीजीपी

- पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने किया इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जयशंकर सिंह की दो पुस्तकों का विमोचन




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गोमती** नगर विस्तार में सिग्नेचर बिल्डिंग स्थित यूपी पुलिस मुख्यालय में गुरुवार को पुस्तक विमोचन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधि संकाय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज के अधिष्ठाता, प्रोफेसर जयशंकर सिंह की दो पुस्तकों ड्यूटीज एण्ड रिस्पांसिबिलिटीज ऑफ इन्वेस्टिगेटर और द प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्राम सेक्सुअल ऑफेंसेज एक्ट. 2012 का विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीजीपी विजय कुमार ने किया गया।

इस मौके पर डीजीपी ने कहा कि पुलिस विभाग और विधि दोनो में समन्वय होना चाहिये। सरकार और विधायिका, विधि का निर्माण करती है। विधि के निर्माण की प्रक्रिया में विधायिका का महत्वपूर्ण स्थान होता है। पुलिस का कर्तव्य यह है कि वह समाज में विधायिका द्वारा बनाये गए विधियों का सम्मान करे और कराने का प्रयास करे। पुलिस का प्रमुख दायित्व यह है कि वह समाज में विधि लागू कराए और व्यवस्था को बनाए रखे, इसके लिए यह आवश्यक है कि पुलिस को विधायिका द्वारा बनाए गये विधियों की जानकारी दी जाए। विधायिका द्वारा बनाए गए विधियों का न्यायपालिका व्याख्या करती है। विधि विभागों में विधायिका द्वारा बनाए गए और न्यायपालिका द्वारा व्याख्या किए गए विधियों के विभिन्न आयामों का अध्ययन किया जाता है और शोध किया जाता है।

इस अवसर पर प्रोफेसर जयशंकर सिंह ने कहा कि विधियों पर विधि के जानकार व प्रोफेसर सरल शब्दों में विधायिका के द्वारा बनाए गए और न्यायालयों के ब्याख्या किए गए प्रावधानों को सरल भाषा में प्रस्तुत करने का प्रयास करते हैं। पुस्तक लेखन में विधायिका के विधियों और न्यायालयों की ब्याख्या में एक संतुलन बनाया जाता है। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अधिवक्ता अरविन्द त्रिपाठी एवं अधिवक्ता जेपी राय ने विधि और पुलिस विभाग के मध्य सम्बन्धों व पुलिस विभाग के दायित्वों के विषय पर प्रकाश डाला।

## 20 नवम्बर को मनाया जाएगा 'आवास दिवस'

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत 20 नवम्बर 2023 को 'आवास दिवस' तथा 20 से 26 नवम्बर 2023 तक 'आवास सप्ताह' मनाए जाने के निर्देश ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा 20 नवम्बर 2016 को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का शुभारम्भ किया गया था, तभी से प्रत्येक वर्ष 20 नवम्बर को विभिन्न स्तर पर आवास दिवस मनाया जाता है। सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष इस दिवस के लिए अलग-अलग थीम निर्धारित की जाती है तथा उसके अनुसार राज्य, जनपद, विकास खण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कार्रवाई की जाती है।

आवास दिवस एवं आवास सप्ताह मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य लाभार्थियों को शत-प्रतिशत प्रथमए द्वितीय एवं तृतीय किश्त की धनराशि के अन्तरण के साथ ही आवासों की पूर्णता एवं आधार पेमेन्ट ब्रिज के माध्यम से शत-प्रतिशत भुगतान की कार्रवाई को बढ़ाना है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में समस्त मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि आवास दिवस एवं आवास सप्ताह के दौरान आवास साफ्ट पर शत-प्रतिशत कनवर्जेन्स की सीडिंग किया जाना सुनिश्चित किया जाए, शत-प्रतिशत आधार सीडिंग एवं आधार अथेन्टिकेशन, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभार्थियों को शत-प्रतिशत एनआरएलएम फ ोल्ड में ले आने की कार्यवाही की जाय। इसके अतिरिक्त राज्य जनपद, विकास खण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आवास की पूर्णता एवं अन्य गतिविधियों के लिए स्थानीय स्तर पर अन्य गतिविधियों जो उचित हों, उसे भी प्रोत्साहित किया जाए।

## परिवहन निगम की बसों में लगेंगे एंटीस्लीप डिवाइसः दयाशंकर सिंह

**लखनऊ।** परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में जल्द ही एंटी स्लीप डिवाइस लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रायोगिक तौर पर 10 बसों में यह लगाया जा रहा। परिवहन मंत्री ने बताया कि एंटी स्लीप डिवाइस लगाए जाने के लिए एजेंसी का चयन हो चुका है। उन्होंने बताया कि मेसर्स इन्सेप्टम टेक्निक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड का चयन विभाग द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि यह सफ ल रहा तो जल्द ही प्रथम चरण में 680 बसों में एंटी स्लीप डिवाइस लगाई जाएगी। परिवहन मंत्री ने बताया कि एंटी स्लीप डिवाइस यात्रियों की सुरक्षा के लिए बहुत ही कारगर साबित होगा। उन्होंने बताया कि एक्सीडेंट की आशंका को देखते हुए इस एंटी स्लीप डिवाइस के माध्यम से एलईडी पर लिंक होने लगेगा, जो की नाइट मोड में 5 से 8 सेकंड तथा डे-मोड में 6 से 9 सेकंड का होगा। तत्पश्चात बजर की आवाज आनी शुरू होगी।

## यूपी में आंदोलनों और पदयात्रा के जरिए जनता के बीच पैठ बनाएगी कांग्रेस

### भाजपा में मची है अंतर्कलह, सड़क पर दिख रही है सरकार और संगठन की जबरदस्त गुटबाजीः अजय राय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**इंडिया** गठबंधन में शामिल होने और यूपी में साथ-साथ मिलकर चुनाव लड़ने की संभावनाओं के बावजूद सपा के साथ चल रही नूरा-कुश्ती के बीच कांग्रेस सभी 80 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। अपनी इसी तैयारी को धार देने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर एक अहम बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पूरे प्रदेश से कांग्रेस के पूर्व प्रदेश पदाधिकारी, पूर्व राष्ट्रीय पदाधिकारी और प्रदेश के पूर्व जिला और पूर्व शहर अध्यक्ष शामिल हुए। सभी पदाधिकारियों ने बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर अपने सुझाव व विचार रखे। बैठक में नेताओं ने संगठन मजबूती पर अपने सुझाव दिए और संगठन एवं जिला कमेटियों में वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के समायोजन और सुझाव को तरजीह के सुझाव आए,



साथ ही आंदोलन और पदयात्रा के माध्यम से जनता के बीच पैठ बनाने के सुझाव पर भी रणनीति बनाने पर सहमति बनी। बैठक में वरिष्ठ नेताओं ने अपने विचार रखे व भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार की वादा खिलाफ ी से जनमानस में बढ़ती नाराजगी पर चर्चा हुई और आम जनमानस में पैठ बनाने को लेकर पार्टी कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत विचार विमर्श हुआ।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश भर से आए सभी पूर्व पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि आपने पार्टी को अच्छा खासा समय और अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। बैठक में आए युवाओं से लेकर 83-84 साल के बुजुर्ग जितनी ऊर्जा से अपने सुझाव दे रहे हैं और पार्टी के कार्यक्रमों में रुचि ले रहे हैं उससे यह तय हो चुका है कि कांग्रेस पार्टी 2024 में प्रदेश में बदलाव करेगी। आपके जो भी सुझाव हैं उनको तरजीह दी जाएगी, हम संगठन की जिला कमेटी में वरिष्ठ नेताओं के समायोजन और उनके सुझाव को प्राथमिकता से पूरा करेंगे, पार्टी का इस समय प्रदेश में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम दलित गौरव यात्रा चल रही है इसमें आप सभी से भी अनुरोध है की अपनी सक्रियता से इस कार्यक्रम को और ज्यादा से ज्यादा सफल बनाने का कार्य करें, प्रदेश में दलित समाज इस यात्रा के माध्यम से बहुत तेजी से जुड़ रहा है। आप सभी की सक्रियता से इस अभियान को और तेजी मिलेगी, मुझे गर्व है कि यहां पर आप बिना पद के जिस ऊर्जा से उपस्थित हुए हैं यही ऊर्जा 2024 में इस देश की एकता भाईचारा को मजबूत करते हुए सत्ता परिवर्तन करेगी। अजय राय ने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों और तानाशाही रवैये से हर आदमी परेशान है, सभी अंदर से भाजपा को बदलने का मन बना चुके हैं और भाजपा के अंदर भी जबरदस्त अंतर कलह मची हुई है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री सरकार की कैबिनेट मीटिंग में नहीं जाते हैं, भाजपा के कार्यक्रमों में नहीं जा रहे हैं। सरकार और भाजपा संगठन में जबरदस्त गुटबाजी सड़क पर दिख रही है जिसकी वजह से प्रदेश की जनता पिस रही है लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रदेश की चिंता नहीं है ना लोगों की चिंता है, वह दूसरे राज्यों में चुनाव प्रचार में झूठे आरोप मढ़ रहे हैं और उत्तर प्रदेश अपराध भ्रष्टाचार का जंगल राज बन गया है। यही सही समय है सभी वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं से मेरा अनुरोध है पार्टी कार्यक्रमों-पार्टी नेतृत्व की बात को ज्यादा से ज्यादा जनता के बीच में ले जाकर 2024 में केंद्र की सत्ता में कांग्रेस को पहुंचने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें।

बैठक में राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम ने कहा पार्टी के सभी मेहनती जुझारू नेताओं का आगामी लोकसभा 2024 में महत्वपूर्ण रोल है। हम सभी की घर-घर पहुंचकर कांग्रेस की नीतियों और कांग्रेस सरकारों द्वारा किए गए कामों को बताने की जिम्मेदारी है। देश का माहौल बहुत तेजी से बदल रहा है। उत्तर प्रदेश के जनमानस की सोच और समर्थन हमारे साथ है। जनता को कांग्रेस से ही उम्मीद है। सभी भाजपा सरकार को केंद्र से हटाने का मन बना चुके हैं। प्रदेश महासचिव और प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह ने कहा कि कांग्रेस के प्रति पूरे देश का नजरिया बहुत सकारात्मक के साथ बदल रहा है ।

**कांग्रेस में शामिलः** जनपद लखनऊ से डॉ. आलमीन अली, सैय्यद मजहर हुसैन रिजवी, शमीम अहमद, मोहम्म्द शुऐब, जावेद, मोहम्मद नईम, मोहम्मद अनम खान, मोहम्मद असगर, एजाज हुसैन ने कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के समक्ष पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने उनके गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर विधिवत रूप से पार्टी में शामिल कराया। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, अनीस अंसारी, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी, सुभाष मिश्र आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## आयुष्मान कार्ड बनाने में यूपी ने रचा कीर्तिमान

- सर्वाधिक 4 करोड़ से अधिक बनाए गए कार्ड
- कार्ड बनाने में यूपी पहले, मध्य प्रदेश दूसरे और छत्तीसगढ़ तीसरे स्थान पर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेशवासियों** को गुणवत्तापूर्ण एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार लगातार युद्धस्तर पर काम कर रही है। इतना ही नहीं योगी सरकार प्रदेश के साथ ही केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को मिशन के तौर पर लेकर प्रदेश में आगे बढ़ रहे हैं। यही वजह है कि पूरे देश में आयुष्मान भारत के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। वहीं इसके



बाद क्रमशः मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश का नंबर आता है। स्टेट एजेंसी फॉर कम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज़ (सांची) की सीईओ संगीता सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप प्रदेश के गरीब लोगों को निशुल्क और गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश के पात्र लाभार्थियों के शत.प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। इसके लिए समय-समय पर प्रदेशभर में विशेष अभियान भी चलाया जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मॉनिटरिंग और दिशा-निर्देश का ही नतीजा है कि उत्तर प्रदेश पूरे देश में आयुष्मान कार्ड बनाने में पहले पायदान पर है। उत्तर प्रदेश में अब तक 1 करोड़ 80 लाख परिवार के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। इसमें से 1 करोड़ 31 लाख परिवार के आयुष्मान कार्ड प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बनाए गए हैं जबकि 56 लाख परिवार के आयुष्मान कार्ड मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बनाए गए हैं। उत्तर प्रदेश पूरे देश में 4 करोड़ 15 लाख 41 हजार 992 से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाकर पहले पायदान पर है जबकि दूसरे स्थान पर मध्य प्रदेश है, जहां अब तक 3 करोड़ 70 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। वहीं तीसरे स्थान पर छत्तीसगढ़ है, जहां 2 करोड़ 3 लाख कार्ड धारक हैं जबकि चौथे स्थान पर कर्नाटक और पांचवें स्थान पर आंध्र प्रदेश है। कर्नाटक में 1 करोड़ 51 लाख और आंध्र प्रदेश में 1 करोड़ 40 लाख आयुष्मान कार्ड धारक हैं। सांची की सीईओ ने बताया कि प्रदेश में कुल लाभार्थियों में से 70 प्रतिशत परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। योगी सरकार ने पात्र लाभार्थियों के शत-प्रतिशत कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया है। वहीं इलाज के लिए लाभार्थियों को भटकना न पड़े इसके लिए योगी सरकार अब तक प्रदेश के 3662 अस्पतालों को आयुष्मान कार्ड से जोड़ चुकी है। इसमें 1118 सरकारी और 2544 निजी अस्पताल शामिल हैं। इन अस्पतालों द्वारा 2762262 लाभार्थियों का इलाज किया जा चुका है। इनमें से कई ऐसे लाभार्थी हैं जिन्होंने दो से तीन बार इलाज कराया है। वहीं अति गंभीर बीमारी किडनी ट्रांसप्लांट, हार्ट सर्जरी, हार्ट डिजीज, कूल्हा-घुटना प्रत्यारोपण और कैंसर के इलाज के साथ सर्जरी कराने वाले 437290 लाभार्थी भी शामिल हैं। इसके लिए अब तक 3914 करोड़ की धनराशि खर्च की जा चुकी है। इसमें से 1502 करोड़ की धनराशि अति गंभीर बीमारी के इलाज में खर्च की गयी है।

## प्रदेश को अवैध शराब मुक्त बनाने में लिया जायेगा ग्राम प्रधानों व चौकीदारों का सहयोग

- दीपावली पर चले विशेष अभियान में बरामद की गई 1.76 लाख लीटर अवैध शराब, दर्ज हुए 7467 मुकदमे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शासन** के आदेश पर प्रदेश में 5 नवम्बर से 15 नवम्बर तक प्रदेश में दीपावली व अन्य पर्वो के दृष्टिगत अवैध शराब के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। इसके अन्तर्गत अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की रोकथाम के लिए राजस्व प्रशासन, पुलिस तथा आबकारी की संयुक्त टीमें गठित की गई तथा आवश्यकता अनुसार जीएसटी परिवहन विभाग एवं रेलवे सुरक्षा बल से समन्वय स्थापित कर सहयोग लिया गया। अन्तर्राज्यीय मदिरा की तस्करी की रोकथाम के लिए पंजाब एवं हरियाणा राज्यों से आने वाली ट्रेनों को भी चिन्हित कर उन पर विशेष निगरानी रखी गई। सैथिल पांडियन सी. आबकारी आयुक्त द्वारा बताया गया कि अभियान में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री के अड्डों पर कुल 29164 छापे डाले गए। इन छापों में विभाग द्वारा कुल 7467 मुकदमे पंजीकृत किए गए, जिसके अन्तर्गत लगभग 1.76 लाख लीटर अवैध शराब बरामद की गई। अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त 1085 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के साथ-साथ आईपीसी की सुसंगत धाराओं में कठोर कार्रवाई कराई गई। अभियान में अवैध मद्य निष्कर्षण के क्षेत्रों में अनेकों भट्ठियां मौके पर तोड़ी गई तथा अन्तर्राज्यीय अवैध मदिरा की तस्करी में संलिप्त 7 वाहन भी जब्त किए गए। इसके अतिरिक्त मदिरा के थोक अनुज्ञापनों, फु टकर दुकानों, संदिग्ध हाइवे के किनारे स्थित संदिग्ध ढाबों, कबाड़ी की दुकानों, बन्द पड़ी फैक्ट्रियों, ईट-भटठों आदि की भी चेकिंग की गई। इसके अतिरिक्त आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान जनपद सोनभद्र, बागपत, गौतमबुद्धनगर, सहारनपुर एवं फि रोजाबाद जनपदों में अन्तर्राज्यीय मदिरा की तस्करी के 27 मुकदमे दर्ज किए गए तथा 13390 लीटर अवैध मदिरा बरामद की गई।

आबकारी आयुक्त द्वारा यह भी बताया गया कि सभी जिला आबकारी अधिकारियों को जनपद में अवैध शराब के कारोबार को पूर्ण रूप से समाप्त करने के लिये ग्राम प्रधानों एवं ग्राम चौकीदारों को भी इस मुहिम में आबकारी विभाग के साथ जोड़ने हेतु निर्देश दिए गए। ग्राम प्रधान और चौकीदार आबकारी अपराधों से सम्बन्धित क्षेत्र से जुड़ी हर जानकारी आबकारी विभाग के साथ साझा करेंगे जिससे विभाग द्वारा अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों एवं तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के कारोबार को पूरी तरह से खत्म किया जा सके।

अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी के संबंध में जन सामान्य से सूचनाएं प्राप्त करने के लिए आबकारी मुख्यालय, प्रयागराज में टोल फ्री नम्बर 14405 और व्हाट्सएप नंबर 9454466019 कार्यरत है, जो 24 गुणे 7 सतत क्रियाशील है। अनुज्ञापित दुकानों पर भी निर्धारित दरों पर मदिरा की बिक्री सुनिश्चित करने के लिए आबकारी की टीमें लगातार गहन चेकिंग कर रही हैं तथा मदिरा की गुणवता के साथ छेड़छाड़ करने वाले तथा राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी अनुज्ञापी तथा विक्रता को बख्शा नहीं जाएगा। उनके द्वारा यह बताया गया कि अवैध शराब के निर्माण, बिक्री व तस्करी के विरुद्ध विभाग का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 17 नवम्बर 2023



# 248 करोड़ से बने एसटीपी प्लांट का डीएम ने किया निरीक्षण

- एसटीपी प्लांट का 82 प्रतिशत कार्य पूर्ण, शेष कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये
- प्लांट पर किये जा रहे शोधन का नियमित निरीक्षण कराने हेतु जिलाधिकारी ने किया निर्देशित


प्लांट का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने मघईटोला स्थित 248 करोड़ की लागत से बने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पीएलसी रूम, ऑपरेटर रूम, पम्पिंग स्टेशन आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने एसटीपी का भ्रमण कर अधिशासी अभियंता सुनील कुमार यादव से प्लांट के संचालन तथा कार्यप्रणाली के सम्बन्ध में जानकारी ली। अधिशासी अभियंता ने बताया कि 1.5 हेक्टेयर भूमि पर बने एसटीपी प्लांट का लागभग 82 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होने जानकारी देते हुये बताया कि एसटीपी को पूर्ण करने की निर्धारित तिथि दिसम्बर, 2023 है। विभिन्न कार्यक्रमों व त्योहारों के कारण एसटीपी के कार्य में विलम्ब हुआ है, परन्तु निर्धारित तिथि तक शेष कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। सुनील ने बताया कि एसटीपी प्लांट चालु हो चुका है। 5 एमएलडी पानी एसटीपी तक पहुंच रहा है जिसका शोधन भी हो रहा है। उन्होने बताया कि प्लांट को ऑटोमेशन तकानीकि के माध्यम से संचालित किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि शेष कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर लिया जाये। उन्होने ड्यूटी रजिस्टर व कर्मचारी बोर्ड बनाने हेतु भी निर्देशित किया। किये गये सीवेज कनेक्शन की सूची नगर निगम को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। इस दौरान सहायक अभियंता विनायक कुमार, जू.इं. शहबाज आदि मौजूद रहे।

## छठ पूजा का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को लेकर पालिका कर्मचारियों को निर्देशित किया

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** छठ पूजा की व्यवस्थाओं की तैयारियों का निरीक्षण लेने के लिए चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू नगर पालिका कर्मचारियोंए पुलिस प्रशासन एवं तीर्थ व्यापारियों के साथ भ्रमण कर निरीक्षण कर जरूरी दिशानिर्देश दिए एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े इस लिए पुलिस प्रशासन से तीर्थ स्थल पर अतिक्रमण हटाने को निर्देशित किया तथा पालिका कर्मियों से तीर्थ में स्वच्छ जल, तीर्थ के आस पास सफाई, मरम्मत व प्रकाश सहित सभी पूर्व व्यवस्थाओं को ठीक करने के दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर सभासद राजेश अवस्थी, तीर्थ व्यापार मण्डल के मनोज शाह, नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा, कुम्भी मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, सौरभ दीक्षित, मोहित गिरि, विमलेश वर्मा, गौरव ज्ञान त्रिपाठी, सुयश त्रिवेदी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# स्वच्छता के दो रंग त्योहारों के संग, छठ पर्व को सफल बनाने लिए नगर निगम ने कसी कमर

**शाहजहांपुर।** छठ पूजा पर्व के दृष्टिगत नगर क्षेत्र के लोधीपुर एवं खन्नौत नदी स्थित घाट के किनारे नगर निगम टीम द्वारा छठ पूजा को सफल बनाने हेतु की जा रही तैयारियों का निरीक्षण नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने किया। इस मौके पर जन मानस द्वारा छठ पूजा पर्व को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने के दृष्टिगत छठ पूजा पर्व को सफल बनाने हेतु नगर निगम टीम को निर्देश दिए गए। साथ ही निरीक्षण स्थल पर साफ सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिंदुओं से सम्बंधित व्यवस्थाओं का देखा गया। घाट के किनारे ऊबड़.खाबड़ जगह को जेसीबी से लेवल किये जाने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। सफाई व्यवस्था को दुरस्त रखने के विशेष निर्देश दिए गए। कार्यक्रम को पूर्णता प्लास्टिक मुक्त बनाये रखने हेतु होडिंग्सए सेल्फी पॉइंट आदि के साथ समस्त कार्यक्रम स्थल की सजावट प्लास्टिक फ्री सामग्री से कराये जाने के निर्देश दिए गए। नगर निगम द्वारा शुद्ध पेयजलए मोबाइल टॉयलेट के साथ. साथ कूड़े के सही निस्तारण हेतु नील व हरे रंग की डस्टबिन की व्यवस्था कराये जाने के भी निर्देश दिए गए।


नगर आयुक्त ने घाट पर व्यवस्था देखी

**शुद्धिपत्र**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

1. ऋण खाता संख्या 008305011971 कर्जदार का नाम कृष्णा स्टील कार्पोरेशन, नरेश कुमार सिंघल, कुसुम सिंघल के संबंध में सरफासी ऐक्ट के तहत मांग सूचना प्रकाशन तथा मांग सूचना दिनांकित 19 जून, 2021 एवं इसकी सिपुर्दगी तिथि 24 जून, 2021 एवं सांकेतिक कब्जा सूचना दिनांकित 21 नवम्बर, 2022 एवं इसका प्रकाशन दिनांकित 24 नवम्बर, 2022, पायनियर (अंग्रेजी) एवं दि पायनियर (हिन्दी) में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के तहत और धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, किया गया था। सम्पूर्ण सरफासी कार्यवाही में सम्पत्ति पता प्लॉट नंबर 19 (खसरा नंबर 50/4/1/2 एवं खसरा नंबर 43/24/2/1, खेवट नंबर 52/107, प्लॉट नंबर 118ए/108), निकट रेलवे क्रॉसिंग, धरम कांटा रोड, मुजेस्सर, फरीदाबाद–121001 एवं प्लॉट नंबर 114, सेक्टर–21सी, फरीदाबाद, हरियाणा, फरीदाबाद–121001 क्रमानुसार किया गया है। हम वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना कोई इरादा के, उक्त में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा उपरोक्त वर्णित सूचना एवं इसके प्रकाशन में सम्पत्ति पता प्लॉट नंबर 19 (खसरा नंबर 50/4/1/2 एवं 43/24/2/1, खेवट नंबर 52/107, प्लॉट नंबर 118ए/108), निकट रेलवे क्रॉसिंग, धरम कांटा रोड, मुजेस्सर, फरीदाबाद–121001 एवं प्लॉट नंबर 114, सेक्टर–21सी, फरीदाबाद, हरियाणा, फरीदाबाद–121001 वर्णित किया गया है। हम अतएव, आपसे उसको सम्पत्ति सं. :–1– प्लॉट नंबर 19 स्थित खसरा नंबर 50//4/1/2 वाका मौजा मुजेस्सर तहसील बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद हरियाणा निकट रेलवे क्रॉसिंग, धरम कांटा रोड, सेल डीड नंबर 4197 दिनांक 18–07–2021, सम्पत्ति सं. :–2– प्लॉट नंबर 5 का बाई तरफ का आधा हिस्सा, कुल प्लॉट एरिया 170.5 वर्ग गज मात्र में से 164 वर्ग गज एरिया हस्तांतरित स्थित स्थित खसरा नंबर 43//24/2/1, खेवट नंबर 52/107, वाका मौजा मुजेस्सर तहसील बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद हरियाणा अथवा उर्फ प्लॉट नंबर 118ए/108 खसरा नंबर 43//24/2/1, खेवट नंबर 52/107, वाका मौजा मुजेस्सर तहसील बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद हरियाणा निकट रेलवे क्रॉसिंग, धरम कांटा रोड, मुजेस्सर, फरीदाबाद हरियाणा, सेल डीड नंबर 4289 दिनांक 20–07–2021, सम्पत्ति सं. :–3– प्लॉट नंबर 114, सेक्टर–21सी, फरीदाबाद, हरियाणा, रजि. नंबर –20301 दिनांक 10–03–2010 के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं।

दिनांक : 17–11–2023 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : फरीदाबाद — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# बेरोजगारों के लिए अनुदान के साथ होगा लोन उपलब्ध

**शाहजहाँपुर।** उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत उद्योग एवं सेवा से जुड़े अभ्यर्थियो के लिए ऋण की सुविधा दी जा रही है जिसमें हाई स्कूल पास होना अनिवार्य है एवं उम्र 40 वर्ष से अधिक न हो ऐसे अभ्यर्थी योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। इच्छुक व्यक्तियों के लिए उत्तर प्रदेश शासन ने ऋण की सुविधा प्रदान किये जाने के उद्देश्य से सहायता योजना संचालित की है। व्यक्तियों को 25 प्रतिशत तक अनुदान दिया जायेगा। ऋण की अधिकतम धनराशि रुपये 25 लाख है। ऐसे इच्छुक जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष तक या इससे अधिक नही होनी चाहिए वह उद्योग/सेवा हेतु आवेदन कर सकता है। आवेदनकर्ता किसी भी बैंक का चूककर्ता ;डिफाल्टर द्ध नही होना चाहिए और न ही उसने या उसके परिवार ने भारत सरकार ध् राज्य सरकार द्वारा संचालित किसी योजना में लाभ प्राप्त किया हो। आवेदन ऑनलाइन बेवसाइट पर किया जा सकता है। 1. न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल पास या समकक्ष पास प्रमाण पत्र, 2. अधार कार्ड, 3. पैन कार्ड, 4. बैंक खाता विवरणए 5. पासपोर्ट साइज फोटो, 6 आवेदन द्वारा पात्रता की शर्तें पूर्ण किये जाने विषयक शपथ पत्र 7. परियोजना रिपोर्ट, अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, शाहजहाँपुर में अथवा पटल सहायक के मोबाइल नं0. 9548515974 पर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## पेड़ से लटका मिला छात्र का शव

**बरेली।** थाना भोजीपुरा क्षेत्र के गांव परेवा मोहम्मद अली निवासी एक दिन पहले घर से गायब हुए छात्र का शव दूसरे दिन जंगल में पेड़ से लटका मिला, घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवा कर शव को पोस्टमार्टम को भेजा। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के चाचा वीरेंद्र कुमार ने बताया रघुवीर सिंह का पुत्र 18 बर्षीय प्रशांत कुमार कक्षा 12 का छात्र था रविवार को अचानक घर से चला गया रात में जब वापस घर नहीं आया परिवार वालों ने सभी जगह प्रशांत को तलाश किया प्रशांत कुमार का कोई पता नहीं चल सका सुबह गांव के एक युवक ने आकर बताया प्रशांत की लाश पेड़ से लटकी हुई है घटनास्थल पर परिवार वाले पहुंचे प्रशांत कुमार का शव बालक राम के खेत में पेड़ से लटका हुआ था

# स्वच्छता और सावधानी अपनाकर करें रोगों को दूर: डॉ. अजय आर्या

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** सर्दी के मौसम के आगमन से पूर्व दिन प्रतिदिन बढ रहीं मच्छर जनित बीमारियों से बचने के लिए अपने आसपास स्वच्छता बनाये रखनें की बेहद आवश्यकता है। नागरिक फुल बांह के पूरे कपड़े पहनें। पेयजल को हमेशा बंद ढक्कन बाले कंटेनर में स्टोर करें। मच्छर के प्रजनन को रोकनें के लिये पानी के भंडारण को नियमित रुप से साफरखें। यह बात गुरूवार को नगर के मोहल्ला गोपालनगर स्थित बीडी श्रमिक हॉस्पिटल में दर्जनों मरीजों को देखने के उपरांत डॉक्टर अजय आर्या ने कही। अस्पताल में प्रतिदिन खांसी, बुखार, सिरदर्द, जुखाम, खुजली, सूजन के मरीज अधिक संख्या में आ रहे हैं। जिनका परीक्षण कर निशुल्क



परामर्श एवं दबाईयां वितरित की जा रही हैं। उन्होनें कहा कि सर्दी लगकर बुखार आनें, कमजोरी होनें, सिरदर्द आदि होनें पर विशेषज्ञ चिकित्सक से संपर्क कर इलाज कराएं।

## चार साल में तीन शादियां करके माल लूटकर भागी लुटेरी दुल्हन

**बरेली।** लुटेरी दुल्हन ने चार साल में तीन शादियां की पहले प्रेम का दिखावा किया, फिर निकाह और आखिर में धोखा देकर लूटकर फरार हो गई लुटेरी दुल्हन का शिकार हुए दो पीड़ितों ने एसएसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। इज्जतनगर के बिहारमान नगला निवासी इमरान ने बताया कि चार साल पहले भोजीपुरा की एक लड़की से उनकी मुलाकात हुई लड़की ने खुद को अविवाहित बताकर उससे निकाह कर लिया निकाह के बाद से ही युवती ने रुपये की डिमांड शुरू कर दी।

**ATS INFRABUILD PRIVATE LIMITED**
CIN: U45400DL2007PTC168922
ANNEXURE I
Format for publishing financial results in newspapers
*[Regulation 52 (8), read with Regulation 52 (4), of the SEBI (LODR) Regulations, 2015]*

| S. No. | Particulars | For the Quarter ended | | For the Year ended |
|---|---|---|---|---|
| | | 30-09-2023 | 30-09-2022 | 31-03-2023 |
| | | Unaudited | Unaudited | Audited |
| 1 | Total Income from Operations | 145.00 | 146.19 | 2,196.80 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items#) | (100.09) | (80.35) | (1,305.74) |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | (100.09) | (80.35) | (1,305.74) |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | (100.29) | (70.74) | (1,320.39) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after Tax) and Other Comprehensive Income (after Tax)] | (100.29) | (70.74) | (1,314.29) |
| 6 | Paid-up Equity Share Capital | 1.00 | 1.00 | 1.00 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve ) | (2,475.57) | (1,037.42) | (2,280.02) |
| 8 | Net worth | | (1,036.42) | (2,279.02) |
| 9 | Paid-up Debt Capital / Outstanding Debt | 16,270.32 | 16,061.00 | 16,064.14 |
| 10 | Outstanding Redeemable Preference Shares | - | - | - |
| 11 | Debt Equity Ratio* | (0.92) | (15.50) | (7.05) |
| 12 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) - | | | |
| | 1. Basic: (in Rs) | (1,002.91) | (707.39) | (13,203.94) |
| | 2. Diluted: (in Rs) | (1,002.91) | (707.39) | (13,203.94) |
| 13 | Capital Redemption Reserve | - | - | - |
| 14 | Debenture Redemption Reserve | 0.00 | 0.00 | - |
| 15 | Debt Service Coverage Ratio* | (0.038) | (0.043) | (0.441) |
| 16 | Interest Service Coverage Ratio* | (0.27) | (0.22) | (0.90) |
| 17 | Current Ratio | 0.88 | 1.56 | 1.49 |
| 18 | Long Term Debt to Working Capital Ratio | - | 0.95 | 1.06 |
| 19 | Bad Debt to Accounts Receivable Ratio | - | - | - |
| 20 | Current Liability Ratio | 1.00 | 0.59 | 0.60 |
| 21 | Total Debt to Total Asset Ratio | 0.05 | 0.36 | 0.36 |
| 22 | Debtor Turnover Ratio | 2.07 | 2.23 | 40.98 |
| 23 | Inventory Turnover Ratio | 0.003 | 0.002 | 0.08 |
| 24 | Operating Margin | -141.62% | -114.40% | -79.90% |
| 25 | Net Profit Margin | -69.17% | -48.39% | -60.11% |

**Note:**
*a) The above is an extract of the detailed format of quaterly/annual financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 52 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quaterly/annual financial results are available on the websites of the Stock Exchange(s) and the listed entity.*
*b) For the items referred in sub-clauses (a), (b), (d) and (e) of the Regulation 52 (4) of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the pertinent disclosures have been made to the Stock Exchange(s).*
*c) # - Exceptional and/or Extraordinary items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind AS Rules / AS Rules, whichever is applicable.*
*d) * - The pertinent items need to be disclosed if the said disclosure is required as per Regulation 52 (4) of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015.*
*e) Previous periods figures have been reclassified wherever considered necessary*

For and on behalf of Board of Directors of
ATS Infrabuild Private Limited

Sd/- Getamber Anand, Director, DIN- 00120610
Sd/- Naveen Joshi, Director, DIN- 07922648

Place: Noida
Date: 14.11.2023

**ATS HEIGHTS PRIVATE LIMITED**
Regd. Off.: 711/92, Deepali, Nehru Place, New Delhi – 110019
CIN: U70200DL2010PTC205410; Phone No.: 0120-7111500; Fax No.: 0120-7111550
Email Id.: compliances@atsgreens.com; Website: www.atsgreens.com

ANNEXURE I
Format for publishing financial results in newspapers
*[Regulation 52 (8), read with Regulation 52 (4), of the SEBI (LODR) Regulations, 2015]*
(Amounts in INR Lakhs, unless otherwise stated)

| S. No. | Particulars | For the Quarter ended | For the Quarter ended | For the Year ended |
|---|---|---|---|---|
| | | 30.09.2023 | 30.09.2022 | 31.03.2023 |
| | | Unaudited | Unaudited | Audited |
| 1 | Total Income from Operations | 1.13 | 22.92 | 26.19 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items#) | (14.62) | (17.90) | (427.77) |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | (14.62) | (17.90) | (427.77) |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | (12.27) | 1.17 | (280.79) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (12.27) | 1.17 | (280.79) |
| 6 | Paid up Equity Share Capital | 1.00 | 1.00 | 1.00 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve ) | (2,762.54) | (2,496.83) | (2,739.74) |
| 8 | Securities Premium Account | - | - | - |
| 9 | Net worth | (2,761.54) | (2,495.83) | (2,738.74) |
| 10 | Paid up Debt Capital / Outstanding Debt | 2,27,939.41 | 2,15,204.20 | 2,18,477.59 |
| 11 | Outstanding Redeemable Preference Shares | - | - | - |
| 12 | Debt Equity Ratio | (68.70) | (86.23) | (71.56) |
| 13 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) - | | | |
| | 1. Basic: | (122.72) | 11.65 | (2,807.90) |
| | 2. Diluted: | (122.72) | 11.65 | (2,807.90) |
| 14 | Capital Redemption Reserve | - | - | - |
| 15 | Debenture Redemption Reserve | - | - | - |
| 16 | Debt Service Coverage Ratio | (0.002) | (0.0004) | (0.012) |
| 17 | Interest Service Coverage Ratio | (0.09) | (0.005) | (0.030) |
| 18 | Current Ratio | 1.06 | 1.10 | 1.08 |
| 19 | Long Term debt to working capital | 1.01 | 0.93 | 0.93 |
| 20 | Bad Debts to Account Receivable ratio | NA | NA | NA |
| 21 | Current liability ratio | 0.93 | 0.90 | 0.91 |
| 22 | Total debts to Total assets | 0.60 | 0.78 | 0.65 |
| 23 | Debtors Turnover Ratio | NA | NA | NA |
| 24 | Inventory Turnover Ratio | NA | NA | NA |
| 25 | Operating Margin % | NA | NA | NA |
| 26 | Net profit margin % | -1086% | -1514% | -1072% |

***Note***
*a) The above is an extract of the detailed format of quarterly/annual financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 52 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly/annual financial results are available on the websites of the Stock Exchange(s) and the listed entity.*
*b) For the other line items referred in the Regulation 52 (4) of the Listing Regulations, pertinent disclosures have been made to the Stock Exchange(s).*
*c) # - Exceptional and/or Extraordinary items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind AS Rules / AS Rules, whichever is applicable.*

Getamber Anand
SD/-
Director
Date:14-11-2023
Place: Noida

Rajesh Raizada
SD/-
Director
Date: 14-11-2023
Place: Noida

# विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने में जुटें अधिकारी: दीपक अग्रवाल

● भारत सरकार के संयुक्त सचिव ने अधिकारियों के साथ बनाई रणनीति



संवाददाता। चित्रकूट

**कलेक्ट्रेट** सभागार में गुरुवार शाम भारत सरकार के संयुक्त सचिव दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता एवं डीएम अभिषेक आनंद व सीडीओ अमृतपाल कौर की उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन के संबंध में बैठक संपन्न हुई।

15 नवंबर 2023 से 26 जनवरी, 2024 तक 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के सफल आयोजन के संबंध में आयोजित बैठक में संयुक्त सचिव ने सभी अधिकारियों को बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत प्रदेश की नगरी निकायों में सक्रिय जन भागीदारी के माध्यम से जन सुविधाओं व सरकारी योजनाओं का लाभ सबसे कमजोर लोगों तक प्रभावित ढंग से पहुंचे। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार की जो योजनाएं हैं उनके बारे में जागरूक करना एवं पात्र लाभार्थी को आच्छादित करना है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम स्तर पर विभिन्न योजनाओं का इंस्टॉल लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपस में सामंजस्य बनाकर विकसित भारत संकल्प यात्रा सम्बंधित स्टाल लगाए जाएंगे और उनको भव्यता के रूप में आयोजित करें। उन्होंने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि स्टाल के लिए नोडल अधिकारी भी नामित किए जाएं जो जिस जगह स्टॉल लगाना है उस स्थान का दिनांक और जगह चिन्हित करें और उसका फोटोग्राफ और वीडियो अवश्य अपडेट करें। कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लेखपाल आशा आंगनबाड़ी ग्राम सचिव किसान सहायक आदि को लगाया जाए जो गांव-गांव जाकर लोगों को चलाई जा रही है विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दें।

# दीनदयाल उपाध्याय का सपना साकार कर रही सरकार: सांसद



**चित्रकूट।** भारतीय जनता पार्टी चित्रकूट द्वारा कर्वी ब्लॉक व पहाडी ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत सदस्यों का प्रशिक्षण वर्ग जिला पंचायत सभागार चित्रकूट में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण वर्ग मे मुख्य अतिथि के रुप मे बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने की।

इस मौके पर सांसद ने कहा कि मोदी-योगी सरकार ने चुनावी संकल्प पत्र के वादों को पूरा किया है। इसके साथ ही भाजपा सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय के सपने को भी साकार करने का ऐतिहासिक कार्य किया है। गुरुवार को आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव,पूर्व विधायक आन्नद शुक्ला, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल,रंजना उपाध्याय,ब्लाक प्रमुख पहाडी सुशील द्विवेदी,कर्वी ब्लाक प्रमुख गुलाब पटेल की उपस्थिति में प्रशिक्षण वर्ग चार सत्रों में सम्पन्न हुआ।

उद्घाटन सत्र में मंचस्थ अतिथियों ने भाजपा के पितृपुरुषों श्रद्धेय डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलन करके प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ किया।

# कदौरा पुलिस का उपेक्षापूर्ण रवैया, ढाई माह से न्याय के लिए भटक रही महिला

● दारोगा द्वारा पीड़िता के भाई से सुविधा शुल्क मांगने का ऑडियो वायरल

संवाददाता। कदौरा, जालौन

**महिला** अपराध के लिए कदौरा पुलिस कितनी सजग है, यह किसी से छिपा नही है। मुकदमे के बारे में जानकारी करने एवं न्याय न मिलने पर पीड़िता को ही विवेचक धमका रहा है। जांच के नाम पर और पैसा मांगा जा रहा है। कदौरा पुलिस का नया कारनामा देखिए कि आरोपियों को पकड़ने के लिए पीड़िता के परिजनों से गाड़ी व डीजल के नाम पर सुविधा शुल्क की मांग की जाती है। अगर आपने सुविधा शुल्क नहीं दिया तो पुलिस आरोपी को नहीं पकड़ेगी। इतना ही नहीं बल्कि आरोपी को पकड़ने के लिए आपको कई बार नजराना भेट करना पड़ेगा। कुछ ऐसा ही एक आडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसमे एक दरोगा आरोपियो को पकड़ने के लिए पीड़िता के भाई से डीजल व गाड़ी के नाम पर सुविधा शुल्क मांग रहा है। पीड़िता के भाई का आरोप है की उसने एक बार उक्त दरोगा को तीन हजार रुपए इसके खाते दोस्त के नंबर से ट्रांसफर भी कराए थे। लेकिन दुबारा मांग की जा रही है।



कस्बे के मोहल्ला इस्लामाबाद निवासी शहीद अहमद की पुत्री रेहाना खातून ने बताया कि उसकी शादी 27 अप्रैल 2017 ग्राम जिनई बनीपारा थाना रूरा,ब्लाक झीझक कानपुर देहात निवासी अनवर अली के पुत्र नौशाद अली के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के साथ हुई थी। उसके बाद ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करने लगे। पति नौशाद अली की तबियत बिगड़ गई तथा उसकी मौत हो गई। पति की मौत के बाद जब वह ससुराल पहुंची तो उसे अभद्रता करके ससुराल वालों ने घर से निकाल दिया। उस समय वह गर्भवती थी। मौत के एक दिन बाद ससुर और देवर ने फर्जी तरीके से पति के खाते से डेढ़ लाख रुपए निकाल लिए। 5 सितंबर को कदौरा थाने में ससुरालीजनो के खिलाफ धारा 498 ए, 506 व 3/4 के तहत मामला दर्ज किया गया। मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# प्रतिबंधित तथा नशीली दवाओं पर कार्रवाई के डीएम ने दिये निर्देश



**उरई, जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नारको कॉरडिनेशन सेन्टर (एनसीओआरडी) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में बिन्दुवार समीक्षा करते हुये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि नार्कोटिक्स पदार्थो की तस्करी एवं उनके दुरुपयोग पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जनपद में नशीली, प्रतिबंधित दवाओं के दुरुपयोग पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु औषधि निरीक्षक, क्षेत्रीय निदेशक, नार्कोटिक्स एवं आबकारी विभाग द्वारा आपसी संपर्क एवं समन्वय स्थापित करते हुये प्रभावी कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि औषधि की दुकानों पर प्रतिबंधित दवाओं को डॉक्टर के प्रिसक्रिप्शन पर ही बिक्री एवं जनपद में स्थित सभी कैमिस्टों को फोन, व्हाट्सएप के माध्यम से जोड़कर प्रतिबंधित दवाओं के भण्डारण एवं बिक्री संबंधी सूचना तंत्र विकसित किया जाये तथा इंजीनियरिंग, मेडिकल कालेज एवं विद्यालयों के पास स्थित कैमिस्ट की दुकानों को नियमित रूप से चौक करने पर एवं इनकी बिक्री पर सघन निगरानी रखी जाये।

## सात अंतरराज्यीय चोर चढ़े चित्रकूट पुलिस के हत्थे



**चित्रकूट।** चौकी प्रभारी सीतापुर श्याम देव सिंह की टीम ने चोरी कि योजना बनाते सात अन्तर्राज्यीय चोरों को चोरी के उपकरण समेत गिरफ्तार किया। 16 नवम्बर को चौक प्रभारी सीतापुर श्याम देव सिंह को सूचना मिली कि रैन बसेरा सीतापुर के पास संदिग्ध बाहरी लोग चोरी करने की योजना बना रहे हैं। चौकी प्रभारी टीम समेत रैन बसेरा पहुंचे। मौके से मुन्ना पुत्र गंगाई नायडू, वेंकटेश पुत्र परमसुआ नायडू, राहुल उर्फशनि पुत्र शंकर नायडू, कमसा पुत्र मारमुत्तू नायडू, विजय पुत्र नागराज नायडू, श्रवण भाई पुत्र मनी नायडू व मुरली पुत्र रामकिशन निवासी गन ग्राम बताना नवावपुर जिला नंदूरबार महाराष्ट्र को चोरी की योजना बनाते गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से चार प्लास, तीन पेंचकस, पांच कटर, चाभी के गुच्छे बरामद किये ।

# गगनभेदी जयकारों के साथ धूमधाम से निकली खाटू श्याम की निशान यात्रा

संवाददाता। कोंच ,जालौन

**गगनभेदी** जयकारों के बीच गुरुवार को खाटू श्याम की चतुर्थ भव्य निशान यात्रा नगर में धूमधाम के साथ निकाली गई। डीजे व बैंड बाजों पर बज रहे भजनों पर महिला पुरुष पागल श्याम प्रेमी झूमते नाचते हुए चल रहे थे। यात्रा मार्ग में जगह जगह लोगों ने भव्य स्वागत किया, जलपान की भी व्यवस्था यात्रा में चल रहे लोगों के लिए की गई थी। पागल श्याम प्रेमी परिवार के तत्वाधान में गुरुवार की शाम बड़ा मील में सजने वाले बाबा खाटू श्याम के भव्य दरबार और भजन संध्या कार्यक्रम से पूर्व दोपहर में भव्य निशान यात्रा धूमधाम से निकाली गई। जयप्रकाश नगर स्थित मुरली मनोहर मंदिर से यात्रा का शुभारंभ हुआ। सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष और नव युवक पागल श्याम प्रेमी बाबा खाटू श्याम का निशान (झंडा) हाथों में थाम कर चल रहे थे। बैंड बाजों और



डीजे की धुनों पर युवाओं के साथ साथ महिलाएं और युवतियां भी झूम कर नाचते गाते हुए आगे बढ़ रहीं थीं। पुरानी स्टेट बैंक, नई स्टेट बैंक, चंदकुआं चौराहा, सागर चौकी तिराहा, रेलवे क्रासिंग होती हुई निशान यात्रा अपने निर्धारित गंतव्य बड़ा मील पहुंच कर समाप्त हो गई। वहां बाबा खाटू श्याम का भोग लगाकर भंडारा प्रसाद वितरित किया गया।

## राम जन्मोत्सव के साथ रामलीला महोत्सव आरंभ हुआ



**कोंच, जालौन।** श्री बाल रामलीला समिति के तत्वाधान में भुंजरया चौराहे पर बड़े हर्षोल्लास के साथ राम जन्मोत्सव के साथ रामलीला महोत्सव 2023 का शुभारंभ हुआ हुआ। इस अद्भुत पल के साक्षी भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित व क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन भी बने। राम प्राकट्य पर इन अतिथियों ने चारों भाइयों राम, भरत लक्ष्मण और शत्रुघ्न का तिलक कर उन्हें नमन किया। जिलाध्यक्ष उर्विजा ने कहा, भगवान राम के श्रेष्ठ चरित्र से मानव जाति को सीख लेने की जरूरत है, उन्होंने संकट के समय में भी न तो संयम खोया और न ही नैतिक मूल्यों से समझौता किया।

# बेरोजगार से सेंट्रल बैंक मैनेजर ने की पांच लाख रुपए की धोखाधड़ी

● पीड़ित ने जिलाधिकारी से की मामले की लिखित शिकायत

**जालौन, उरई।** बेरोजगारी से परेशान अधेड़ ने सेंट्रल बैंक की स्थानीय शाखा से वेकरी के लिए 10 लाख रुपए का लोन लिया। बैंक मैनेजर ने परेशान अधेड़ के साथ धोखाधड़ी करके खाते 5 लाख रुपए निकाल लिये। बैंक मैनेजर द्वारा की गयी धोखाधड़ी की जानकारी होने पर पीड़ित ने घटना शिकायत जिलाधिकारी से की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औरेखी निवासी राकेश कुमार ओझा पुत्र कालीचरण के पास कोई रोजगार नहीं था। वह गांव में बेकरी खोलना चाहते थे। इसके लिए वह लोन लेने की तलाश में था। इसी दौरान गांव के पूर्व प्रधान ने उनकी भेंट सेंट्रल बैंक के प्रबंधक दिवल सिंह से करा दी। शाखा प्रबंधक ने बेकरी के लिए वित्तीय वर्ष 2021-22 में 10 लाख रुपए की लोन स्वीकृति कर दिया। वह आवश्यकता अनुसार धीरे धीरे पैसा निकालता रहा। जब उसने लोन की इंट्री देखी तो धोखाधड़ी की जानकारी हुई। पीड़ित का आरोप है शाखा से उन्होने अभी तक सिर्फ 5 लाख रुपए निकाले है जबकि उनके खाते से 10 लाख रुपए निकल गये हैं। पीड़ित ने जिलाधिकारी को दिये प्रत्यावेदन में कहा कि 12 अक्टूबर 21 को उन्होंने खाते से 25 हजार रुपए निकाले थे जबकि उनके खाते 1 लाख 25 हजार रुपए निकाले गए हैं। पीड़ित का आरोप है कि जब उन्होंने धोखाधड़ी की शिकायत शाखा प्रबंधक से की तो वह धमकी दे रहे हैं लेना हो तो 1 लाख रुपए ले लो तथा शिकायत करना बंद कर दो। ज्यादा करोगे तो पैसा भी नहीं मिलेगा तथा लोन की वसूली शुरू कर दी जाएगी। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कराकर कार्यवाही कराने की मांग की है।

# महाधिवेशन में तीन सैकड़ा युवतियों के साथ युवा मोर्चा करेगा प्रतिभाग

संवाददाता। फतेहपुर

**भारतीय** जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर युवती महाधिवेशन का आयोजन आगामी 22 नवंबर को लखनऊ में होना तय हुआ है। इस निमित्त आज भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता युवा मोर्चा की बैठका आहूत की गयी। बैठक में प्रवासी/मुख्य वक्ता रूद्र मिश्रा रहे। वहीं बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भाजपा मुखलाल पाल ने की। बैठक के बाद युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा ने बताया कि जनपद से 300 युवतियों/महिलाओं को ले जाने का लक्ष्य तय किया गया है।

रुद्र मिश्रा ने बताया कि भाजपा सरकार में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण के तहत पास किये गये विधेयक नारी शक्ति वंदन अधिनियम के उपलक्ष्य में उक्त कार्यक्रम का



आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत पच्चीस हजार की संख्या में प्रदेश की 18 से 32 वर्ष की युवतियां प्रतिभाग करेंगी। जिलाध्यक्ष भाजपा मुखलाल पाल ने कहा कि जनपद से सर्वाधिक संख्या में युवतियां महाधिवेशन में प्रतिभाग करेगी। भारतीय जनता पार्टी संस्कारों की पार्टी है।

जनपद की महिलाएं बढ़-चढ़कर इस महाधिवेशन में स्वयं से हिस्सेदारी करेंगी जिसका असर आगामी लोकसभा चुनावों पर भी सकारात्मक रूप से पड़ने वाला है।

## सर्राफा दुकान से शटर काटकर 15 लाख का माल चोरी



**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जयरामनगर चौराहे स्थित एक सर्राफा दुकान का बुधवार की रात शटर काटकर चोरों ने करीब पंद्रह लाख रूपये का माल पार कर दिया। सुबह लोगों ने दुकान का शटर टूटा देख ज्वैलर्स को सूचना दी। पुलिस व फील्ड यूनिट की टीमें मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। एएसपी विजय शंकर मिश्र ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में दो बाइक सवार संदिग्ध कैद हुए हैं। जिनकी तलाश की जा रही है। खुलासे के लिए टीमों का गठन कर दिया गया है। जल्द खुलासा करके माल की बरामदगी की जायेगी।

## तालिबानी ने कृष्ण जन्म भूमि के याची को दी जान से मारने की धमकी

**फतेहपुर।** कृष्णजन्म भूमि के याची को तालीबानी ने मुकदमा वापस न लेने पर घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस की जांच में अफ़ग़ानिस्तान से फोन आने की पुष्टि हुई है। ललौली थाना क्षेत्र के देवगांव निवासी अनिल कुमार त्रिपाठी वर्तमान में दिल्ली के पहाड़ी धीरज गली नंबर 14 में रहते हैं। वह अखिल भारत हिंदू महासभा के उपाध्यक्ष हैं। उन्होंने भक्त होने के नाते ठाकुर केशवदेव जी महाराज विराजामान मंदिर कृष्णजन्म भूमि बनाम ईदगाह का मथुरा सीनियर डिवीजन में दो हज़ार इक्कीस में मुकदमे का दाखिल किया था। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले परिवार में गमी हो गई थी, वह शामिल होने आए थे। घर के बाहर 14 नवंबर की दोपहर मोबाइल पर एक फोन आया। फोन करने वाले ने मुस्लिम शेख होने का परिचय देते हुए अफ़ग़ानिस्तान के कंधार से बोलना बताया।

## स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ हिंदू महासभा ने दी तहरीर, मुकदमा दर्ज कराने की मांग

**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य के विवादित बयान का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गुरूवार को अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सदर कोतवाली पहुंचे और तहरीर में बयान को आधार बनाकर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है। महासभा के प्रांत महामंत्री मनोज त्रिवेदी की अगुवाई में पदाधिकारी व कार्यकर्ता सदर कोतवाली पहुंचे, जहां संगठन के जिला प्रभारी गजेंद्र मौर्य उर्फ सुनीत कुमार मौर्य ने दी गई तहरीर में बताया कि वह सनातन हिंदू मान्यताओं का पुजारी है। बराबर पूजा उपासना में श्रद्धा व विश्वास रखता है। सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य पिछले कई दिनों से हिंदू देवी देवताओं, रामचरितमानस व हिंदू महासभा पर विवादित टिप्पणी करके समाज में धर्म व लोगों के बीच वैमनस्य की भावना जागृत करने का कार्य कर रहे हैं। उनके द्वारा यह भी विवादित टिप्पणी की गई कि भारत



देश का बंटवारा जिन्ना ने नहीं हिंदू महासभा ने करवाया था। वर्ष 1939 में महासभा के अध्यक्ष वीर सावरकर ने दबाव बनाकर देश का विभाजन करा दिया था। महालक्ष्मी के ऊपर विवादित बयान देकर कहा कि चार हाथ वाली लक्ष्मी कैसे पैदा हो सकती है। पूजा करती है तो अपनी पत्नी की करो। यह सब बयान हिंदू समाज व हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं व समुदायों के बीच असौहार्द, शत्रुता, घृणा, वैमनस्य की भावना जागृत करने वाले हैं। दीपावली के अवसर पर कह कर स्वामी प्रसाद मौर्य ने धार्मिक पूजा कर्म में लगे लोगों का अपमान किया है। मांग किया कि इन बिंदुओं को आधार बनाकर स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाये।

# जिलाधिकारी ने केन नदी पर अवैध खनन की कराई जांच, ठोंका जुर्माना



**बांदा।** जिला कलेक्टर दुर्गा शक्ति नागपाल ने मजिस्ट्रेट जांच टीम के द्वारा जांच कराई जिसमें पाया की पत्ता धारक द्वारा फलक से अवैध खनन किया जा रहा था जिस पर जुर्माना ठोका है और प्रेस विज्ञप्ति भी रिलीज की है और 17 लाख रुपए जुर्माना ठोका है। वर्तमान समय में बांदा नगर के कंवारा खंड 5 द्वारा खनिज की सारी सीमाएं तोड़कर किसान स्कूली बच्चों की दुर्दशा जमीन हो रही है बंजर तथा पोकलैंड की लगभग एक दर्जन मशीन नदी में भयंकर तरीके से कर रही हैं अवैध खानन ,वैध खदान होकर भी सूर्य डूबने के अपरांत हो जाती हैं अवैध क्योंकि पट्टा धारक खनिज अधिकारी को अपने बंध पत्र में यह लिखकर देता है कि मैं सुरस्त होने के बाद खनन नहीं करूंगा लेकिन वह खनन रात्रि में ही करता है क्योंकि उसे अपने एरिया से छोड़कर बाहर खनन करना है। हालांकि यह भी सच्चाई है ओवरलोड साथ में बालू के पानी को भी ट्रक में लोड किया जाता है क्योंकि एक पोकलैंड बीच नदी से 40 फीट नीचे तक जाकर बालू निकलती है जॉकी एनजीटी के नियमावली के अनुसार 3 फीट से ज्यादा नदी में नीचे नहीं खोद सकते। धर्म कांटे का जो इस्तेमाल खनिज विभाग लखनऊ से जुडे होने की बात कहता है वह सरासर गलत है क्योंकि ओवरलोड गाड़ियां लगातार जा रही है जिससे पूरे प्रदेश की सड़क खराब हो रही है इसका जीता जागता उदाहरण आपके बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे में मिल जाएगा।

# पेज तीन का शेष

## सुरंग में...

घंटे कम कर देगी। 12 नवंबर को सुरंग का एक हिस्सा ढह जाने के बाद से 40 कर्मचारी फंसे हुए हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में बन रही ॉसभी सुरंगों की समीक्षा की जाएगी। देहरादून में संवाददाताओं द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में धामी ने कहा, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के तहत आने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) सुरंग की निगरानी कर रही थी। हमें ऐसी सुरंगें चाहिए और उनमें से कई निर्माणाधीन हैं। जहां भी ऐसी सुरंगें बनाई जा रही हैं, हम उनकी समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री से पूछा गया था कि रविवार को सिलक्यारा सुरंग के एक हिस्से के ढहने के मद्देनजर उसके निर्माण में सामने आई अनियमितताओं की क्या जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा, हम अपने शहरों की धारण क्षमता का अध्ययन कर रहे हैं। इसके साथ ही हम राज्य में बन रही सुरंगों की भी समीक्षा करेंगे। सिलक्यारा में जारी बचाव अभियान पर धामी निरंतर नजर बनाए हुए हैं और अधिकारियों तथा काम में लगी एजेंसियों से पूरी जानकारी ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में एक बैठक में अधिकारियों को बचाव में लगी सभी तकनीकी एजेंसियों को हर संभव सहयोग देने के निर्देश दिए।

## दक्षिण अफ्रीका...

चौके और पांच छक्के से छठा वनडे शतक जड़ दिया। यह दक्षिण अफ्रीका का विश्व कप नॉकआउट मैच में पहला शतक भी था। टर्निंग पिच पर मिलर को कोई परेशानी नहीं हुई और वह एडम जम्पा की गेंदों पर हावी दिख रहे थे जिससे इस आस्ट्रेलियाई गेंदबाज ने अपने सात ओवर में 55 रन लुटा दिए। पैट कमिंस पर स्कायर लेग पर 94 मीटर का छक्का जड़कर मिलर ने अपना सैकड़ा पूरा किया। मिलर की हेनरिच क्लासेन (47 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 95 रन की साझेदारी से दक्षिण अफ्रीका को थोड़ी राहत मिली लेकिन फिर कामचलाऊ ऑफ स्पिनर ट्रेविस हेडन ने दो गेंद में दो विकेट झटककर उसकी उम्मीदों को करारा झटका दिया। क्लासेन के बाद जेराल्ड कोएत्जी (19) ने मिलर का साथ दिया जिससे दोनों ने सातवें विकेट के लिए 53 रन की भागीदारी निभाई। लेकिन कमिंस की गेंद पर कोएत्जी विकेटकीपर जोश इंगलिस को कैच थमा बैठे। हालांकि रिप्ले में दिख रहा था कि गेंद उनकी कोहनी पर लगी थी लेकिन उन्होंने रिव्यू नहीं लिया। फिर मिलर भी 48वें ओवर में आउट हो गए। दक्षिण अफ्रीका ने दो मैच लक्ष्य का पीछा करते हुए गंवाए थे जिससे कप्तान तेम्बा बावुमा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। आस्ट्रेलिया के लिए नई गेंद से गेंदबाजी करने वाले मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए पावरप्ले में दक्षिण अफ्रीका के 17 रन पर दो विकेट झटक लिए। पिच पर स्विंग और उछाल मिल रहा था जिससे दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज स्टार्क और हेजलवुड की गेंदों से सतर्क होकर खेल रहे थे जिससे उन्होंने पहले 10 ओवर में 50 डॉट गेंद खेलीं। दोनों गेंदबाजों ने अपना पहला स्पैल खत्म किया और मिलकर 13 ओवर डाले जिसके बाद दक्षिण अफ्रीका ने चोक होना शुरू कर दिया जिससे स्कोर चार विकेट पर 24 रन हो गया। तब स्टार्क ने सात ओवर में एक मेडन से 18 रन देकर दो विकेट और हेजलवुड ने छह ओवर में एक मेडन से 12 रन देकर दो विकेट झटक लिए थे। आस्ट्रेलिया ने गेंदबाजी ही नहीं बल्कि क्षेत्ररक्षण में भी कमाल दिखाया जिसमें मार्नस लाबुशेन और डेविड वार्नर ने रिंग के अंदर कम से कम 15-20 रन बचाए। बावुमा पूरी तरह फिट नहीं थे लेकिन वह खेलने उतरे और शून्य पर आउट हो गए। इसके बाद ईडन गार्डन्स के दर्शकों को डिकॉक (03) से उम्मीद लगी थीं लेकिन वह स्कोरबोर्ड के दबाव में आ गए। पैट कमिंस ने पीछे की ओर भागते हुए उनका शानदार कैच लपका। फॉर्म में चल रहे एक अन्य बल्लेबाज ऐडन मार्कराम भी 20 गेंद में 10 रन बनाकर आउट हो गए। रासी वान डर डुसेन ने 31 गेंद खेली लेकिन छह रन ही बना सके और हेजलवुड का शिकार बने। अब क्लासेन और मिलर क्रीज पर थे। क्लासेन ने कमिंस का स्वागत कवर ड्राइव शॉट से किया जिसके बाद बारिश के कारण 40 मिनट तक खेल रोकना पड़ा।

## प्रदूषण गंभीर...

स्मॉग टावर की वकालत करती रही है। औसत एक्यूआई बुधवार के 401 की तुलना में बृहस्पतिवार को 419 गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। मंगलवार को यह 397, सोमवार को 358 और रविवार को 218, शनिवार को 220 और शुक्रवार को 279 था। पड़ोसी गाजियाबाद (376), गुरुग्राम (363), ग्रेटर नोएडा (340), नोएडा (355) और फरीदाबाद (424) में भी वायु गुणवत्ता बहुत खराब से गंभीर दर्ज की गई। पंजाब में बृहस्पतिवार को पिछले 24 घंटों में खेतों में आग लगने की 1,271 घटनाएं हुईं, जिससे ऐसे मामलों की कुल संख्या 31,932 हो गई। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सरकार पर कड़ा प्रहार किया और कहा कि दिल्ली के प्रदूषण के लिए अन्य राज्यों को दोष देना कोई समाधान नहीं है और असली समाधान दिल्ली में ही है। एलजी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि दिल्ली को केवल दिखावे की नहीं, बल्कि कार्रवाई की जरूरत है और कहा कि राजनीति इंतजार कर सकती है। उपराज्यपाल ने कहा, 'हम दूसरे राज्यों से आने वाले पराली के धुएं को रोकने के लिए उनसे गुहार लगाने के अलावा और कुछ नहीं कर सकते। राज्यों विशेषकर पंजाब के उदासीन रहने के बावजूद, हम दया के लिए याचनाकर्ता हैं। एक्यूआई अभी भी 400 के आसपास है, जिससे राजधानी हांफ रही है। सक्सेना ने पंजाब सरकार पर निष्पक्ष भूमिका न निभाने का भी आरोप लगाया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, शांत हवाएं और कम तापमान प्रदूषकों के संचय को बढ़ा रहे हैं, जिससे आने वाले दिनों में राहत मिलने की संभावना नहीं है। दिल्ली सरकार और आईआईटी-कानपुर की एक संयुक्त परियोजना के हालिया निष्कर्षों से पता चला है कि बुधवार को राजधानी के वायु प्रदूषण में वाहनों के उत्सर्जन का योगदान लगभग 38 प्रतिशत था। बृहस्पतिवार को यह घटकर 25 फीसदी रह गया। माध्यमिक अकार्बनिक एरोसोल- सल्फेट और नाइट्रेट जैसे कण जो बिजली संयंत्रों, रिफाइनरियों और वाहनों जैसे स्रोतों से गैसों और कण प्रदूषकों की परस्पर क्रिया के कारण वायुमंडल में बनते हैं - दिल्ली की गंदी हवा में दूसरा प्रमुख योगदानकर्ता है, जिसके लिए जिम्मेदार है पिछले कुछ दिनों में शहर में 30 से 35 प्रतिशत वायु प्रदूषण हुआ। इससे पहले दिन में राय ने वायु प्रदूषण विरोधी उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन पर विभागों के साथ एक बैठक की और बैठक के बाद राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण से निपटने के लिए एक विशेष कार्य बल के गठन की घोषणा की। राय ने संवाददाताओं से कहा कि एसटीएफ प्रदूषण नियंत्रण उपायों को लागू करने में शामिल सभी विभागों के साथ समन्वय करेगी और रोजाना सरकार को एक रिपोर्ट सौंपेगी। राय ने कहा कि वर्तमान स्थिति ऐसी है कि 2-3 दिनों तक एक्यूआई 'बहुत खराब' श्रेणी में ही रहने वाला है क्योंकि कल की भविष्यवाणी के अनुसार, हवा की गति...कम रहेगी...जब तक हवा की गति नहीं बढ़ जाती एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में रहेगा। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि ग्रैप- 4 के तहत बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल एलएमवी (4 पहिया वाहन) के संचालन पर प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। अब तक 16,689 बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल वाहनों पर जुर्माना लगाया गया है। अगर कोई इसका उल्लंघन करता है तो मोटर वाहन अधिनियम 1988 के तहत 20,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इसके लिए परिवहन विभाग की 84 टीमें और दिल्ली पुलिस की 284 टीमें तैनात की गई हैं। 3 नवंबर से अब तक पीयूसी चेकिंग अभियान के तहत 19,227 वाहनों पर जुर्माना लगाया गया है। बीएस-4 के तहत 6046 ट्रकों (जो आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं से संबंधित नहीं थे) को सीमा से वापस कर दिया गया है, साथ ही दिल्ली के अंदर आने वाले 1316 वाहनों पर जुर्माना लगाया गया है। राय ने कहा कि दिल्ली में अब तक 2573 एकड़ जमीन पर मुफ्त बायो-डीकंपोजर का छिड़काव किया जा चुका है। कृषि विभाग के अधिकारी को शेष बचे खेतों में शीघ्र छिड़काव करने का निर्देश दिया गया है।

## एआई न्यूजरूम...

रूप की स्थापना की है। मंच पत्रकारों के लिए एक कठोर जांच प्रक्रिया को नियोजित करता है और मीडिया आउटलेट्स को विश्वसनीय और प्रामाणिक सामग्री की डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण की कई परतों का उपयोग करता है। सामग्री की पेशकश में टेक्स्ट, ऑडियो, फोटोग्राफ, वीडियो और एनिमेशन सहित मीडिया प्रकारों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है।

# भाजपा का 2.50 लाख नौकरी और 450 रुपए में गैस सिलेंडर का वादा



**जयपुर।** भाजपा ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र (संकल्प पत्र) बृहस्पतिवार को जारी किया, जिसमें युवाओं को पांच साल में 2.50 लाख सरकारी नौकरी देने और गरीब परिवारों की महिलाओं को 450 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर देने का वादा किया गया है। पार्टी ने यह भी कहा है कि वह पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को केंद्र सरकार के साथ मिलकर पूरा करेगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने यहां आपणो अग्रणी राजस्थान संकल्प पत्र-2023 का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर परीक्षा पत्र लीक व अन्य घोटालों की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया जाएगा।

नड्डा ने कहा, हमारी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि ऐसे मामलों में दोषियों को दंड मिले। नड्डा ने कहा, केन्द्र सरकार ने हर क्षेत्र में राजस्थान के विकास किए कार्य किया है लेकिन हम डबल इंजन की सरकार चाहते हैं क्योंकि यहां पर तुष्टिकरण, परीक्षा पत्र लीक, घोटाले और भ्रष्टाचार वाली सरकार है और इसे हटाना आवश्यक है। नड्डा ने कहा, अन्य पार्टियों के लिए घोषणा पत्र महज एक औपचारिकता है, पर भाजपा के लिए यह विकास का खाका है। इसलिए ए संकल्प पत्र मात्र पन्नों पर लिखे शब्द नहीं हैं यह हमारे लिए ऐसे वाक्य हैं जिन्हें पूरा करने के लिए हम कटिबद्ध हैं। इस संकल्प पत्र की मुख्य बातों में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत किसानों के लिए वित्तीय सहायता को बढ़ाकर 12000 रुपए सालाना करना, गेहूं की फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के ऊपर बोनस देकर 2700 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीदने की व्यवस्था करना, लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत गरीब परिवारों की बालिकाओं को कुल दो लाख रुपए की वित्तीय सहायता देना, सभी गरीब परिवारों की महिलाओं को 450 रुपए में एलपीजी सिलेंडर देना, अगले पांच वर्षों में प्रदेश के युवाओं को 2.50 लाख सरकारी नौकरी देना तथा पिछली सरकार के कार्यकाल में हुए सभी भ्रष्टाचार के मामलों पर श्वेत पत्र लाना शामिल है।

घोषणापत्र में केंद्र सरकार के साथ मिलकर पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का वादा किया गया है। राज्य की सत्तारूढ़ कांग्रेस इस परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने की मांग कर रही है। यह परियोजना राज्य के 13 जिलों में सिंचाई और पीने के पानी की समस्याओं के समाधान करेगी। लड़कियों और महिलाओं के लिए कई योजनाओं का वादा करते हुए उन्होंने कहा कि हर जिले में एक महिला थाना और हर पुलिस स्टेशन में महिला डेस्क के साथ ही सभी प्रमुख शहरों में एंटी-रोमियो दस्ता बनाया जाएगा। पुलिस बल में महिलाओं की न्यूनतम 33 प्रतिशत भर्ती सुनिश्चित की जाएगी। पार्टी ने कहा है कि लखपति दीदी योजना के तहत लगभग छह लाख ग्रामीण महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा, 12वीं कक्षा पास करने पर मेधावी लड़कियों को स्कूटी दी जाएगी, सभी गरीब परिवार की छात्राओं के लिए केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। इसके साथ ही तीन महिला पुलिस बटालियन शुरू करना, पीएम मातृ वंदना योजना के तहत वित्तीय सहायता 5000 रुपए से बढ़ाकर 8000 रुपए करने, गरीब परिवारों के छात्रों को स्कूल बैग, किताबें और वर्दी खरीदने के लिए 1200 रुपए की वार्षिक सहायता देना, हर संभाग में राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज स्थापित करना शामिल है।

इसमें स्वास्थ्य क्षेत्र में पार्टी ने भामाशाह हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के जरिए 40,000 करोड़ रुपए का निवेश करने, 15000 डॉक्टरों और 20000 पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति समेत कई वादे किए हैं। इसमें घरेलू क्षेत्र में चौबीसों घंटे बिजली आपूर्ति, जयपुर मेट्रो का विस्तार, पारदर्शी तबादला नीति, वृद्धावस्था पेंशन और विकलांगों की पेंशन बढ़ाकर 1500 रुपए प्रतिमाह करने की घोषणा की है। 40000 करोड़ रुपए के निवेश के साथ भामाशाह हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन शुरू करना व 15000 डॉक्टर व 20000 पैरा मेडिकल स्टाफ की नियुक्तियां की जाएंगी। इसमें कहा गया है, कांग्रेस सरकार के राज में नीलाम हुई किसानों की जमीनों का उचित मुआवजा देने के लिए मुआवजा नीति लाएंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आंगे किसानों की जमीन नीलाम न हो। पेपर लीक मामलों की त्वरित जांच व दोषियों के खिलाफ सख्त कार्वाई करने के लिए विशेष जांच टीम एसआईटी गठित करेंगे। सभी परीक्षाएं कराने के लिए प्रदेश परीक्षा एजेंसी (एसटीए) बनाई जाएगी। इसमें पार्टी ने कहा है, पिछली सरकार के राज में हुए सभी भ्रष्टाचार के मामलों पर श्वेत पत्र लाया जाएगा। खनन घोटालों, आईटी घोटालों तथा मिड डे मील व पीएम आवास योजना में हुए भ्रष्टाचार की जांच के लिए कार्यबल बनाया जाएगा।

# राष्ट्रपति ने कैग, अन्य संस्थाओं से 2047 तक विकसित भारत बनाने में योगदान देने के लिए कहा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत के लोग देश को 2047 तक विकसित बनाने की दिशा में तेजी से बढ़ना चाहते हैं और नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) एवं अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों को इस लक्ष्य की प्राप्ति में योगदान देना चाहिए। कैग द्वारा आयोजित तृतीय ऑडिट दिवस समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने विभिन्न कदम उठाने के लिए नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की तारीफ भी की। इनमें डाटा प्रबंधन और विश्लेषण केंद्र की स्थापना शामिल है जिसमें डिजिटल प्रौद्योगिकी और अन्य आधुनिक तरीके अपनाए जा रहे हैं। मुर्मू ने कहा, आज, हमारे देशवासी 2047 तक विकसित भारत बनाने की दिशा में तेजी से बढ़ना चाहते हैं। कैग समेत देश के सभी महत्वपूर्ण संस्थानों और समुदायों को इस लक्ष्य को पाने के लिए योगदान देना होगा।

देश में 16 नवंबर, 1860 को प्रथम महालेखा परीक्षक की नियुक्ति और कैग के गठन के महत्व को रेखांकित करते हुए 2021 से हर साल आज के दिन ऑडिट दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रपति ने कहा कि कैग की पूरी टीम से एक नियंत्रक और एक परीक्षक के रूप में योगदान की अपेक्षा की जाती है। कैग की टीम भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। राष्ट्रपति ने कहा कि आज की वैश्विक प्रतिस्पर्धा वाली बाजार प्रणाली का प्रभाव सभी संस्थानों और उद्यमों के लिए प्रासंगिक है। देश के सभी उद्यमों और गतिविधियों में नैतिकता के आधार पर प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता लगातार बढ़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि वित्तीय औचित्य और वैधता सुनिश्चित करते हुए त्वरित वृद्धि और विकास के राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में बाधाओं को दूर करना कैग सहित सुशासन के लिए जिम्मेदार प्रत्एक संस्थान और व्यक्ति के प्रभावी योगदान की कसौटी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लेखा परीक्षकों को सुशासन के सूत्रधार के रूप में माना जाना चाहिए।



नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में लद्दाख में राष्ट्रीय एकता यात्रा में छात्रा को सम्मानित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

# फर्जी खबरों के प्रसार पर उपराष्ट्रपति ने कहा शक्तियों के प्रयोग करने का समय

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने जानबूझकर फर्जी खबरें प्रसारित करने वालों के खिलाफ भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआई) द्वारा त्वरित कार्वाई की वकालत करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि यह शक्तियों के प्रयोग करने का समय है। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वसनीयता सबसे बड़ी चुनौती है जिसका आज मीडिया जगत सामना कर रहा है। धनखड़ ने यहां राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह मीडिया का नैतिक कर्तव्य है कि वह सच बताए और सच के अलावा कुछ नहीं।

समारोह में सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर, सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन और पीसीआई की अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रंजना प्रकाश देसाई भी उपस्थित थीं। फर्जी और मनगढ़ंत खबरों पर चिंता जताते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि इससे मीडिया में जनता का विश्वास कम हुआ है। उन्होंने कहा कि जानबूझकर फर्जी खबरें फैला रहे और पेशेवर नैतिकताओं से समझौता कर रहे लोगों के खिलाफ पीसीआई को त्वरित कार्वाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह समय शक्तियों के प्रयोग करने का है। उन्होंने कहा कि यह कार्वाई मजबूती से करने की आवश्यता है क्योंकि उच्च नैतिकता से काम करने वाले लोगों को इस तरह से काम नहीं करने वाले लोगों के खिलाफ मिसाल बनने वाली कार्वाई करके प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, वास्तव में, यह मीडिया से जुड़े हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। चाहे वह पत्रकार हों या समाचार पत्रों के मालिक या संचार के अन्य रूप...सत्यप्रिय रहें।

धनखड़ ने कहा कि विश्वसनीय और भरोसेमंद होना मीडिया के स्वयं के हित में है। उन्होंने महसूस किया कि अब समय आ गया है कि मीडिया यह समझे कि उनके दर्शक उनसे दूर जा रहे हैं। उन्होंने इसे कठोर वास्तविकता, दीवार पर लिखी इबारत करार दिया।

उपराष्ट्रपति ने कहा, यह बात संबंधित पक्षों के लिए स्पष्ट होनी चाहिए कि फर्जी खबरें, जानबूझकर उल्लेखित की गई गलत और शरारतपूर्ण सूचनाएं, राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं और प्राथमिकताएं, सत्ता के दलाल की भूमिका निभाने की प्रवृत्ति और मौद्रिक विचारों ने मीडिया में लोगों के विश्वास को कम कर दिया है। उन्होंने कहा कि फेक न्यूज शब्द को कभी इतने जोरशोर से नहीं सुना गया है। उन्होंने कहा कि पहले यह हमारे कानों में कभी नहीं गूंजता था जबकि इन दिनों यह तेजी से कानों में गूंज रहा है। उन्होंने कहा, विश्वसनीयता सबसे बड़ी चुनौती है जिसका आज मीडिया सामना कर रहा है। मैंने इसे मीडिया के अस्तित्व की चुनौती के रूप में रखता हूं।

# पांच वर्षों में तीन हजार नई ट्रेनें शुरू करेगा रेलवे : अश्विनी वैष्णव



**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि रेलवे की मौजूदा यात्री क्षमता को 800 करोड़ से बढ़ाकर एक हजार करोड़ करने के लिए वह अगले चार-पांच वर्षों में तीन हजार नई ट्रेनें शुरू करने की योजना पर काम कर रहे हैं। वैष्णव ने यह भी कहा कि यात्रा का समय कम करना उनके मंत्रालय का एक और महत्वपूर्ण लक्ष्य है। वैष्णव ने यहां रेल भवन में संवाददाताओं से कहा, वर्तमान में लगभग 800 करोड़ यात्री सालाना रेलवे का सफर कर रहे हैं। हमें चार से पांच साल में इस क्षमता को बढ़ाकर एक हजार करोड़ करना होगा क्योंकि जनसंख्या बढ़ रही है। इसके लिए हमें तीन हजार अतिरिक्त ट्रेनों की जरूरत है, जो यात्रियों की इस बढ़ी हुई संख्या को सहूलियत देने में मदद करेंगी।

फिलहाल 69 हजार नए कोच उपलब्ध हैं और हर साल रेलवे करीब पांच हजार नए कोच बना रहा है। सूत्रों ने कहा कि इन सभी प्रयासों से रेलवे हर साल 200 से 250 नई ट्रेनें ला सकता है, जो 400 से 450 वंदे भारत ट्रेनों से अलग हैं। ए ट्रेनें आने वाले वर्षों में रेलवे से जुड़ने जा रही हैं। वैष्णव ने कहा कि यात्रा का समय कम करना रेलवे के लिए एक और लक्ष्य है, जिसके लिए मंत्रालय ट्रेनों की गति में सुधार और रेल नेटवर्क का विस्तार करने पर काम कर रहा है।

लंबे रूट की ट्रेनों की गति बढ़ाने और धीमी करने में लगने वाले समय को कम करना बहुत जरूरी है क्योंकि निर्धारित स्टेशनों पर रुकने के अलावा ट्रेनों को मार्ग के कई मोड़ों पर गति कम करनी पड़ती है। वैष्णव ने कहा कि रेलवे की क्षमता को और बढ़ाने के लिए हर साल लगभग पांच हजार किलोमीटर ट्रैक बिछाए जा रहे हैं।

## बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया गया तो आंदोलन करेंगेः नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि अगर केंद्र ने राज्य को ‘जल्द से जल्द’ विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया तो वह राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करेंगे। राज्य के लिए कई वर्षों से विशेष दर्जे की मांग कर रहे जनता दल (यू) के नेता ने कहा कि राज्य को आगे बढ़ने के लिए इसकी जरूरत है। उन्होंने कहा, अगर केंद्र जल्द से जल्द बिहार को विशेष दर्जा नहीं देता है, तो हम राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करेंगे...आंदोलन के दौरान राज्य के हर कोने से विशेष दर्जे की मांग की जाएगी। पटना में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीतीश ने कहा, ‘जो लोग मांग का समर्थन नहीं करते, उन्हें राज्य के विकास में कोई दिलचस्पी नहीं है। बिहार विधानमंडल ने जाति सर्वेक्षण के आधार पर सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में वंचित जातियों के लिए आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने का प्रावधान करने वाले विधेयकों को हाल में मंजूरी दी है।

# भारत अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में निर्बाध वैध व्यापार की स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध : राजनाथ



**नई दिल्ली (भाषा)।** दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत की पृष्ठभूमि में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत वैश्विक मानदंडों के अनुरूप अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में नौवहन, वायु क्षेत्र में विमानों की आवाजाही और निर्बाध वैध व्यापार की स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध है। जकार्ता में, 10 सदस्य देशों वाले आसियान और उसके कुछ संवाद साझेदारों की बैठक को संबोधित करते हुए सिंह ने दुनिया में स्थाई शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए बातचीत और कूटनीति के महत्व को भी रेखांकित किया और संघर्षों के परिणामों पर चिंता व्यक्त की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुनिया भर में भारत के इस संदेश की तसदीक की कि यह युद्ध का युग नहीं है और उन्होंने एक दूसरे के प्रति विरोध की मानसिकता को छोड़ने की अनिवार्यता के बारे में भी चर्चा की।

सिंह ने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (यूएनसीएलओएस) 1982 सहित अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में नौवहन, हवाई उड़ान और निर्बाध वैध व्यापार की स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध है। सिंह ने क्षेत्र में शांति, समृद्धि और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आसियान (दक्षिणपूर्व एशियाई देशों के संघ) और उसके सहयोगी देशों के साथ काम करने के भारत के संकल्प को दोहराया और शांति पर उन्होंने महात्मा गांधी के प्रसिद्ध उद्धरणः शांति का कोई रास्ता नहीं है, केवल शांति ही एक रास्ता है का हवाला दिया। हाइड्रोकार्बन के विशाल स्रोत पूरे दक्षिण चीन सागर पर संप्रभुता के चीन के दावों से वैश्विक चिंताएं बढ़ रही हैं। दक्षिण चीन सागर पर वियतनाम, फिलीपीन और ब्रुनेई सहित क्षेत्र के कई देशों के भी दावे हैं। आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक प्लस (एडीएमएम-प्लस) की बैठक में अपने भाषण में रक्षा मंत्री ने आतंकवाद को अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा बताया और इससे निपटने के लिए ठोस कदम उठाने का आह्वान किया। एडीएमएम-प्लस एक मंच है जिसमें 10 सदस्य देश और इसके आठ संवाद भागीदार - भारत, चीन, ऑस्ट्रेलिया, जापान, न्यूजीलैंड, कोरिया गणराज्य, रूस और अमेरिका शामिल हैं।

## दुनिया का सबसे बड़ा नियोजित शहरीकरण कार्यक्रम चला रहा भारतः हरदीप सिंह पुरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा नियोजित शहरीकरण कार्यक्रम चला रहा है और वर्ष 2014 के बाद शहरी विकास पर 10 गुना निवेश हुआ है। पुरी ने सिटीज-2.0 अभियान की शुरुआत के मौके पर कहा कि वर्ष 2014 से पहले के 10 साल की तुलना में पिछले साढ़े नौ वर्षों में शहरी विकास पर निवेश दस गुना से अधिक होकर 18 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है। जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए भारत की प्रतिबद्धताओं को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। देश अब दुनिया का सबसे बड़ा नियोजित शहरीकरण कार्यक्रम चला रहा है। पुरी ने देश में शहरी क्षेत्रों की वृद्धि और विकास की दिशा में सरकार के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। स्मार्ट सिटीज मिशन, स्वच्छ भारत मिशन और अमृत मिशन सहित विभिन्न अभियानों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने के लिए विभिन्न उपाय किए गए हैं।

# प्रधान न्यायाधीश ने अधिवक्ता गौरी की नियुक्ति संबंधी कॉलेजियम के फैसले का बचाव किया

**नई दिल्ली।** मद्रास उच्च न्यायालय की न्यायाधीश के रूप में अधिवक्ता लक्ष्मण चंद्रा विक्टोरिया गौरी की नियुक्ति संबंधी कॉलेजियम के फैसले का बचाव करते हुए, प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने कहा है कि किसी को केवल पूर्व में दिए गए उनके विचारों के आधार पर नहीं आंका जाना चाहिए। मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ के समक्ष केंद्र का प्रतिनिधित्व करने वाली वकील को पदोन्नत करने का प्रस्ताव उनके भाजपा से जुड़े होने के आरोपों के बाद विवादों में घिर गया है।

उच्च न्यायालय के कुछ बार सदस्यों ने प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखकर गौरी को अदालत की अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश को वापस लेने का अनुरोध किया था और आरोप लगाया था कि उन्होंने ईसाइयों और मुसलमानों के खिलाफ घृणास्पद टिप्पणियां की थी। प्रधान न्यायाधीश ने कानूनी पेशे पर हार्वर्ड लॉ स्कूल सेंटर में कहा कि उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने न्यायाधीश के कथित भाषण की प्रकृति पर बहुत ध्यान से गौर किया और केंद्र सहित सभी हितधारकों के साथ जानकारी को साझा किया गया।

हमने इसे बहुत ध्यान से देखा। न्यायाधीश द्वारा कथित तौर पर दिए गए भाषण की प्रकृति पर बहुत ध्यान से गौर किया गया। जिन प्रक्रियाओं का हम पालन करते हैं उनमें से एक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से रिपोर्ट मांगना है और हम जानकारी मांगते हैं और जानकारी को सरकार के साथ साझा करते हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया एक काफी जटिल प्रक्रिया है जिसमें संघीय प्रणाली की विभिन्न इकाइयां - राज्य और खुफिया ब्यूरो जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियां शामिल होती हैं। यह एक व्यापक आधार वाली सहयोगात्मक प्रक्रिया है जिसमें किसी एक पक्ष की निर्णायक भूमिका नहीं होती है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि जो वकील विभिन्न राजनीतिक दृष्टिकोणों का प्रतिनिधित्व करते हैं, वे अद्भुत न्यायाधीश बनते हैं। उन्होंने कहा, हमारे सबसे महान न्यायाधीशों में से एक, न्यायमूर्ति कृष्णा अय्यर, जिन्होंने कुछ बेहतरीन फैसले दिए, उनकी पृष्ठभूमि राजनीतिक थी। मेरा अपना अनुभव यह रहा है कि विभिन्न राजनीतिक विचारों वाले विभिन्न वर्गों की तरफ से पेश होने वाले न्यायाधीश अद्भुत न्यायाधीश साबित हुए हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, मेरा मानना है कि न्याय करने के हमारे पेशे में कुछ ऐसा है जो एक बार न्यायिक पद ग्रहण करने के बाद आपको निष्पक्ष बना देता है। उच्चतम न्यायालय ने अधिवक्ता लक्ष्मण चंद्र विक्टोरिया गौरी को मद्रास उच्च न्यायालय की अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने से रोकने के अनुरोध संबंधी एक याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था।

# पंजाब के सीएम ने गुरबाणी का उल्लेख करते हुए किसानों से पराली न जलाने का आग्रह किया

**लुधियाना।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बृहस्पतिवार को पवित्र गुरबाणी के श्लोकों का उल्लेख करते हुए किसानों से पराली नहीं जलाने का आग्रह किया क्योंकि इसके कारण हवा में प्रदूषण बढ़ रहा है। पंजाब में इन दिनों किसानों द्वारा पराली जलाने के काफी अधिक मामले सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पराली जलाने और पटाखे फोड़ने की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा, हम अपनी ऑक्सीजन जला रहे हैं। धुआं सबसे पहले हमारे बच्चों के फेफड़ों में जाता है इसके बाद यह कहीं ओर जाता है। मान की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब पंजाब में 15 सितंबर से बीते दो महीने में पराली जलाने की घटनाएं 30,000 का आंकड़ा पार कर गईं हैं।

अक्टूबर और नवंबर में राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के स्तर में खतरनाक वृद्धि के पीछे पंजाब और हरियाणा में धान की पराली जलाने की घटनाओं को एक प्रमुख कारण माना जाता है। मान ने गुरबाणी से पवन गुरु पानी पिता, माता धरत महत श्लोक को उद्धृत किया और बताया कि कैसे महान सिख गुरुओं ने वायु (पवन) को शिक्षक, जल (पानी) को पिता और भूमि (धरत) को माता के समान माना है। उन्होंने किसानों से फसल अवशेष न जलाने का संकल्प ले गुरबाणी की शिक्षाओं को आत्मसात करने का आह्वान किया। पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए ठोस प्रयास किए जाने चाहिए, प्रत्एक व्यक्ति को आगे आना चाहिए। मान ने शहीद करतार सिंह सराभा के शहादत दिवस के अवसर पर कहा कि राज्य सरकार लुधियाना के हलवारा में बनने वाले अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम स्वतंत्रता सेनानी करतार सिंह सराभा के नाम पर रखेगी।

## विजयशांति ने छोड़ी भाजपा, कांग्रेस में शामिल होने की संभावना

**हैदराबाद।** तेलंगाना विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व सांसद एवं दिग्गज अभिनेत्री विजयशांति ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। विजयशांति के 17 नवंबर को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मौजूदगी में पार्टी में शामिल होने की संभावना है। वह हाल के दिनों में भाजपा के कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से हिस्सा नहीं ले रही थीं। अभिनेत्री से नेता बनीं विजयशांति ने 2009 में अपना राजनीतिक करियर शुरू किया और बीआरएस (तब टीआरएस) के टिकट पर मेडक लोकसभा सीट से चुनी गईं थीं। बाद में, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के साथ मतभेदों के कारण, वह कांग्रेस में शामिल हो गईं थीं और उसी निर्वाचन क्षेत्र से उन्होंने फिर से चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। विजयशांति 2020 में भाजपा में शामिल हो गईं थीं।

# वीडियो वायरल होने के बाद सिद्धरमैया के बेटे विवाद में फंसे, विपक्ष ने बोला हमला

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के बेटे यतींद्र सिद्धरमैया बृहस्पतिवार को उस समय विवादों में घिर गए, जब उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें वह फोन पर कुछ निर्देश जारी करते नजर आ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री और जनता दल (सेक्युलर) के नेता एच.डी. कुमारस्वामी ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री सिद्धरमैया पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि यह बातचीत (सरकारी कर्मचारियों के) स्थानांतरण कारोबार से संबंधित थी। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार और सत्तारूढ़ पार्टी के अन्य नेताओं ने कहा कि फोन पर हुई यह बातचीत कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कोष का उपयोग करके चार से पांच स्कूलों के विकास के संबंध में थी।

कुमारस्वामी पर पलटवार करते हुए सिद्धरमैया ने दावा किया, दुर्भाग्य से, अपने कार्यकाल के दौरान बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में शामिल रहे पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी सोचते हैं कि सभी उनके जैसे हैं। उनका निराशावादी रवैया उन्हें भ्रष्टाचार से आगे सोचने की इजाजत नहीं देता। राजनीति में उनकी असुरक्षा अक्सर उन्हें अपने राजनीतिक विरोधियों की नकारात्मक छवि पेश करने के लिए झूठी कहानियां गढ़ने के लिए मजबूर करती है। उन्होंने कहा, वरुणा निर्वाचन क्षेत्र में स्कूलों के विकास के बारे में मेरे और मेरे बेटे के बीच हाल में फोन पर हुई बातचीत के संबंध में भी ऐसा ही हुआ है।

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि यतींद्र विकास के लिए स्कूलों की सूची पर चर्चा कर रहे थे, लेकिन कुमारस्वामी ने जनता के सामने फोन पर हुई इस बातचीत को तोड़-मरोड़कर पेश किया और तबादलों में भ्रष्टाचार का झूठा आरोप लगा दिया। सिद्धरमैया ने कहा कि अगर कोई एक भी ऐसा उदाहरण सबूत के साथ पेश कर दे कि उन्होंने अधिकारियों का तबादला करके पैसा कमाया है, तो वह राजनीति से संन्यास ले लेंगे। वीडियो में पूर्व कांग्रेस विधायक यतींद्र को अपने पिता से किन्हीं विवेकानंद के बारे में बात करते सुना जा सकता है और वह किसी तरह के लेन-देन का जिक्र कर रहे हैं।



सिद्धरमैया

कुमारस्वामी के मुताबिक, यतींद्र ने मुख्यमंत्री के विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) नियुक्त किए गए आर. महादेव से बात की। पूरे प्रकरण की जांच की मांग करते हुए, जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष ने जानना चाहा कि यतींद्र किस सूची के बारे में बात कर रहे थे और बातचीत में जिन विवेकानंद का जिक्र हुआ, वह कौन हैं। कुमारस्वामी ने सिद्धरमैया से सवाल किया, आपने उन्हें (यतींद्र को) क्यों कॉल किया और वह कौन सी सूची है? उनकी (मुख्यमंत्री) क्या भूमिका है? क्या उनका काम अपने बेटे को फोन करना और उनसे पूछना है कि उन्हें (मुख्यमंत्री) क्या करना है? भाजपा ने भी मुख्यमंत्री और उनके बेटे यतींद्र पर हमला बोला।

भाजपा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, यह मुख्यमंत्री (यतींद्र) असली मुख्यमंत्री से अधिक शक्तिशाली हैं। पूर्व विधायक यतींद्र ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को आदेश दिया कि उन्हें केवल वही करना चाहिए जो मैंने उन्हें दिया है और उससे अधिक नहीं।

भाजपा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया केवल नाममात्र के लिए पद पर हैं और सारी शक्ति उनके बेटे यतींद्र के पास है। विपक्षी दल ने टिप्पणी की, राज्य में मुख्यमंत्री का पद खाली है। सिद्धरमैया ने पत्रकारों से बात करते हुए स्पष्ट किया कि फोन पर हुई बातचीत सीएसआर कोष से बनाए जा रहे स्कूल भवनों से संबंधित थी। उन्होंने दावा किया कि समाज कल्याण मंत्री एच.सी. महादेवप्पा ने सूची दी थी।

वीडियो के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर ऐसा एक भी उदाहरण साबित कर दिया जाए कि उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में तबादलों के जरिए पैसा कमाया है तो वह राजनीति से संन्यास ले लेंगे। कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के प्रमुख शिवकुमार ने भी कहा कि बातचीत सीएसआर कोष के जरिए स्कूल विकास से संबंधित थी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक विकास कार्यक्रम के सदस्य और आश्रय समिति के अध्यक्ष होने के नाते यतींद्र अपने द्वारा चुने गए स्कूलों में बेंच और अन्य फर्नीचर उपलब्ध कराने के लिए सीएसआर कोष के उपयोग के बारे में बात कर रहे थे।

